राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 297
लखनऊ, सोमवार 29 जून, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





भीषण गर्मी में बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान 10

2027 में 2017 से भी बड़ा बहुमत मिलेगा : पंकज चौधरी 03


# अयोध्या की पहचान पूरी दुनिया में : योगी

**हाथरस, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर कड़ा प्रहार किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या को धार्मिक नगरी बनाने की बात करने वालों को पहले अपना इतिहास देखना चाहिए। जिस समाजवादी पार्टी की सरकार ने रामभक्तों पर गोलियां चलवाईं, राम जन्मभूमि आंदोलन का विरोध किया, कृष्ण जन्माष्टमी के आयोजनों पर रोक लगाई और कांवड़ यात्रा तक प्रतिबंधित कर दी, वह आज अयोध्या को धार्मिक नगरी बनाने की बात कर रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को हाथरस में हाथरस, सिकंदराराऊ व सादाबाद तीन विधानसभा क्षेत्रों में 548 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 143 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। वहीं लाभार्थियों को आवास की चाभी, स्मार्ट फोन, युवा उद्यमी योजना के तहत चेक वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियों का निरीक्षण किया। इस दौरान स्टॉल के पास एक नन्ही बच्ची को चम्मच से दूध पिलाया, गोद में लेकर दुलार किया।




**सीएम ने हाथरस, सिकंदराराऊ व सादाबाद विधानसभा क्षेत्र में 548 करोड़ रुपये की लागत से 143 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास**

मुख्यमंत्री योगी ने कहा अखिलेश यादव का बयान पढ़कर आश्चर्य हुआ, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी सरकार बनने पर अयोध्या को धार्मिक नगरी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा, अरे, आप क्या धार्मिक नगरी बनाएंगे। पहले अपना इतिहास देखिए। आपकी ही समाजवादी पार्टी की सरकार ने रामभक्तों पर गोलियां चलाई थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज अयोध्या त्रेता युग की स्मृतियों को साकार करती दिखाई दे रही है। रामभक्तों के परिश्रम और पुरुषार्थ से अयोध्या विश्वभर के श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी है। ऐसे में अब समाजवादी पार्टी को भी अयोध्या की याद आने लगी है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी की सरकार ने थानों और जेलों में होने वाले श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के कार्यक्रम तक बंद करा दिए थे। कांवड़ यात्रा पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया था। अब हाथरस में 22 से अधिक मंदिरों का सौंदर्यीकरण कराया गया है, लेकिन यह कार्य समाजवादी सरकार में कभी संभव नहीं था। तब यही पैसा कब्रिस्तानों की बाउंड्रीवाल बनाने में खर्च होता था। हमने वही पैसा मंदिरों की ओर डायवर्ट किया है। कब्रिस्तानों की नहीं, मंदिरों की आवश्यकता है क्योंकि मंदिर हमारी आस्था के केंद्र हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उनकी सरकार श्रीकृष्ण जन्मभूमि आने वाले श्रद्धालुओं को सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए युद्धस्तर पर कार्य कर रही है। लेकिन समाजवादी पार्टी में इतनी हिम्मत नहीं है क्योंकि उसका पूरा एजेंडा केवल तुष्टिकरण की राजनीति तक सीमित है। अखिलेश जी, आपमें हिम्मत नहीं है। आप तो मुल्ला-मौलवियों के सामने घुटने टेकने के अलावा कोई ऐसा एजेंडा नहीं रखते जो प्रदेश के विकास, अयोध्या, मथुरा और काशी के उत्थान तथा उनकी पौराणिक पहचान को मजबूत करने का हो। जनता की आंखों में धूल झोंकना बंद करिए। खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे वाली कहावत को चरितार्थ मत करिए। अयोध्या की पहचान पूरी दुनिया में है और उसे किसी राजनीतिक दल के प्रमाणपत्र की आवश्यकता नहीं है।

### रामलला के दर्शन कर लो, शायद सद्बुद्धि आ जाए

मुख्यमंत्री ने अखिलेश यादव को सलाह देते हुए कहा कि वे अयोध्या की चिंता छोड़ दें क्योंकि अयोध्या अपनी पहचान के लिए किसी की मोहताज नहीं है। अखिलेश जी, अयोध्या को रामभक्तों ने सजाया और संवारा है। आप उसकी चिंता मत करिए। पश्चाताप कर एक बार रामलला के दर्शन कर लीजिए, शायद सद्बुद्धि आ जाए। सपा वास्तव में धार्मिक आस्था का सम्मान करना चाहती है तो उसे खुलकर मथुरा-वृंदावन और श्रीकृष्ण जन्मभूमि के पक्ष में बोलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन चला था, उसी प्रकार श्रीकृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति के लिए भी अभियान चलाने की बात समाजवादी पार्टी को खुलकर करनी चाहिए।


**मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों,**

*जुलाई नवीन माह का आरंभ ही नहीं, अपितु लाखों बच्चों के सपनों को विद्यालय तक पहुंचाने के नए संकल्प का समय है। **उत्तर प्रदेश में 01 जुलाई से 'स्कूल चलो अभियान' का दूसरा चरण शुरू हो रहा है।** 15 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य कक्षा 1 से 12वीं तक शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना, ड्रॉपआउट बच्चों को पुनः विद्यालय से जोड़ना तथा नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश अभियान को गति देना है।*

***जीवन की सबसे अनमोल संपत्ति की जब भी चर्चा होती है, तो मानस पटल पर केवल विद्या का नाम आता है। ज्ञान के पंख ही बच्चों को आकाश की ऊंचाइयों तक पहुंचाते हैं।** विद्यालय वह पवित्र स्थान है, जहां से छात्र-छात्राओं के ज्ञान, संस्कार और जीवन-धर्म के साथ ही चरित्र एवं व्यक्तित्व निर्माण की यात्रा आरंभ होती है। **यही सनातन परंपरा भी है।** प्राचीन गुरुकुलों में विद्यार्थी गुरु के सान्निध्य में रहकर वेद, उपनिषद, शास्त्र, विज्ञान, शिल्प, धनुर्वेद, कृषि, नीति और जीवन-मूल्यों के सांचे में ढलते थे। आज के विद्यालय उसी गुरुकुल परंपरा के आधुनिक स्वरूप हैं, जहां पुस्तकीय और प्रायोगिक ज्ञान के साथ-साथ अनुशासन और राष्ट्रनिर्माण की भावना का विकास होता है।*

***जब कोई बच्चा पहली बार विद्यालय की चौखट पार करता है, तब उसके साथ पूरा परिवार, गांव और समाज आगे बढ़ता है।** प्रत्येक बेटी एवं बेटे की शिक्षा और भविष्य तथा हर परिवार की प्रगति का सर्वाधिक सशक्त आधार विद्यालय ही हैं। हमारी सरकार ने इसी मंशा से **'प्रोजेक्ट अलंकार'** शुरू किया था, जिसके अंतर्गत प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है तथा आधारभूत संरचना के उन्नयन के साथ ही गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित किया गया है। **शिक्षा का प्रकाश पूरे प्रदेश को आलोकित करे, इसलिए हमारी सरकार 'ऑपरेशन कायाकल्प', 'मिशन प्रेरणा', 'कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय योजना' एवं 'मिशन निपुण' जैसे अभियान चला रही है,** ताकि हर स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता बढ़े। स्वस्थ मस्तिष्क के लिए स्वस्थ शरीर की आवश्यकता होती है। इसलिए स्कूलों में विविधतापूर्ण गर्म पका-पकाया रुचिकर भोजन की व्यवस्था की गई है।*

***प्रिय गुरुजनों, कुछ बातें मैं आपसे भी करना चाहता हूं। आप सुनिश्चित करें कि बच्चे स्कूल को दैनिक रूटीन का हिस्सा मात्र न समझें, बल्कि विद्यालय जाने में रुचि दिखाएं।** खेल-कूद आदि गतिविधियां इसके लिए बेहतर माध्यम हो सकती हैं।*

*अभिभावक अपने बच्चों का मूल्यांकन उनके नंबरों से नहीं, बल्कि उनके हौसले और लगन से करें। स्कूलों में उनकी नियमित उपस्थिति आपको ही सुनिश्चित करनी होगी। 3 से 6 वर्ष के बच्चों को **'बाल वाटिका'** भेज सकते हैं।*

***प्रदेशवासियों, 'स्कूल चलो अभियान' को केवल सरकारी कार्यक्रम न रहने दें। इसे जनांदोलन बनाएं। यदि हमारे आसपास कोई ऐसा बच्चा हो, जो अभी तक विद्यालय नहीं पहुंच पाया, उसे स्कूल तक पहुंचाना भी हमारा कर्तव्य है।** उत्तर प्रदेश का भविष्य तभी उज्ज्वल होगा, जब प्रत्येक बच्चा शिक्षा से अभिसिंचित होगा। **विद्या सर्वत्र पूज्यते।***

आपका
योगी आदित्यनाथ



सा विद्या या विमुक्तये

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP


### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,44,100/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,32,100/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,08,110/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,40,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### टीम स्पाइडर्स ने फतह किया हिमाचल प्रदेश का हम्पटा पास



**पश्चिम बर्दवान।** साहस, अनुशासन और टीमवर्क का शानदार प्रदर्शन करते हुए हीरापुर स्थित एडवेंचर क्लब 'टीम स्पाइडर्स' ने हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध हम्पटा पास ट्रैक को सफलतापूर्वक पूरा कर एक नई उपलब्धि अपने नाम दर्ज की है। 23 से 28 जून तक चले इस पांच दिवसीय अभियान के दौरान टीम ने समुद्र तल से लगभग 4270 मीटर (14 हजार 10 फीट) की ऊंचाई तक पहुंचकर समिट फतह किया। हम्पटा पास तक पहुंचने का सफर आसान नहीं था। कठिन मौसम, ऊंचाई, बर्फीले रास्तों और चुनौतीपूर्ण ट्रैकिंग परिस्थितियों के बीच टीम के सदस्यों ने धैर्य और मजबूत इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए लक्ष्य हासिल किया। समिट के दौरान टीम के सदस्य अपने अभियान के बैनर और तिरंगे के साथ नजर आए और इस ऐतिहासिक उपलब्धि का उत्साहपूर्वक जश्न मनाया।

### बिहार के दरभंगा जिले में मोहर्रम के बाद बवाल, हिंदुओं के घरों पर हमला



**दरभंगा।** बिहार में दरभंगा जिले के कमतौल थाना क्षेत्र के बरिऔल चौक पर रविवार रात मोहर्रम के अवसर पर ताजिया विसर्जन एवं पहलाम के बाद उपद्रव और मारपीट की घटना से इलाके में तनाव फैल गया। उपद्रवियों ने कई घरों, दुकानों और मंदिर परिसर में हमला कर तोड़फोड़ की। घटना में कम से कम छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोप है इस दौरान हिंदुओं के घरों को निशाना बनाया गया। तनाव को देखते हुए गांव में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, देररात कुछ लोगों ने बरिऔल चौक और आसपास के क्षेत्रों में उत्पात मचाया। उपद्रवियों ने कई घरों और दुकानों में तोड़फोड़ की। मंदिर की चाहरदीवारी क्षतिग्रस्त कर दी। दुकानों के शीशे तोड़ दिए तथा इलाके में लगे सीसीटीवी को भी नुकसान पहुंचाया। कई मकानों की एस्बेस्टस की चादरें भी क्षतिग्रस्त कर दी।

## यूपीआई व स्वास्थ्य सहयोग पर भारत-सेशेल्स के बीच अहम समझौते

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेशेल्स दौरे के दौरान कहा कि हिंद महासागर भारत और सेशेल्स के रिश्तों की मजबूत नींव है। इसकी सुरक्षा, स्थिरता और समृद्धि दोनों देशों की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि भारत ऐसे हिंद महासागर की परिकल्पना करता है, जहां समुद्री सुरक्षा के साथ आर्थिक विकास भी सुनिश्चित हो और सभी देशों के बीच समान सम्मान व विश्वास के आधार पर साझेदारी आगे बढ़े।

सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनकी यह यात्रा ऐसे ऐतिहासिक समय पर हो रही है, जब सेशेल्स अपनी स्वतंत्रता के 50 वर्ष और भारत-सेशेल्स राजनयिक संबंधों की स्वर्ण जयंती मना रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले पांच दशकों में दोनों देशों ने दोस्ती को विश्वास, विश्वास को सहयोग और सहयोग को जनकल्याण में बदला है। हिंद महासागर ने सदियों से दोनों देशों के बीच व्यापार, संस्कृति और मानवीय संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत का महासागर विजन हिंद महासागर को अवसरों का महासागर बनाने पर आधारित है। उन्होंने कहा कि भारत ऐसी क्षेत्रीय व्यवस्था चाहता है जहां समुद्री सुरक्षा के साथ आर्थिक समृद्धि भी बढ़े, साझेदारी किसी देश के आकार से नहीं बल्कि आपसी सम्मान और विश्वास से तय हो और सभी देश साथ मिलकर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा, हिंद महासागर हमारा साझा घर है। इसकी सुरक्षा, सतत विकास और समृद्धि हमारी साझा जिम्मेदारी है। भारत और सेशेल्स के बीच वार्ता के दौरान कई महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें सेशेल्स में यूपीआई लागू करने तथा जन औषधि योजना सहित स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने से जुड़े समझौते प्रमुख रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और सेशेल्स के संबंधों के पिछले 50 वर्ष गहरे विश्वास और साझा विकास के रहे हैं। आने वाले 50 वर्षों में दोनों देश नवाचार, सतत विकास और साझा समृद्धि के नए अध्याय लिखेंगे।

### पीएम मोदी को मिला सेशेल्स का सर्वोच्च सम्मान



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक खास समारोह में रविवार को सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी ने प्रतिष्ठित सम्मान 'गार्जियन ऑफ द ब्लू होराइजन' से सम्मानित किया। यह सम्मान प्रधानमंत्री को उनकी ग्रीन लीडरशिप (पर्यावरण-अनुकूल नेतृत्व), विकासशील देशों के हितों को आगे बढ़ाने की कोशिशों और ब्लू इकोनॉमी (समुद्री अर्थव्यवस्था), जलवायु कार्रवाई, समुद्री संसाधनों के टिकाऊ प्रबंधन और छोटे द्वीपीय विकासशील देशों की विकास संबंधी आकांक्षाओं को बढ़ावा देने की उनकी लंबे समय से चली आ रही प्रतिबद्धता के लिए दिया गया है। यह पहली बार है जब यह खास सम्मान दिया गया है।

### शेख हसीना ने की बांग्लादेश लौटने की घोषणा



**एजेंसी, नई दिल्ली।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा है कि वह इस साल के अंत तक अपने देश लौटने की उम्मीद रखती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी राजनीति किसी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा के लिए नहीं, बल्कि बांग्लादेश में लोकतंत्र, कानून के शासन और लोगों के राजनीतिक अधिकारों की बहाली के लिए है। एक मीडिया इंटरव्यू में शेख हसीना ने कहा कि उनकी संभावित वापसी केवल निजी निर्णय नहीं है, बल्कि बांग्लादेश के भविष्य से जुड़ा सवाल है। उन्होंने कहा कि वह देश के लोगों के अधिकारों और लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए राजनीति करती रही हैं। मैं सत्ता के लिए राजनीति नहीं करती। मेरा उद्देश्य बांग्लादेश के लोगों की भलाई और एक मजबूत, लोकतांत्रिक राष्ट्र के निर्माण में योगदान देना है।

## पाकिस्तान के आरोपों को भारत ने बताया निराधार

**आतंकी ढांचे पर दी कार्रवाई की नसीहत**

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत ने कराची में हुई घटना को लेकर पाकिस्तान की ओर से लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए उन्हें निराधार बताया है। भारत ने कहा कि दूसरों पर उंगली उठाने के बजाय पाकिस्तान को अपने यहां मौजूद आतंकवादी ढांचे के खिलाफ विश्वसनीय कार्रवाई करनी चाहिए।

विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने रविवार को मीडिया के प्रश्नों के उत्तर में कहा कि भारत ने कराची की हालिया घटना को लेकर पाकिस्तान की रिपोर्टें देखी हैं, जिनमें भारत पर बेबुनियाद आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत इन आरोपों को स्पष्ट रूप से खारिज करता है। पाकिस्तान को दूसरों पर आरोप लगाने के बजाय आत्ममंथन करना चाहिए और अपने क्षेत्र में मौजूद आतंकवादी ढांचे के खिलाफ विश्वसनीय कार्रवाई करनी चाहिए।



रणधीर जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तान को आतंकवाद को राज्य नीति के एक साधन के रूप में इस्तेमाल करने की प्रवृत्ति से भी बाहर निकलना चाहिए।

### दुनिया को समग्र दृष्टिकोण देना भारत की जिम्मेदारी : डॉ. मोहन भागवत

**एजेंसी, बेंगलुरु।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत ने कहा है कि आज विश्व जिन चुनौतियों का सामना कर रहा है, उनका समाधान भारत की समग्र एवं समन्वित दृष्टि में निहित है। उन्होंने कहा कि विश्व की विभिन्न विचारधाराएं अपने-अपने अनुभवों पर आधारित हैं और उनका अपना महत्व है, लेकिन वे आंशिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करती हैं। ऐसे में संपूर्ण समाधान के लिए दुनिया को भारत के विचार को सुनना ही होगा। डॉ भागवत रविवार को बेंगलुरु के आर्ट ऑफ लिविंग अंतरराष्ट्रीय केंद्र में भारतीय शिक्षण मंडल (बीएसएम) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का क्रियान्वयन : भारतीय ज्ञान प्रणाली का समावेशन के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

## राम मंदिर केस में आरोपियों के घरों की ली गई तलाशी

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे के गबन के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार सभी आठ आरोपियों के आवासों पर रविवार को एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई मामले की जांच के तहत की गई। सूत्रों के मुताबिक, स्थानीय मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस दलों ने लव कुश मिश्रा, अविनाश शुक्ला और रामाशंकर यादव समेत सभी आरोपियों के आवासों की तलाशी ली।

गौरतलब है कि दो दिन पहले ही अयोध्या की एक अदालत ने सभी आठ आरोपियों को 29 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। सोमवार को अदालत में पेशी के दौरान पुलिस उनकी रिमांड मांग सकती है। गिरफ्तार आरोपी अविनाश शुक्ला, अनुकल्प मिश्रा, लव कुश मिश्रा, मनीष कुमार यादव, करुणेश पांडे, राम शंकर मिश्रा, सुभाष श्रीवास्तव और रामाशंकर उर्फ टिन्नू यादव राम मंदिर में दान के रूप में आई नकदी और कीमती सामान गिनने के काम से जुड़े थे।



**अयोध्या में पुलिस का बड़ा ऑपरेशन**

जांचकर्ताओं ने अब तक 79.85 लाख रुपये बरामद किए हैं। यह मामला भारतीय न्याय संहिता के तहत नौकर द्वारा चोरी, आपराधिक विश्वासघात, चोरी का सामान लेने और आपराधिक साजिश से जुड़ी धाराओं के साथ-साथ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत दर्ज किया गया है। यह प्राथमिकी उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित तीन सदस्यीय एसआईटी की शुरुआती रिपोर्ट की सिफारिश पर दर्ज की गई थी। इस महीने की शुरुआत में गबन के आरोप सामने आने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने 13 जून को एसआईटी का गठन किया था।

### धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग : जंतर-मंतर पर सोनम वांगचुक ने शुरू की भूख अड़ताल



**एजेंसी, नई दिल्ली।** पर्यावरण कार्यकर्ता और शिक्षाविद् सोनम वांगचुक ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर रविवार से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी। यह जानकारी कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दिपके ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए दी। अभिजीत दिपके ने अपनी पोस्ट में कहा कि सोनम वांगचुक विद्यार्थियों को न्याय दिलाने और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। भूख हड़ताल शुरू करने से पहले सोनम वांगचुक राजघाट पहुंचे, जहां उनके साथ सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दिपके और सौरव दास भी मौजूद रहे। इसके बाद जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन की तैयारी की गई।

**हीट वेव के बढ़ते खतरे के बीच बच्चों की सुरक्षा को लेकर योगी सरकार सतर्क, शिक्षकों के लिए विशेष दिग्दर्शिका जारी**

## यूपी सरकार ने विद्यालयों में स्वास्थ्य सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए जारी किए निर्देश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बदलती जलवायु चुनौतियों के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार विद्यालयों में बच्चों के लिए सुरक्षित, स्वस्थ और जलवायु-अनुकूल वातावरण देने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। इसी नीति के अन्तर्गत विद्यालयों को नए सत्र में खोलने के साथ बेसिक शिक्षा विभाग ने हीट-संबंधी बीमारियों के प्रति विद्यार्थियों के संवेदनशीलकरण हेतु शिक्षकों के लिए दिग्दर्शिका-2026 जारी की है।

अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा तथा माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा के निर्देश पर तैयार इस दिग्दर्शिका का उद्देश्य शिक्षकों को हीट वेव से बचाव, हीट एग्जॉशन एवं हीट स्ट्रोक के लक्षणों की पहचान, प्राथमिक उपचार तथा विद्यार्थियों के प्रभावी बचाव के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और व्यावहारिक मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। इसके साथ ही विद्यालयों में क्या करें-क्या न करें संबंधी पोस्टरों के माध्यम से बच्चों, अभिभावकों और विद्यालय समुदाय को भी जागरूक किया जाएगा, ताकि भीषण गर्मी बच्चों की पढ़ाई, स्वास्थ्य और विद्यालयी जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव न डाल सके।

दिग्दर्शिका में स्पष्ट किया गया है कि हीट वेव से विद्यार्थियों की सुरक्षा में शिक्षक सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होंगे। शिक्षक प्रार्थना सभा, कक्षा शिक्षण, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों तथा विद्यालय की दैनिक दिनचर्या के माध्यम से विद्यार्थियों को हीट वेव से बचाव के उपायों से अवगत कराएंगे। उन्हें पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, तेज धूप से बचने, हल्के एवं सूती वस्त्र पहनने, जलयुक्त फलों के सेवन तथा हीट स्ट्रोक के शुरुआती लक्षणों की पहचान के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही बच्चों को यह भी सिखाया जाएगा कि यदि किसी सहपाठी की तबियत बिगड़ती है तो तत्काल शिक्षक को सूचना दें।

गाइडलाइन के अनुसार विद्यालयों का समय शासन के निर्देशों के अनुरूप निर्धारित किया जाएगा। प्रार्थना सभा, खेलकूद, शारीरिक शिक्षा तथा अन्य बाहरी गतिविधियां सुबह 10 बजे से पहले आयोजित की जाएंगी। ऑरेंज अथवा रेड हीट वेव अलर्ट के दौरान सभी कठिन शारीरिक एवं बाहरी गतिविधियां स्थगित रहेंगी। विद्यालयों में स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी तथा विद्यार्थियों को प्रत्येक 20 से 30 मिनट के अंतराल पर पानी पीने के लिए प्रेरित किया जाएगा। प्रत्येक विद्यार्थी को पानी की बोतल साथ लाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके साथ ही कार्यशील पंखे, पर्याप्त वेंटिलेशन, छायादार स्थान, वृक्षारोपण तथा जहां संभव हो कूल रूफ और रिफ्लेक्टिव पेंट जैसी व्यवस्थाओं को भी बढ़ावा दिया जाएगा। दिग्दर्शिका में हल्के रंग के सूती वस्त्र पहनने, टोपी अथवा छाते का उपयोग करने, तरबूज, खरबूजा, खीरा, ककड़ी और अन्य जलयुक्त मौसमी फलों के सेवन को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए हैं। कैफीनयुक्त, कार्बोनेटेड और अत्यधिक मीठे पेयों से बचने तथा मध्याह्न भोजन स्वच्छ एवं छायादार स्थान पर परोसने पर भी जोर दिया गया है।

### हर विद्यालय में बनेगा हीट एक्शन प्लान, होगी व्यापक तैयारी

योगी सरकार ने प्रत्येक विद्यालय में स्कूल हीट एक्शन प्लान तैयार करने के निर्देश दिए हैं। विद्यालयों में स्वास्थ्य नोडल शिक्षक नामित किए जाएंगे, जो हीट वेव से संबंधित गतिविधियों का समन्वय करेंगे। शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों का ओरिएंटेशन कराया जाएगा। विद्यालय परिसर में हीट वेव से बचाव संबंधी संदेश और आपातकालीन संपर्क नंबर प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किए जाएंगे। प्रत्येक विद्यालय में फर्स्ट एड किट, ओआरएस, डिजिटल थर्मामीटर तथा 108 एम्बुलेंस सहित आवश्यक चिकित्सा संपर्क व्यवस्था उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना

**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में प्रयागराज सहित कई जिलों में आने वाले कुछ घंटों में तेज हवाओं एवं गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। ऐसी चेतावनी रविवार को मौसम विभाग ने जारी किया है। यह जानकारी चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ एस एन सुनील पांडेय ने दी है।

उन्होंने बताया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ ने उत्तर प्रदेश के कई जिलों के लिए तात्कालिक मौसम चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार प्रयागराज सहित कई जनपदों में अगले कुछ घंटों के दौरान गरज-चमक के साथ हल्की बारिश तथा 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है।

**कुछ जिलों में 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक तेज हवाएं चलने की चेतावनी, लोगों से सतर्क रहने की अपील**

मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि बलिया, प्रतापगढ़, आगरा, मथुरा, आजमगढ़, मऊ, अंबेडकरनगर, देवरिया, अयोध्या, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, बाराबंकी, सीतापुर, बहराइच, गोंडा, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर और श्रावस्ती सहित कुछ जिलों में गरज-चमक के साथ मध्यम से तेज वर्षा तथा 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

वहीं प्रयागराज, जौनपुर, चित्रकूट, कौशाम्बी, फतेहपुर, रायबरेली, अमेठी, आगरा, फिरोजाबाद, एटा, हाथरस, मथुरा, कासगंज, आजमगढ़, मऊ, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर, देवरिया, अयोध्या, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, हरदोई, फर्रुखाबाद, सीतापुर, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, बरेली, पीलीभीत, अलीगढ़, बदायूं, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर सहित कई जिलों में गरज-चमक, बिजली चमकने और हल्की वर्षा के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है।

मौसम विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान खुले स्थानों, पेड़ों और बिजली के खंभों के नीचे खड़े होने से बचने तथा आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलने की सलाह दी है।

# पोलियो अभियान का डीएम ने किया शुभारंभ

- शून्य से पांच वर्ष तक के 5.77 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो रोधी दवा
- जिलाधिकारी ने शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के दिए निर्देश

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान को लेकर जिला महिला अस्पताल गोंडा में शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को दवा पिलाकर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने की शुरुआत।

उन्होंने बताया है कि इस अभियान के तहत जनपद के शून्य से पांच वर्ष तक के 5.77 लाख बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई जाएगी।





जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने निर्देश दिए हैं कि अभियान के दौरान कोई भी पात्र बच्चा दवा पीने से वंचित न रहे। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित जिला टास्क फोर्स (डीटीएफ) की बैठक में अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई थी। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा था कि पोलियो उन्मूलन की उपलब्धि को बनाए रखने के लिए प्रत्येक बच्चे तक पहुंचना आवश्यक है। उन्होंने स्वास्थ्य, बाल विकास एवं अन्य सहयोगी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा अभियान की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### सभी तैयारियां पूरी, टीमें रहेंगी सक्रिय

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतलाल पटेल ने बताया कि अभियान के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई थी। बूथ संचालन, घर-घर भ्रमण, पर्यवेक्षण और निगरानी के लिए विस्तृत माइक्रोप्लान तैयार किया गया है। अभियान की निगरानी के लिए 365 सुपरवाइजर तैनात किए गये हैं। आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सीएचओ तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा चुका है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. मुइनुद्दीन चिस्ती ने बताया कि अभियान के प्रथम दिन जिले में 1977 फिक्स्ड बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इसके बाद छूटे हुए बच्चों तक पहुंचने के लिए 1171 हाउस-टू-हाउस टीमें घर-घर भ्रमण करेंगी। वहीं बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर 75 ट्रांजिट टीमें तथा दूरस्थ एवं विशेष क्षेत्रों के लिए 45 मोबाइल टीमें तैनात की गई है।

### प्रवासी और वंचित परिवारों के बच्चों पर रहेगा विशेष ध्यान

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ईंट-भट्ठों, निर्माण स्थलों, घुमंतू एवं प्रवासी परिवारों के बच्चों को अभियान में विशेष प्राथमिकता दी जाए। इन स्थलों पर रहने वाले बच्चों तक पहुंचने के लिए विशेष रणनीति अपनाई जाएगी और मोबाइल व ट्रांजिट टीमें सक्रिय रूप से कार्य करेंगी, ताकि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि अभियान की प्रगति की समीक्षा प्रतिदिन ब्लॉक एवं जिला स्तर पर की जाएगी। साथ ही अभिभावकों से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर अवश्य ले जाएं और पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को मजबूत बनाने में सहयोग करें। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला महिला अस्पताल डॉक्टर देवेंद्र सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आदित्य वर्मा, डॉक्टर पंकज तिवारी, डॉक्टर आरपी सिंह, सहित अन्य सभी डॉक्टर्स एवं सहयोगी अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# महादेवा में नई विद्युत लाइन का शुभारंभ

- ग्रामीणों को मिलेगी बेहतर बिजली : विधायक रमापति

**मनकापुर/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



मनकापुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम सभा महादेवा में रविवार को 11 हजार वोल्ट की नई विद्युत लाइन का लोकार्पण विधायक रमापति शास्त्री ने फीता काटकर किया। नई लाइन के शुरू होने से महादेवा समेत आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अधिक सुचारु और गुणवत्तापूर्ण होने की उम्मीद है, जिससे हजारों उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

इस अवसर पर विधायक रमापति शास्त्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नई लाइन का निर्माण कराया गया है, जिससे लो-वोल्टेज और बार-बार होने वाली बिजली कटौती जैसी समस्याओं में कमी आने की संभावना है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता गांवों तक बेहतर बिजली, सड़क और अन्य मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना है।

ग्राम प्रधान शोभाराम ने नई विद्युत लाइन के शुभारंभ पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से ग्रामीण इस सुविधा की मांग कर रहे थे।

नई लाइन शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को बेहतर बिजली आपूर्ति का लाभ मिलेगा और दैनिक जीवन के साथ-साथ कृषि कार्यों में भी सुविधा होगी।

इस कार्यक्रम में प्रधानप्रतिनिधि करौंदी जगदम्बा, प्रधानप्रतिनिधि रामबहादुर चौहान, समाजसेवी राजेश यादव, पंचायत सहायक शर्मेन्द्र कुमार वर्मा, बिजली विभाग (sdo) पीयूष सिंह, (JE) अजय गुप्ता, (TGw) शिवभवन यादव, दीपक पासवान, लाईनमैन मनोज कश्यप उर्फ अर्जुन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने नई विद्युत लाइन के उद्घाटन पर विधायक का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

## खबरें एक नजर में

### विशाल नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** बाबा बद्री दास आश्रम छपिया विकास खंड के परसा तिवारी पर कल्याण करोति लखनऊ और दीनबंधु चिकित्सालय अयोध्या के संयुक्त तत्वाधान में विशाल नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ जिसमें सैकड़ो ग्रामीणों ने नेत्र जांच हुई निशुल्क दवा व चश्मा प्राप्त किया चिन्हित किए गए मोतियाबिंद के मरीजों को अस्पताल ले जाकर ऑपरेशन कराया जाएगा बाबा बद्रीदास जन कल्याण सेवा संस्थान ट्रस्ट के अध्यक्ष अनिल कुमार वर्मा एडवोकेट ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कराया जाता है जिस क्षेत्र में लोगों को स्वास्थ्य का लाभ मिलता रहता है ट्रस्ट के सचिव सूर्यमणि त्रिपाठी ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा प्रत्येक सोमवार को वृद्ध जनों और दिव्यांगजनो एवं पैरालिसिस के मरीजो को निशुल्क फिजियोथैरेपी की सुविधा प्रदान की जाती है ट्रस्ट के समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार पांडे ने बताया की ट्रस्ट पर बीपी शुगर की जांच निशुल्क की जाती है और सोमवार के दिन ही 70 वर्ष व पार व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए जाते हैं दीनबंधु चिकित्सालय की तरफ से जगत पाल यादव, डॉ शिवम श्रीवास्तव, रोशन कुमार आदि सचल वैन के साथ उपस्थित रहे और सभी को चिकित्सा का लाभ प्रदान किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से विंध्याचल वर्मा, नरसिंह वर्मा, रमाकांत वर्मा, रवि कुमार वर्मा फार्मासिस्ट, जगदंबा प्रसाद शर्मा फार्मासिस्ट, डॉ श्याम नारायण फिजियोथैरेपिस्ट, मनोज कुमार, अजय प्रताप,पवन यादव, महेश यादव,नंदलाल, विनोद गुप्ता,और ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी और सदस्य गण मौजूद रहे कार्यक्रम ट्रस्ट के प्रबंधक/महंत जगदीश यादव की देखरेख में संपन्न हुआ।

### आरएसएस ने मनाया हिन्दू साम्राज्य दिनोत्सव




**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** आरएसएस नानपारा नगर द्वारा आज होटल राज पैलेस में हिन्दू साम्राज्य दिनोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वीर शिरोमणि छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक दिवस के उपलक्ष्य में मनाया गया। बलजीत अखण्ड आर्यावर्त मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे, जबकि गोपाल टेकड़ीवाल ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई। यह दिन ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी, सन् 1674 को छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा हिंदवी स्वराज की स्थापना की याद दिलाता है। उन्होंने विदेशी आक्रांताओं से अपने देश और धर्म की रक्षा करते हुए इस साम्राज्य की नींव रखी थी। इस ऐतिहासिक दिवस को प्रतिवर्ष हिन्दू साम्राज्य दिनोत्सव के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए नगर कार्यवाह आनंद श्रीवास्तव और इसमें शामिल सभी स्वयंसेवकों को बधाई दी गई।

### बाढ़ से पहले गांव में तहसीलदार ने लगाई चौपाल



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** बाढ़ से पहले रामपुर धौबिया हार में तहसीलदार ने चौपाल लगाकर लोगों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए । जिले के रामपुर धौबिया हार में रविवार की शाम गांव में ग्राम प्रधान के द्वार पे एक चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल का आयोजन तहसीलदार नानपारा मथुरा प्रसाद के अगुवाई में किया है। चौपाल लगाने का मुख्य कारण बाढ़ से निपटने पर जोर देना था। चौपाल में तहसीलदार मथुरा प्रसाद ने बताया कि कुछ महीनों के बाढ़ का समय आने वाला है। इसमें कैसे सावधानी बरतनी है। सबसे पहले बाढ़ के समय घर के आस पास साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें। कूड़ा करकट न एकत्रित करें। पुराने टायरों को घर में न रखखे। सोते समय मच्छर दानी का प्रयोग करें। ताकि विषैले मच्छरों से बचे। बच्चों को बाढ़ के पानी में नहाने न जाने दे। बाढ़ के समय ये पता नहीं चल पाता कि किस जगह कितना पानी है। और नहाते समय अनहोनी हो जाती हैं। कमजोरी होने पर ओआरएस का घोल पिलाये। जानवरों को समय से टीका लगवाए। चौपाल में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रभात जायसवाल क्षेत्र पंचायत सदस्य राजेश राजपूत, सुरेश कुमार, राममिलन वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

### मोहर्रम के तीसरे दिन कर्बला में उमड़ा आस्था का सैलाब



**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** मोहर्रम के तीसरे दिन रविवार को नगर उतरौला सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित कर्बला परिसर आस्था और श्रद्धा का केंद्र बना रहा। सुबह की पहली किरण के साथ ही मुस्लिम समुदाय, विशेषकर महिलाओं और बालिकाओं का कर्बला पहुंचना शुरू हो गया, जो देर रात तक लगातार जारी रहा। शिया और सुन्नी दोनों समुदायों की महिलाओं ने पूरे अदब और अक़ीदत के साथ शहीद-ए-कर्बला हजरत इमाम हुसैन और उनके वफादार साथियों की याद में फातिहा पढ़ी तथा देश में अमन-चैन, परिवार की खुशहाली, बच्चों की तरक्की और बेहतर स्वास्थ्य के लिए दुआएं मांगीं। नगर के मोहल्लों के अलावा ग्राम अमया देवरिया, रेहरा, श्रीदत्तगंज तथा आसपास के अनेक गांवों से भी बड़ी संख्या में अकीदतमंद महिलाएं और बालिकाएं कर्बला पहुंचीं। कई महिलाएं अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ धार्मिक रस्मों में शामिल हुईं। कर्बला परिसर में पूरे दिन श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही और हर ओर इबादत, दुआ और आध्यात्मिक वातावरण का एहसास देखने को मिला।

# गोंडा जिला प्रशासन को किसी बड़ी घटना का इंतजार !

- लखनऊ अग्निकांड की घटना से भी सबक नहीं ले रहे गोंडा जिले के प्रशासनिक अधिकारी

**नरेंद्र लाल गुप्ता**




**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** जिले के गुरु नानक चौराहे पर स्थित स्टाइल बाजार की अगर हम बात करें तो किस कदर स्टाइल बाजार को बनाते समय नीचे पार्किंग स्थल छोड़ा गया था जिला प्रशासन की लापरवाही के कारण पार्किंग स्थल को दुकानों में तब्दील कर दिया गया जहां तीन दुकान बना दी गई एक डोमिनोज़ पिज़्ज़ा दूसरा अरविंद क्लॉथ और तीसरा डैनब्रो इस बात का हवाला इसलिए दिया जा रहा है कि यह मालूम किया जा सके कि यह चौराहा कितना भीड़भाड़ वाला चौराहा है और आए दिन यहां तमाम जनता आती है स्टाइल बाजार में भी भीड़ बहुत होती है आने जाने का रास्ता एक ही है कहीं किसी दिन लखनऊ वाली घटना यहां भी न हो जाए इसलिए जिला प्रशासन को चाहिए पार्किंग स्थल को खाली करा कर पार्किंग स्थल में ही तब्दील कर देना चाहिए अन्यथा इस माल को बन्द कर देना चाहिए क्योंकि मनुष्य की जिंदगी कीमती है और लखनऊ हादसे में जो बच्चे चले गए उनमें से कोई बड़ा अधिकारी भी बन सकता था या कोई बड़ा नेता आज उनका परिवार सूना हो गया है कहीं ऐसा ना हो की गोंडा के स्टाइल बाजार में भी ऐसी कोई घटना घटित हो और जिला प्रशासन हाथ मलकर पछताता रहे ।

### उमेश गुप्ता ने बढ़ाया परिवार का मान



**मनकापुर/गोंडा, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग यूपी एसएसएससी परीक्षा में तहसील मनकापुर अंतर्गत झिलाही बाजार निवासी उमेश गुप्ता पुत्र सीताराम गुप्ता परीक्षा उत्तीर्ण की और कृषि तकनीकी सहायक के पद पर स्थान बनाया है। उमेश ने बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय बांदा से बीएससी एग्रीकल्चर एवं चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर से एमएससी एग्रीकल्चर की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उमेश के चयन होने पर उनके माता-पिता एवं शुभ चिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। उमेश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुओं को दिया है। उनके चयन होने से आर के नारद, राजकुमार गुप्ता, लवकुश गुप्ता, महेश गुप्ता, मनोज गुप्ता, सुमित गुप्ता, रमेश, पूजा मनमोहिनी, शिवा प्रियदर्शनी, दिव्या दिव्यदर्शनी, अमरदीप, राजदीप आदि ने खुशी का इजहार किया है।

# सांप के डसने से प्रसिद्ध सपेरा रामलखन की मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

धानेपुर थाना क्षेत्र के श्री बनकट गांव निवासी प्रसिद्ध सपेरा रामलखन की रविवार को सांप के डसने से मौत हो गई। करीब 40 वर्षों में सैकड़ों सांपों को सुरक्षित पकड़ चुके रामलखन को एक जहरीले कोबरा ने रेस्क्यू के दौरान डस लिया।

जानकारी के अनुसार, धानेपुर बाजार में कोबरा निकलने की सूचना पर रामलखन उसे पकड़ने पहुंचे थे। रेस्क्यू के दौरान कोबरा ने उनके हाथ पर डस लिया। जहर फैलने के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और सांप को भागने नहीं दिया। उसे काबू में कर बोरे में बंद करने के बाद ही अस्पताल के लिए निकले।

परिजन उन्हें जिला मेडिकल कॉलेज ले गए। इमरजेंसी में डॉक्टर और मरीज तब दंग रह गए जब उन्होंने देखा कि रामलखन बोरे में जहरीला कोबरा भी साथ लेकर आए हैं। डॉक्टरों ने तुरंत इलाज शुरू किया, लेकिन देर हो चुकी थी और इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।



स्थानीय लोगों का कहना है कि सांप के डसने के बाद भी रामलखन ने सबसे पहले लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी। उनका बलिदान क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# सीएमओ ने किया पोलियो बूथ का औचक निरीक्षण

- व्यवस्थाओं का लिया जायजा, दिया निर्देश

**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय कुमार शर्मा ने रविवार को पयागपुर के खुंटेहना और बनकटा ग्राम के पोलियो बूथों का औचक निरीक्षण कर अभियान की प्रगति और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बूथों पर उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों, एएनएम, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से अभियान की जानकारी ली तथा 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के निर्देश दिए।सीएमओ ने कहा कि कोई भी बच्चा पोलियो की दवा पीने से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों से घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को चिन्हित कर उन्हें पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाने के लिए कहा।



साथ ही अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दवा अवश्य पिलाकर अभियान को सफल बनाएं।

निरीक्षण के दौरान बूथों पर दवा, वैक्सीन कैरियर, मार्किंग एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। सीएमओ डॉ शर्मा ने अभियान में लगे सभी कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करते हुए पूरी जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान एआरओ दीपक पाण्डेय बीपीएम अनुपम शुक्ल पूर्णिमा सिंह नीलम शुक्ला कुसुम श्रीवास्तव सहित आशा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बीती रात दो थाना क्षेत्रों में हुई पुलिस व बदमाशों के बीच मुठभेड़

- 50-50 हजार के इनामी बदमाशों के पैर में लगी गोली, दोनों घायल
- पुलिस पर फायरिंग के बाद जवाबी कार्रवाई में पैर में लगी गोली, दो घंटे में हुए दो एनकाउंटर
- थाना कैसरगंज व थाना रामगांव क्षेत्र में हुई मुठभेड़

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई है। कैसरगंज थाना क्षेत्र में देर रात पुलिस की जवाबी कार्रवाई में 50 हजार रुपये का इनामी बदमाश मुल्क राज घायल हो गया।

उसे पैर में गोली लगी है और इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।



यह एक ही रात में जिले में हुई दूसरी मुठभेड़ है।यह घटना देर रात करीब दो बजे कैसरगंज थाना क्षेत्र के रुकनापुर तिराहे पर हुई। स्वाट और कैसरगंज पुलिस की संयुक्त टीम इलाके में गश्त कर रही थी। टीम ने एक संदिग्ध बाइक सवार को रोकने का प्रयास किया, जिस पर उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। इस दौरान स्वाट प्रभारी और कैसरगंज थाना प्रभारी बाल-बाल बचे। पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाश घायल हो गया। घायल बदमाश की पहचान मुल्क राज निवासी रायपुर भैसवा, थाना बौंडी के रूप में हुई है। मुल्क राज वही बदमाश है जो शनिवार रात रामगांव थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ के दौरान अपने साथी फिरोज के घायल होने के बाद मौके से फरार हो गया था।

फिरोज भी 50 हजार का इनामी बदमाश था। मुठभेड़ की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक आयुष विक्रम सिंह और क्षेत्राधिकारी कैसरगंज सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मुल्क राज के पास से एक अवैध तमंचा, दो जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ है। मुल्क राज पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। उसके खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में चोरी और अन्य अपराधों के 36 से अधिक मामले दर्ज हैं। रामगांव इलाके में हुई मुठभेड़ में इसका एक साथी फिरोज घायल हुआ था । लेकिन उस दौरान ये मौके से भाग निकला था , पुलिस की टीमें इसकी तलाश में लगी थी । इसी दौरान कैसरगंज इलाके में देर रात मुठभेड़ में मुल्कराज के पैर में गोली लगी है।

# विधायक ने किया पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

- विधायक व सीएचसी अधीक्षक ने बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विशेश्वरगंज के अंतर्गत रविवार को पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। ग्राम सभा रघुरामपुर में आयोजित %मन की बात% कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी, पयागपुर के संयोजक निशंक त्रिपाठी तथा सीएचसी अधीक्षक डॉ. कुणाल मिश्रा ने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान की शुरुआत की। इसके बाद प्राथमिक विद्यालय पहुँचकट्टा स्थित पोलियो बूथ पर भी सीएचसी अधीक्षक डॉ. कुणाल मिश्रा ने बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर अभियान को गति प्रदान की।



अधीक्षक ने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि अभियान के दौरान क्षेत्र का कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहने पाए। डॉ. कुणाल मिश्रा ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी के उन्मूलन के लिए जनसहभागिता बेहद आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं। उन्होंने बताया कि सीएचसी विशेश्वरगंज क्षेत्र में कुल 101 बूथों पर पोलियो ड्रॉप पिलाने का कार्य संचालित किया जा रहा है, जबकि स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर भी बच्चों को दवा पिलाएंगी। कार्यक्रम के दौरान जनसमुदाय को पोलियो उन्मूलन एवं नियमित टीकाकरण के प्रति भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर बीपीएम ममता मिश्रा, एएनएम, आशा कार्यकर्ता सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कतर्नियाघाट में गेरुआ नदी में हाथियों की जल क्रीड़ा

- झुंड में उतरकर हाथियों ने दिखवाई प्राकृतिक अठखेलियां, पर्यटक हुए रोमांचित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य की गेरुआ नदी में मंगलवार को जंगली हाथियों का एक झुंड जल क्रीड़ा करता हुआ देखा गया। नदी के बीचों-बीच हाथियों को एक साथ पानी में उतरकर अठखेलियां करते देख पर्यटक रोमांचित हो उठे।

नदी में हाथी एक-दूसरे पर सूंड से पानी उड़ाते और खेलते हुए नजर आए। इस मनोहारी दृश्य को देखकर मौके पर मौजूद पर्यटकों ने इसे अपने कैमरे और मोबाइल में कैद कर लिया।



### पर्यटकों के लिए बना जीवनभर की याद

लखनऊ से आए पर्यटकों ने बताया कि कतर्नियाघाट की प्राकृतिक सुंदरता के बीच हाथियों को नदी में नहाते देखना उनके लिए अविस्मरणीय अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि यह दृश्य उनके जीवन की यादगार घटनाओं में शामिल हो गया है।

यह दृश्य अभयारण्य की सबसे आकर्षक घटनाओं में से एक माना जा रहा है।

वन विभाग के अनुसार, मानसून के दौरान गेरुआ नदी का जलस्तर बढ़ने पर हाथियों का झुंड अक्सर नदी में उतरकर समय बिताता है। यह उनकी प्राकृतिक आदत का हिस्सा है, जिससे वे गर्मी से राहत पाते हैं और शरीर को ठंडा रखते हैं। हाथियों की जल क्रीड़ा का यह तस्वीर तेजी से वायरल हो रहा है। कतर्नियाघाट की जैव विविधता और प्राकृतिक सौंदर्य एक बार फिर पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन गया है, जिससे क्षेत्र में पर्यटन को भी बढ़ावा मिल रहा है।

# मारपीट के बाद व्यक्ति की मौत मामले में पुलिस की कार्रवाई, तीन नामजद आरोपी गिरफ्तार

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

जनपद बलरामपुर की थाना गैड़ास बुजुर्ग पुलिस ने लकड़ी को लेकर हुए विवाद के बाद एक व्यक्ति की मौत के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए गैर इरादतन हत्या के आरोप में नामजद तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। पुलिस के अनुसार विवेचना, उपलब्ध साक्ष्यों तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मुकदमे की धाराओं में संशोधन करते हुए आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की गई है।

पुलिस के अनुसार, थाना गैड़ास बुजुर्ग क्षेत्र के धुसवा बाजार निवासी सुनीता पत्नी सुद्धू कोरी ने 26 जून को थाने में तहरीर देकर बताया था कि 25 जून की शाम रेहरा बाजार थाना क्षेत्र के सराय खास पंडित पुरवा निवासी सितारा उर्फ पापा कोरी, जो अपने मायके धुसवा गांव आई हुई थी, उनके घर से जलौनी की लकड़ी लेकर जा रही थी। उनके पति सुद्धू कोरी (42) द्वारा लकड़ी ले जाने से मना करने पर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर सितारा उर्फ पापा कोरी के साथ मौजूद अजय कोरी तथा रिश्तेदारी में आए संजय कुमार ने सुद्धू कोरी के साथ लात-घूंसों से मारपीट की। घटना के बाद घायल सुद्धू कोरी अपने घर लौट आए, लेकिन रात में सोते समय उनकी मृत्यु हो गई।



घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। प्रारंभिक रूप से दर्ज मुकदमे की विवेचना के दौरान पुलिस ने घटनास्थल से मिले साक्ष्यों और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का परीक्षण किया। जांच के बाद भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में संशोधन करते हुए मामले को गैर इरादतन हत्या के प्रावधानों के अंतर्गत परिवर्तित किया गया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय तथा क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष राणा प्रताप सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए तीनों नामजद अभियुक्तों सितारा उर्फ पापा कोरी, अजय कोरी तथा संजय कुमार को दल सिंहवा मोड़ तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में मुख्य अभियुक्ता सितारा उर्फ पापा कोरी ने बताया कि वह अपने मायके में रह रही थी और खाना बनाने के लिए जलौनी की लकड़ी ले जा रही थी। इसी दौरान सुद्धू कोरी ने उसे रोकते हुए गाली-गलौज की, जिससे विवाद शुरू हो गया। विवाद बढ़ने पर उसके साथ मौजूद अजय और संजय ने भी हस्तक्षेप किया और तीनों ने मिलकर सुद्धू कोरी के साथ मारपीट की। इसके बाद सभी अपने-अपने घर चले गए। अगले दिन उन्हें सुद्धू कोरी की मृत्यु की जानकारी मिली। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक वीरेन्द्र कुमार शुक्ल, मुख्य आरक्षी विकास मिश्रा, शशि कुमार यादव, विनोद निषाद, आरक्षी अजय कुमार तथा महिला आरक्षी सुप्रिया सिंह शामिल रहीं। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना नियमानुसार आगे भी जारी है तथा उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर विधिक प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

# पल्स पोलियो अभियान में अव्यवस्था, कई बच्चों तक समय पर नहीं पहुंचीं जीवनरक्षक बूंदें

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) तुलसीपुर के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महाराजगंज तराई में गंभीर अव्यवस्था और लापरवाही के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली के कारण कई गांवों के बच्चे निर्धारित समय पर पोलियो की खुराक नहीं ले सके, जिससे अभिभावकों में नाराजगी देखने को मिली। ग्रामीणों का आरोप है कि पल्स पोलियो अभियान प्रारंभ होने के कई घंटे बाद तक संबंधित स्वास्थ्य टीम निर्धारित केंद्र पर नहीं पहुंची।



इसके कारण अनेक परिवार अपने छोटे बच्चों को लेकर घंटों इंतजार करते रहे और कई बच्चे समय पर पोलियो की खुराक से वंचित रह गए। मामले के सामने आने के बाद क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर चर्चा तेज हो गई है। अब ग्रामीणों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि जांच के बाद जिम्मेदारों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है।

# रोजगार व आजीविका को नई गति देगी वीबी-जी राम जी योजना : केशव

- उत्तर प्रदेश में 1 जुलाई से शुरू होगी वीबी-जी राम जी योजना
- 2 जुलाई को राज्यभर में जन सम्मेलन एवं 10,000 कार्यों का शुभारंभ





लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशो के क्रम मे ग्राम्य विकास विभाग उत्तर प्रदेश ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के स्थान पर वी.बी.जी. राम जी विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन-ग्रामीण योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की तैयारी पूरी कर ली है। योजना 1 जुलाई से पूरे देश सहित उत्तर प्रदेश में भी लागू हो जाएगी।

ग्राम्य विकास विभाग मुख्यालय द्वारा जनपद, विकासखण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर मनरेगा से संबंधित साइन बोर्ड, सूचनापट्टिकाओं आदि को अपडेट कर विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण योजना, उत्तर प्रदेश नाम अंकित करने के निर्देश दे दिये हैं। 2 जुलाई को राज्यव्यापी जन सम्मेलन लॉन्च इवेंट कार्यक्रम निर्धारित दिशा निर्देशो के अनुरूप होगा। 2 जुलाई को तिरुपति, आंध्र प्रदेश में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्तर पर योजना का शुभारंभ होगा। इसके अनुरूप उत्तर प्रदेश में भी प्रत्येक विकास खण्ड की 2 ग्राम पंचायतों में जन सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जन सम्मेलन में योजना के अंतर्गत कार्यों का शुभारंभ करना, निर्वाचित जन प्रतिनिधियों, श्रमिकों, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों एवं स्थानीय समुदाय के साथ जन सम्मेलन आयोजित होगा। प्रस्तावित कार्यों एवं विकसित ग्राम पंचायत योजना का प्रदर्शन किया जाएगा। विकसित भारत-जी राम जी योजना की मुख्य विशेषताओं, लाभों एवं 125 दिनों के रोजगार गारंटी पर प्रचार सामग्री पोस्टर, बैनर, स्टैंडी का प्रदर्शन करने के निर्देश दिये गये हैं। प्रदेश में 10,000 कार्य 2 जुलाई को शुरू किए जाएंगे। सर्वाधिक कार्य शुरू करने वाले आजमगढ़ 342, जौनपुर 337, गाजीपुर 326, सीतापुर 319 आदि शामिल हैं। योजना का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की गारंटी मजबूत करना हैआजीविका संवर्धन एवं विकसित ग्राम पंचायतों का निर्माण, पारदर्शिता, डिजिटल प्रणाली, विकेन्द्रीकृत योजना बनाना है।आयुक्त ग्राम्य विकास जीएस प्रियदर्शी ने मुख्य विकास अधिकारियों अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयकों को निर्देश दिये है कि जन सम्मेलन काआयोजन किया जाए, योजना के क्रियान्वयन में शिथिलता न बरती जाए।

# 2027 में 2017 से भी बड़ा बहुमत मिलेगा : पंकज चौधरी

- केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने गरीबों व महिलाओं के कल्याण के लिए किए ऐतिहासिक काम
- प्रधानमंत्री ने सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर बिना किसी भेदभाव के अंतिम व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाएं पहुंचाने का किया काम



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राजधानी के राजाजीपुरम-सी ब्लॉक के सेंट जोसेफ स्कूल में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी पहुंचे। कार्यक्रम में उन्होंने पदाधिकारियों को संबोधित किया। इसके बाद पौधरोपण भी किया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री संजय राय महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी भी मौजूद रहे।

इस दौरान पंकज चौधरी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार ने गरीबों और महिलाओं के कल्याण के लिए ऐतिहासिक काम किए हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का चेहरा और पहचान बदल गई है। आज प्रदेश एक्सप्रेस-वे का नेटवर्क विकसित करने के साथ निवेश का प्रमुख केंद्र बन चुका है। उन्होंने दावा किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा 2017 से भी बड़े बहुमत के साथ सरकार बनाएगी।

उन्होंने कहा कि पार्टी श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के कार्यक्रम मना रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच जा रही है। प्रधानमंत्री ने सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर बिना किसी भेदभाव के अंतिम व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाएं पहुंचाने का काम किया है। वहीं, मन की बात कार्यक्रम को उन्होंने लोगों को प्रेरित करने का माध्यम बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने इसका कभी राजनीतिक उपयोग नहीं किया।

## खबरें एक नजर में

### सोशल मीडिया पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने वाले आरक्षी सुनील शुक्ला बर्खास्त



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पुलिस कमिश्नरेट ने विभागीय अनुशासनहीनता और नियमों के लगातार उल्लंघन के दोषी पाए जाने पर आरक्षी सुनील कुमार शुक्ला को पुलिस सेवा से बर्खास्त कर दिया है। पुलिस कमिश्नरेट की ओर से रविवार को दी गई जानकारी में बताया गया कि आरक्षी सुनील ने बीते मई माह में एक वीडियो सोशल मीडिया में सार्वजनिक किया था, जिसमें ये आरोप लगाए थे कि पुलिस विभाग में वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर गार्ड कमांडरों तक रिश्वतखोरी की एक श्रृंखला सक्रिय है। अधिकारियों को काले अंग्रेज बताते हुए पुलिसकर्मियों के शोषण के भी आरोप लगाए गए थे। पुलिस अधिकारियों ने इस मामले का संज्ञान लेकर एक जांच समिति बनाई गई थी। समिति ने प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर संबंधित पुलिसकर्मियों के बयान दर्ज किए। आरक्षी सुनील कुमार शुक्ला सहित सभी संबंधित व्यक्तियों को अपना पक्ष एवं साक्ष्य प्रस्तुत करने का अवसर दिया। तथापि, आरक्षी सुनील कुमार शुक्ला आरोपों के समर्थन में कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सके। जांच में यह सिद्ध हुआ कि उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के विरुद्ध न सिर्फ निराधार रूप से आरोप सार्वजनिक रूप से प्रसारित किए गये। अपितु विभाग की छवि को बिना साक्ष्य के धूमिल करने का प्रयास किया गया। पुलिस बल में अनुशासनहीनता को बढ़ावा दिया, अधिकारियों के प्रति अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया तथा बिना अनुमति सोशल मीडिया का उपयोग कर उत्तर प्रदेश सोशल मीडिया नीति-2023, उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक आचरण नियमावली, 1956 के नियम 3, 6, 7 एवं 27 तथा उत्तर प्रदेश वर्दी विनियम का उल्लंघन किया। इस गंभीर दुराचार सिद्ध होने के फलस्वरूप आरक्षी सुनील कुमार शुक्ला को पुलिस सेवा से बर्खास्त किया गया है। कार्रवाई होने के बाद बर्खास्त सिपाही ने कहा कि आज मुझे सच बोलने का इनाम मिला है।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर सेमिनार 13 अगस्त को

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन का 13 अगस्त को राष्ट्रीय सेमिनार होगा। बाराबंकी के इतिहास में पहली बार तमिलनाडु से लेकर मणिपुर के छात्र प्रतिनिधि आल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन के नब्बे वर्ष पूरे होने के अवसर पर पहुंच रहे हैं। मीडिया से मुखातिब भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने बताया कि सांसद पी. संतोष कुमार विशेष तौर पर आ रहे हैं । पूर्व सांसद सैयद अजीज पाशा सहित कई पूर्व नेता आ रहे हैं। कार्यक्रम की शुरूआत गांधी भवन देवां रोड से रैली बनाकर अम्बेदकर मूर्ति पर माल्यार्पण से होगी।संगठन के नब्बे वर्ष पूरे होने पर विभिन कार्यक्रम होगे। तेरह अगस्त को राष्ट्रीय स्तर का सेमिनार नई शिक्षा नीति पर होगा। कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश तेलंगाना बिहार केरल तमिलनाडु महाराष्ट्र उडीसा पंजाब पाडेचेरी दिल्ली झारखंड राजस्थान मणिपुर पश्चिम बंगाल छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश हिमाचल प्रदेश असम त्रिपुरा हरियाणा जम्मू कश्मीर व गुजरात के छात्र नेताओं की आने की स्वीकृति मिल चुकी है। इस मौके पर बृजमोहन वर्मा जिला सचिव प्रवीण कुमार प्रेम चन्द्र मुनेश्वर अमर सिंह प्रधान राम प्रकाश वर्मा दीपक वर्मा दीपक शर्मा संदीप तिवारी अभय वर्मा रीना मौर्या आदित्य आदि उपस्थित थे।

### गोमती से निकाला 15 कुंतल कचरा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में गोमती नदी को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने की मुहिम लगातार जारी है। रविवार को स्वच्छ पर्यावरण आंदोलन सेना, लखनऊ की ओर से चलाए जा रहे गोमती नदी स्वच्छता अभियान का 423वां रविवार सफलतापूर्वक पूरा किया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने गोमती नदी से करीब 15 कुंतल कचरा और अपशिष्ट पदार्थ बाहर निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया। पार्षद रणजीत सिंह ने बताया कि हनुमान सेतु के निकट झूलेलाल पार्क स्थित गोमती नदी तट पर आयोजित यह अभियान लगभग दो घंटे तक चला। अभियान में शामिल स्वयंसेवकों ने नदी में जमा प्लास्टिक, कपड़े, पूजा सामग्री और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकालकर नदी तट की सफाई की। अभियान के दौरान पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने का भी प्रयास किया गया। अभियान में शामिल लोगों ने गोमती नदी में लगातार बढ़ते प्रदूषण पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो नदी का अस्तित्व गंभीर संकट में पड़ सकता है। इस दौरान सभी स्वयंसेवकों ने सरकार से मांग की कि नदियों में गिरने वाले सभी प्रमुख नालों पर आधुनिक एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) स्थापित किए जाएं, ताकि बिना शोधन का पानी नदियों में न पहुंचे और गोमती सहित अन्य नदियों को प्रदूषण से बचाया जा सके। स्वयंसेवकों ने संकल्प लिया कि गोमती को स्वच्छ और निर्मल बनाने की यह मुहिम आगे भी लगातार जारी रहेगी। अभियान का नेतृत्व संयोजक रणजीत सिंह ने किया। उनके साथ प्रीति जैन, रत्ना वर्मा, शिखा सिंह, शगुन तिवारी, शक्ति तिवारी, पलक, पिंकी, उदय सिंह, विष्णु तिवारी, विवेक जोशी, कमल दुबे, वीरेंद्र जोशी, कमलेश चौधरी, रिंकू सिंह, परवेश यादव, अजय जोशी, पवन, परमेश जोशी, रामकुमार वाल्मीकि, आनंद वर्मा, ललित कश्यप, मनोज सिंह, शैलेन्द्र सिन्हा, सूर्या दुबे, अर्नव जैन, हिमांशु कश्यप, पंकज तिवारी, जे.पी. गुप्ता, संकल्प शर्मा और राजेश जोशी सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने श्रमदान किया।

# बरसात से पहले हैंडपंप मरम्मत अनिवार्य : ओम प्रकाश राजभर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश के पंचायतीराज, अल्पसंख्यक कल्याण एवं मुस्लिम वक्फ मंत्री ओमप्रकाश राजभर की अध्यक्षता में रविवार को मुख्य भवन (सचिवालय) के कक्ष संख्या-62 में पंचायतीराज विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश की ग्राम पंचायतों में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं, आधारभूत सुविधाओं एवं केंद्र एवं राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए, अधिकारियों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं परिणामोन्मुखी कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में प्रदेश की 57 हजार 694 ग्राम पंचायतों में स्थापित हैंडपंपों की वर्तमान स्थिति, खराब एवं बालूयुक्त हैंडपंपों की संख्या, अमृत सरोवरों के निर्माण एवं उनमें जलभराव की स्थिति, छोटे-बड़े तालाबों के जीर्णोद्धार, ग्रामीण क्षेत्रों के भूजल स्तर, जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित ओवरहेड पेयजल टंकियों, पाइपलाइन विस्तार, सड़कों की मरम्मत, सामुदायिक एवं व्यक्तिगत शौचालयों की उपलब्धता तथा भारत सरकार के सहयोग से संचालित विभिन्न योजनाओं के उपयोगिता प्रमाणपत्रों की विस्तृत समीक्षा की गई। मंत्री राजभर ने निर्देश दिए कि बरसात के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए सभी खराब हैंडपंपों की प्राथमिकता के आधार पर तत्काल मरम्मत सुनिश्चित की जाए, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता प्रभावित न हो। उन्होंने अमृत सरोवरों के निर्माण, उनमें जलभराव तथा पंचायतों को हस्तांतरण (हैंडओवर) की अद्यतन जनपदवार सूची तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में जल जीवन मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत निर्मित पेयजल टंकियों, संचालित परियोजनाओं तथा पंचायतों को हस्तांतरित परिसंपत्तियों की समीक्षा करते हुए शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पाइपलाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त हुई ग्रामीण सड़कों एवं मार्गों की मरम्मत को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने पर विशेष बल दिया गया। मंत्री ने सामुदायिक शौचालयों में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, सफाई कर्मियों के मानदेय का समय से भुगतान सुनिश्चित करने तथा व्यक्तिगत शौचालयों के लंबित एवं निरस्त आवेदनों का प्रभावी एवं पारदर्शी निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) की स्थापना, सभी हैंडपंपों की जियो-टैगिंग एवं जल गुणवत्ता परीक्षण, ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापना, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत सूचना, शिक्षा एवं संचार गतिविधियों के व्यापक संचालन, ग्राम सचिवालयों में आधार सेवा केंद्रों की स्थापना तथा परिवार रजिस्टर के डिजिटलीकरण की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। मंत्री ने इन सभी योजनाओं के लिए समयबद्ध कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# कोल्ड स्टोरेज में लगी भीषण आग, हडकंप

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में अग्निकांड की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला रविवार सुबह चिनहट इलाके का है, जहां एक कोल्ड स्टोरेज में अचानक भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में उसकी ऊंची लपटें दूर-दूर तक दिखाई देने लगीं। पूरे क्षेत्र में घना धुआं फैल गया, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बन गया।

सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने की कोशिशें शुरू कर दी गईं। प्रशासन भी स्थिति पर नजर बनाए हुए है। स्थानीय जानकारी के अनुसार, सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले कुछ लोगों ने सबसे पहले कोल्ड स्टोरेज से धुआं उठते देखा। उन्होंने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी, जिसके बाद राहत और बचाव कार्य तेजी से शुरू किया गया। अधिकारियों ने एहतियात के तौर पर आसपास के घरों को खाली करवा दिया है, ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके। दमकल कर्मी लगातार पानी और भारी मशीनों की मदद से आग बुझाने में जुटे हुए हैं। यह भी आशंका जताई जा रही है कि अगर कोई व्यक्ति अंदर फंसा हो तो उसे सुरक्षित बाहर निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस और प्रशासन मामले की गहन जांच कर रहे हैं। राहत की बात यह है कि अभी तक किसी के हताहत होने या बड़े नुकसान की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# अलीगंज अग्निकांड : एलडीए के पूर्व वीसी, अफसर, इंजीनियर भी जांच की जद में

- अभी और बड़े नप जायें तो हैरत नहीं

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

लखनऊ के अलीगंज अग्निकांड केस में अब कार्रवाई का दायरा बढ़ता जा रहा है। लखनऊ विकास प्राधिकरण के एक पूर्व उपाध्यक्ष को भी जांच में जिम्मेदार माना गया है और उनके खिलाफ रिपोर्ट जल्द शासन को भेजी जाएगी। जांच का दायरा बढ़ने के बाद एलडीए के अधिकारियों, अभियंताओं में नाराजगी भी देखने को मिल रही है। उनका कहना है कि अवैध निर्माण के लिए सीधे जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

कुछ समय के लिए तैनात रहे अधिकारियों और कर्मचारियों को भी जांच के दायरे में शामिल करना न्यायसंगत नहीं है। एलडीए में अलग-अलग समय पर अहम जिम्मेदारियां संभाल चुके 6 वरिष्ठ पीसीएस अधिकारियों को दोषी ठहराते हुए उनके खिलाफ रिपोर्ट शासन को भेजी जा चुकी है। एसआईटी की सख्ती के बाद 2016 से 2026 तक अलीगंज क्षेत्र में तैनात रहे 100 से अधिक अधिकारियों और अभियंताओं की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

सूत्रों के मुताबिक एसआईटी जांच के आधार पर अधिकारियों और अभियंताओं की जिम्मेदारी तय कर रही है। रिपोर्ट मिलने के बाद शासन स्तर पर प्रशासनिक कार्रवाई का दायरा और बढ़ सकता है। अलीगंज अग्निकांड के बाद अवैध निर्माण और लापरवाही को लेकर सरकार सख्त है।एलडीए ने आधा दर्जन सीनियर पीसीएस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश करते हुए रिपोर्ट शासन को भेज दी है। इनमें अरविंद त्रिपाठी, वीवी मिश्रा, अरुण सिंह, संजय पांडेय, शिरीष वर्मा और डीके सिंह शामिल हैं।



2016 से 2026 के बीच अलीगंज क्षेत्र में संपत्ति, मानचित्र, प्रवर्तन और विहित प्राधिकारी से जुड़े 100 से ज्यादा अधिकारियों और इंजीनियरों की सूची तैयार की जा रही है। सूची शासन और एसआईटी को भेजी जाएगी। इससे पहले एलडीए ने 18 इंजीनियरों और 6 अधिकारियों की सूची जांच के लिए भेजी थी। यह प्रक्रिया अलीगंज क्षेत्र में हुई अनियमितताओं की जांच का हिस्सा है। एसआईटी ने एलडीए के मौजूदा वीसी प्रथमेश कुमार और एक अपर सचिव को भी तलब किया था। उनसे अवैध निर्माण को लेकर हुई लापरवाही, भविष्य में ऐसी घटनाएं रोकने के उपाय और फाइलों की जानकारी ली। एलडीए ने संपत्ति आवंटन, मानचित्र स्वीकृति और ध्वस्तीकरण आदेशों से जुड़ी फाइलें एसआईटी को उपलब्ध करा दी हैं।

# यूपी के हर कॉलेज व यूनिवर्सिटी में छात्रों की लड़ाई लड़ेगी एएसएपी : वंशराज

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।




आम आदमी पार्टी की छात्र इकाई एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स फॉर अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स (एएसएपी) उत्तर प्रदेश की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक रविवार को लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य प्रदेश प्रवक्ता व छात्र विंग के उत्तर प्रदेश प्रभारी वंशराज दुबे ने की, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं सक्रिय साथियों ने भाग लिया।

बैठक में छात्रों, युवाओं और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े गंभीर मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रदेश में छात्रों की आवाज़ को मजबूती से उठाने के लिए जल्द ही एएसएपी की नई जुझारू और सक्रिय प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा, जो युवाओं के अधिकारों की लड़ाई को गांव से लेकर राजधानी तक मजबूती से आगे बढ़ाएगी। बैठक को संबोधित करते हुए छात्रविंग प्रदेश प्रभारी वंशराज दुबे ने कहा कि उत्तर प्रदेश का छात्र और युवा वर्ग आज अभूतपूर्व संकट का सामना कर रहा है। सरकार युवाओं के भविष्य को लेकर पूरी तरह संवेदनहीन हो चुकी है। लाखों छात्र अपने भविष्य को लेकर असमंजस में हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं के समाधान की बजाय लगातार उन्हें नजरअंदाज कर रही है। उन्होंने कहा कि अब आम आदमी छात्र विंग प्रदेशभर में छात्रों के मुद्दों पर संगठित और निर्णायक संघर्ष का नेतृत्व करेगी। बैठक के अंत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रदेश में जल्द ही एएसएपी की नई प्रदेश कार्यकारिणी की जाएगी। संगठन छात्रों और युवाओं के मुद्दों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन चलाएगा तथा सरकार को शिक्षा और रोजगार के अधिकार सुनिश्चित करने के लिए मजबूर करेगा। इस मौके पर अरुण वर्मा, अनीत रावत, अंशुल यादव, कुलदीप यादव, रघुकुल यथार्थ, आशीष कुमार, अंकुश उपाध्याय, राकेश यादव, आशीष मौर्य, निलेश चतुर्वेदी, आकाश सिंह, मो जाबिर रजा एवं सैकड़ों की संख्या में छात्र नेता शामिल हुए।

# मातृ शक्ति को संगठित रखना मेरा कर्तव्य : सरोज कुशवाहा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उत्तर प्रदेश की महिला मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सरोज कुशवाहा ने दायित्व ग्रहण करने के पश्चात रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात के 135वें संस्करण को पूर्वी मंडल तीन विवेकानंद पुरी वार्ड के बूथ संख्या 312 पर सुना।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रीना चौरसिया, पूर्वी विधानसभा के विधायक ओपी श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सरोज कुशवाहा का महिला मोर्चा की बहनों द्वारा स्वागत व अभिवादन किया गया।

सरोज कुशवाहा ने बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें महिलाओं को एक सूत्र में बांधने की जो यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है उसे वह शत प्रतिशत निष्ठा के साथ पूर्ण करेंगी। भारतीय जनता पार्टी की प्रत्येक महिला कार्यकर्ता हमारा परिवार है। प्रदेश व केंद्र की योजनाओं का सीधा लाभ उपलब्ध कराना हम सब का कर्तव्य है। इसे हम अंतिम स्वास तक पूर्ण करने का प्रयास करते रहेंगे।

### राजधानी में पल्स पोलियो अभियान का आगाज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में रविवार से सघन पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत हो गई। वीरांगना अवंतीबाई जिला महिला चिकित्सालय में उत्तरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. नीरज बोरा ने बच्चों को पोलियोरोधी दवा की दो बूंद पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने हर बच्चे को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलवाएं, भले ही उसे पहले कई बार यह दवा दी जा चुकी हो। उन्होंने कहा कि अभियान से कोई भी बच्चा वंचित नहीं रहना चाहिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि अभियान के तहत बूथों, घर-घर भ्रमण और ट्रांजिट स्थलों पर बच्चों को पोलियोरोधी दवा पिलाई जाएगी।

**सराहनीय** महाराष्ट्र, गुजरात, तमिलनाडु समेत कई बड़े राज्यों को यूपी ने बिजली आपूर्ति में छोड़ा पीछे

# डिमांड बिजली आपूर्ति में उत्तर प्रदेश नंबर-1

- लखनऊ, नोएडा सहित महानगरों में 24 घंटे, ग्रामीण क्षेत्रों में 22-24 घंटे बिजली

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की बेहतरीन बिजली व्यवस्था लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही है। भीषण गर्मी, बढ़ती बिजली मांग और प्राकृतिक बाधाओं के बावजूद उप्र. पावर कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) प्रदेशवासियों को निर्बाध बिजली आपूर्ति कर रहा है। इसे योगी सरकार की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। वहीं मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन और यूपीपीसीएल के कुशल प्रबंधन से यूपी देश में सर्वाधिक बिजली आपूर्ति करने वाले राज्यों में शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। विशेष बात यह है कि उत्तर प्रदेश लगातार अपने ही रिकॉर्ड तोड़ते हुए बिजली आपूर्ति के नए मानक स्थापित कर रहा है।

19 जून से उत्तर प्रदेश लगातार डिमांड बिजली आपूर्ति में देश का नंबर-1 राज्य बना हुआ है। उत्तर प्रदेश ने महाराष्ट्र, गुजरात जैसे बड़े औद्योगिक राज्यों को पीछे छोड़ दिया है। साथ ही, तमिलनाडु, कर्नाटक, पंजाब और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों से भी आगे निकलकर अपनी क्षमता साबित की है। इस तरह बिजली मांग के मामले में यूपी ने देश के कई बड़े राज्यों को पीछे छोड़ दिया है।

### 24 जून को रिकॉर्ड 32,673 मेगावाट बिजली आपूर्ति की गई

अगर डिमांड बिजली आपूर्ति पर नजर डालें तो 27 जून को उत्तर प्रदेश में 31949 मेगावाट बिजली आपूर्ति की गई। इसी तरह 26 जून को 31,839 मेगावाट और 25 जून को 31,852 मेगावाट की आपूर्ति दर्ज की गई थी। इतना ही नहीं, 24 जून को उत्तर प्रदेश ने नया इतिहास रचते हुए रात करीब 9:51 बजे 32,673 मेगावाट की रिकॉर्ड बिजली आपूर्ति की थी। यह अब तक की सर्वाधिक पीक डिमांड आपूर्ति थी। इसके पहले 23 जून की रात 10:26 बजे 32,405 मेगावाट बिजली आपूर्ति की गई थी। इसी तरह 22 जून को 31,841 मेगावाट, 21 जून को 32,348 मेगावाट, 20 जून को 31,549 मेगावाट और 19 जून को 30,968 मेगावाट बिजली आपूर्ति दर्ज की गई।

योगी सरकार में प्रदेश के शहरों से लेकर गांव तक निर्बाध बिजली आपूर्ति की जा रही है। लखनऊ, नोएडा, गाजियाबाद, कानपुर और वाराणसी जैसे महानगरों में लगातार 24 घंटे बिजली आपूर्ति करने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी 22 से 24 घंटे तक बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। इससे आम जनता को बड़ी राहत मिली है। इस तरह जो प्रदेश 2017 से पहले बिजली कटौती और खराब आपूर्ति व्यवस्था के लिए चर्चा में रहता था, वही आज रिकॉर्ड बिजली आपूर्ति और मजबूत ऊर्जा प्रबंधन के लिए देशभर में मिसाल बन गया है।

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने बताया कि विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में लगे हुए कार्मिक दिन-रात परिश्रम कर रहे हैं। उच्च अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा ही है। यूपीपीसीएल उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए कृत संकल्पित है। निदेशक वितरण ज्ञानेंद्र धर द्विवेदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने जिस तरह रिकॉर्ड स्तर पर डिमांड बिजली आपूर्ति की है, वह हमारी मजबूत विद्युत अवसंरचना, बेहतर प्रबंधन और टीमवर्क का परिणाम है। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी और रिकॉर्ड स्तर की बिजली मांग के बावजूद शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में रोस्टर से अधिक बिजली आपूर्ति की जा रही है।

# बंद मकान से लाखों की चोरी, 26 घंटे तक घर में डेरा डाले रहे दो चोर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के थाना गुडंबा क्षेत्र में रविवार को एक बंद मकान में लाखों की चोरी की घटना सामने आई है। चोर लगभग 26 घंटे तक घर के अंदर ही रुके रहे। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

गुडंबा क्षेत्र अंतर्गत पुलिस चौकी मोहम्मदपुर खत्री की बसेरा विहार कॉलोनी, कल्याणपुर निवासी प्रशांत मणि त्रिपाठी 31 मई को अपने बच्चों के साथ अपने कार्यस्थल गुरुग्राम चले गए थे। 27 जून को घर लौटने पर उन्होंने देखा कि मकान के ताले टूटे हुए हैं। अंदर घर में रखे पत्नी के लाखों रुपये के बहुमूल्य सोने-चांदी के आभूषण और 26 हजार रुपये चोरी हो चुके थे।



देखे तो पता चला कि 25 जून की रात लगभग 12:32 बजे दो चोर घर में प्रवेश करते हैं। इसके बाद दोनों चोर लगभग 26 घंटे तक घर के अंदर ही रुके रहे। इस दौरान उन्होंने घर के अंदर शराब पी, खाना खाया, एसी चलाया, फड्राई फ्रूट्स खाए तथा घर की दीवारों और शीशों पर अभद्र गालियां लिखीं व अश्लील चित्र बनाए। इसके बाद 26 जून की रात लगभग 2:15 बजे दोनों चोर चोरी का सामान लेकर घर से बाहर निकलते हुए सीसीटीवी कैमरे में साफ दिखाई दे रहे हैं।

पीड़ित ने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य साक्ष्य उपलब्ध कराते हुए आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

थाना प्रभारी अंजनी कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है, जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### पुवायां में मानक विहीन पैथालॉजी की भरमार



**पुवायां, शाहजहांपुर।** नगर में मानक विहीन पैथालॉजी की भरमार है। बिना मानकों के संचालित पैथोलॉजी लैब स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा हैं। ऐसे अवैध जांच केंद्र बिना प्रशिक्षित तकनीशियनों और डॉक्टरों के धड़ल्ले से चल रहे हैं। नगर में बण्डा रोड़, शाहजहांपुर रोड़, निगोही व खुटार रोड़ पर दर्जनों अवैध पैथालॉजी सेंटर संचालित किए जा रहे है। इन जांच केंद्रों पर मरीज ब्लड की जांच कराने जाते है तो वह जांच के नाम पर दोगुना बसूली करते है साथ ही उनकी गलत जांच मरीज को खतरे में डाल रही है। जांच केंद्र के कुछ लाइसेंस धारक का कहना है कि इनकी लापरवाही से सभी जांच केंद्रों पर बुरा प्रभाव पड़ता है। साथ मानक विहीन पैथालॉजी पर कार्यवाही होनी चाहिए ताकि भविष्य में ये मरीजों के साथ खिलवाड़ न कर सके। इन मानक विहीन पैथोलॉजी सेंटरों से जुड़ी प्रमुख समस्याओ में अहम समस्या गलत रिपोर्ट का आना। बिना लाइसेंस वाले केंद्रों पर प्रशिक्षित स्टाफ न होने के कारण अक्सर गलत जांच रिपोर्टें आती हैं। गलत रिपोर्ट के आधार पर डॉक्टर गलत दवाएं लिख सकते हैं। जिससे मरीज की जान जोखिम में पड़ जाती है। जांच लैब खोलने के लिए निर्धारित तकनीकी मानकों को ताक पर रखकर केवल मुनाफे के लिए इनका संचालन किया जाता है।इन केंद्रों पर चिकित्सा कचरे के सुरक्षित निपटान और स्वच्छता का कोई ध्यान नहीं रखा जाता। वही सीएचसी अधीक्षक नरेंद्र पाल ने बताया कि अगर नगर में अवैध पैथालॉजी सेंटर चल रहे है तो उन पर कार्यवाही की जाएगी।

### कार्यरत शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता वापस लेने की मांग, सांसद को सौंपा ज्ञापन



**शाहजहाँपुर।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा वर्ष 2011 से कार्यरत शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता लागू किए जाने के प्रस्ताव का विरोध करते हुए सांसद श्री अरुण कुमार सागर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से केंद्र सरकार से मांग की गई कि पूर्व से सेवा दे रहे शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से पूर्णतः मुक्त रखा जाए तथा इस संबंध में स्पष्ट नीति जारी की जाए। ज्ञापन में कहा गया कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) द्वारा 23 अगस्त 2010 को जारी अधिसूचना के अनुसार टीईटी को शिक्षक नियुक्ति की न्यूनतम योग्यता बनाया गया था। इसके बाद उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में वर्ष 2011 से टीईटी के उपरांत शिक्षकों की नियुक्तियां की गईं। वर्तमान में कार्यरत लाखों शिक्षक वर्षों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। ऐसे में पुनः टीईटी की अनिवार्यता लागू करना शिक्षकों के अधिकारों, प्राकृतिक न्याय तथा विधिक निश्चितता के सिद्धांतों के विपरीत है। महासंघ ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त सभी कार्यरत शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से स्थायी रूप से मुक्त किया जाए, राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को इस संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं तथा भविष्य में किसी भी प्रकार की कानूनी असमंजस की स्थिति समाप्त की जाए। इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि, वर्ष 2011 से नियमित रूप से सेवा दे रहे लाखों शिक्षकों पर पुनः टीईटी की अनिवार्यता थोपना पूरी तरह अनुचित एवं अन्यायपूर्ण है। शिक्षकों की योग्यता, अनुभव और वर्षों की उत्कृष्ट सेवा पर प्रश्नचिह्न लगाना उनके सम्मान के विपरीत है। सरकार को इस निर्णय पर पुनर्विचार करते हुए कार्यरत शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से पूर्णतः मुक्त करना चाहिए। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ शिक्षकों के सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से अपना संघर्ष निरंतर जारी रखेगा। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष अवधेश कुमार मैथिल, जिला संगठन मंत्री अंकुर त्रिपाठी विमुक्त, उपेंद्र कुमार गुप्ता, श्रेयश चंद्र सक्सेना, आदित्य सिंह, राम दयाल तिवारी, अमित पटेल, अमित गुप्ता, हेमंत कुमार, कर्मवीर सिंह, अनिरुद्ध वर्मा, पंकज वर्मा, गौरव सिंह, अनमोल, शैफाली शर्मा, श्वेता जौहरी, सरिता चौहान, अमिता दुबे एवं अपर्णा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। सांसद अरुण कुमार सागर ने शिक्षकों की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि वह इस विषय को केंद्र सरकार एवं संबंधित मंत्रालय के समक्ष प्रमुखता से उठाएंगे एवं अग्रिम संसद मानसून सत्र में टेट अध्यादेश की मांग पर कार्यरत शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए सकारात्मक प्रयास करेंगे।

### 250 लीटर डीजल के साथ एक युवक गिरफ्तार, न्यायलय में हुआ पेश भेजा गया जेल



**तिलहर-शाहजहांपुर।** तिलहर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करीब 250 लीटर डीजल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर बंथरा डिपो से आने-जाने वाले तेल टैंकरों से डीजल चोरी कर अवैध रूप से उसकी बिक्री करता था। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर तीन अन्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 27 जून को थाना तिलहर कोतवाली क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग के दौरान बंथरा रेलवे ओवरब्रिज के नीचे एक व्यक्ति पांच जरीकेनों के साथ संदिग्ध अवस्था में खड़ा मिला। पूछताछ में उसने अपना नाम अनुराग पुत्र जिलेदार निवासी ग्राम सहवेगपुर, थाना तिलहर, जनपद शाहजहांपुर बताया। पुलिस ने पांचों जरीकेनों की जांच की, जिनमें करीब 250 लीटर डीजल भरा मिला। नियमानुसार डीजल के नमूने लेकर उन्हें सीलबंद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने साथियों अनूप, बड़े और संजय के साथ मिलकर बंथरा डिपो से आने-जाने वाले तेल टैंकरों से डीजल निकालकर विभिन्न स्थानों पर बेचता था तथा बिक्री से प्राप्त रकम आपस में बांट लेते थे। मामले में पूर्ति निरीक्षक संजय यादव की ओर से बीएनएस की धारा 337/2026 के तहत धारा 303(2) एवं 317(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### नगर पंचायत निगोही वासियों को मिली सड़क की सौगात

**निगोही, शाहजहांपुर।** विधायक सलोना कुशवाहा के अथक प्रयास से निगोही पुवायां मार्ग से नसीम अंसारी की दुकान तक मुख्य मार्ग निर्माण प्रारंभ कराया। विधायक सलोना कुशवाहा द्वारा नगर को जाने वाला मुख्य मार्ग का निर्माण शुरू करवा दिया गया। जो कि काफ़ी वर्षों से जर्जर अवस्था में उवडखावड की स्थिति मे था। जिससे आने जाने वालों को काफी कठिनाईयो का सामना करना पड़ता था। तब राहगीर अपनी मंजिल तक पहुंच पाते थे। हमेशा जलभराव रहता था नगर पंचायत निगोही की बाज़ार जाने का मुख्य मार्ग भी यही है जिसका निर्माण कार्य शुरू होने से निगोही वासियों को बड़ी राहत मिलेगी।

# सीएमओ ने पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक कुमार मिश्रा द्वारा अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जलीकोठी में पल्स पोलियो बूथ का उद्घाटन किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने 2 बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाकर समस्त नागरिकों से अपील की 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो के खुराक़ अवश्य पिलाएं। उन्होंने बताया भारत पोलियो से मुक्त हो गया है लेकिन पड़ोसी देशों में पोलियो के वायरस मौजूद हैं इसलिए एहतियातन भारत के प्रत्येक 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो से पूर्ण रूप से प्रतिरक्षित किया जाना जरूरी है इसलिए सभी अभिभावक अपने बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं।जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ मोहम्मद आसिफ ने बताया कि जनपद में रविवार को 1976 बूथों पर पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है आज से 3 जुलाई तक स्वास्थ्य विभाग की 1150 टीमें घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाएंगी एवं ट्रांजिट टीम द्वारा ईट भट्ठे, घुमंतू लोगों एवं भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।उद्घाटन के अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पी पी श्रीवास्तव, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ मोहम्मद आसिफ, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ घनश्याम, एसएमओ डॉ आकांक्षा यादव, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी वीरेंद्र शर्मा, डीपीएम पुष्पराज, जे एस आई से इस्माईल खान आदि लोग उपस्थित रहे।

**बच्चों को पिलाई जीवनरक्षक खुराक**

## सीएमओ ने मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का किया औचक निरीक्षण, स्वास्थ्य सेवाओं का लिया जायजा



**शाहजहांपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा ने रविवार को अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जलीकोठी में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेंद्र पाल सहित स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ मौजूद रहा।निरीक्षण के समय ओपीडी में छह मरीजों का उपचार किया जा चुका था, जबकि सीएमओ ने स्वयं तीन मरीजों की जांच कर आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया। दवा वितरण कक्ष में छह मरीजों को दवाएं वितरित की जा चुकी थीं। सीएमओ ने दवाओं को सुव्यवस्थित रखने, एक्सपायरी तिथि की जांच के बाद ही वितरण करने, सभी अभिलेख अद्यतन रखने तथा मुख्यमंत्री आरोग्य मेला पोर्टल पर मरीजों को दी गई सभी स्वास्थ्य सुविधाओं की समयबद्ध फीडिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही ड्यूटी के दौरान निर्धारित वेशभूषा (एप्रन) में उपस्थित रहने के भी निर्देश दिए।एएनएम मंजू द्वारा 10 बच्चों का टीकाकरण किया जा चुका था। सीएमओ ने टीकाकरण की रिपोर्ट समय पर यू-विन पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सात लाभार्थियों को एआरवी डोज भी दी गई थी। इसके अलावा अस्पताल परिसर एवं शौचालयों की नियमित साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए गए।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से तीन लोग घायल, दो की हालत गंभीर



**खुटार, शाहजहांपुर।** थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव पैगापुर निवासी जगदीश शुक्ला, रामनिवास शुक्ला तथा एक अन्य व्यक्ति रविवार को एक ही बाइक पर सवार होकर किसी काम से खुटार आ रहे थे। इसी दौरान खुटार-पुवायां रोड पर गांव रुजहा कलां मोड़ के पास पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना डायल-108 एंबुलेंस और पुलिस को दी। सूचना मिलने पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार लाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि एक घायल को उपचार के बाद घर भेज दिया गया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है और घटना की जांच की जा रही है।

## सीएचसी कांट में तैनात चिकित्सक डॉ. राजीव मेहरोत्रा आवास में मृत मिले

**पुलिस व फोरेंसिक टीम जांच में जुटी**

**कांट, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कांट में तैनात वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राजीव मेहरोत्रा रविवार सुबह अपने सरकारी आवास में मृत अवस्था में मिले। वह अपने बिस्तर के पास पेट के बल गिरे पड़े थे।सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम की मौजूदगी में दरवाजा खुलवाकर जांच शुरू कर दी। डॉ. राजीव मेहरोत्रा मूल रूप से जनपद सीतापुर के निवासी थे। उनकी उम्र लगभग 65 वर्ष थी। वह एमबीबीएस चिकित्सक थे और सेवानिवृत्ति के बाद पुनः स्वास्थ्य विभाग में सेवाएं दे रहे थे। वर्तमान में उनकी तैनाती सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांट में थी। बताया गया कि उनका वैवाहिक जीवन अलगाव में समाप्त हो चुका था और वह अकेले रहते थे।जानकारी के अनुसार डॉ. मेहरोत्रा की दिनचर्या नियमित थी और वह प्रतिदिन सुबह करीब चार बजे उठ जाते थे। रविवार सुबह लगभग सात बजे जब सीएचसी



स्टाफ उनके आवास पहुंचा तो काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला। कई बार आवाज देने के बाद भी अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद सुपरवाइजर नीलाक्ष पाठक ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक विजय प्रताप सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। चिकित्साधिकारी डॉ. आशुतोष और स्टाफ की मौजूदगी में डायल-112 को सूचना देकर पुलिस ने आवास का दरवाजा खुलवाया। डॉक्टर साहब के सामने रहने बाली स्टॉप नर्स अंजली मिश्रा ने बताया कि वह सुबह सुबह उठ कर नाश्ता बनाते थे खुद ही।ओर कल शाम 6 बजे लाइट के बारे पूछा ।स्टॉप के पहुंचने पर डॉ. मेहरोत्रा मृत अवस्था में मिले। इसके बाद फोरेंसिक टीम ने मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाए और जांच शुरू की।पुलिस का कहना है कि मृत्यु के कारणों का स्पष्ट पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच पूरी होने के बाद ही चल सकेगा। घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों में शोक का माहौल है। मौके पर सीओ सदर उत्कर्ष वर्मा भी मौके पर पहुंच कर मौका मुआयना किया।

# ग्रामीण विकास विषय पर पुस्तक का हुआ विमोचन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. राम शंकर पांडेय द्वारा ग्रामीण विकास विषय पर लिखी गई पुस्तक का विमोचन महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली के अर्थशास्त्र विभाग की डॉ.रूचि द्विवेदी के द्वारा किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ऐसे महत्वपूर्ण विषय पर पुस्तकों का लेखन न केवल लेखकों के ज्ञान एवं अनुभव को समाज और विद्यार्थियों तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम है, बल्कि इससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री भी उपलब्ध होती है। पुस्तक के सह-लेखक राजकीय महाविद्यालय बीसलपुर पीलीभीत के अर्थशास्त्र विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विकास प्रधान हैं। डॉ राम शंकर पाण्डेय ने बताया कि उन्होंने इस पुस्तक का लेखन कार्य विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पी. बी. सिंह की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। विश्वविद्यालय के वाणिज्य संकाय के अध्यक्ष प्रो. अनुराग अग्रवाल ने कहा कि ग्रामीण विकास जैसे समसामयिक एवं महत्वपूर्ण विषय पर तैयार की गई यह पुस्तक विद्यार्थियों, शोधार्थियों तथा शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने पुस्तक के लेखकों को बधाई देते हुए इसे अकादमिक जगत के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान बताया। इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. मधुकर श्याम शुक्ला, डॉ. पूजा बाजपेई, डॉ. के. के. वर्मा, डॉ. रूपक श्रीवास्तव सहित विश्वविद्यालय के अनेक शिक्षक एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। सभी ने पुस्तक के सफल लेखन पर लेखकों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल शैक्षणिक भविष्य की कामना की।

# भाजपा को 2027 में हटाने जा रही जनताः सोमवंशी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्य समिति के सदस्य रामवीर सिंह सोमवंशी ने कहा है कि प्रदेश की जनता भाजपा को सत्ता से हटाने जा रही है। भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है। हर तरफ लूट मची है। आम जनता को थाना, तहसील से लेकर हर जगह भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य सेवाएं बर्बाद हो गयी है। अस्पतालों में समुचित दवा, इलाज नहीं मिल रहा है। इस सरकार में पीडीए का आरक्षण छीना गया। भाजपा को दस साल की सरकार का हिसाब देना होगा। सोमवंशी ने कहा कि जनता प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने जा रही है। पीडीए की सरकार में सामाजिक न्याय के राज की स्थापना होगी। उत्तर प्रदेश को खुशहाली के रास्ते पर ले जाने का कार्य होगा। रामवीर सिंह सोमवंशी ने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी निन्दनीय और चिंताजनक है। अयोध्या देश ही नहीं दुनिया भर के सनातनियों के लिए आस्था का स्थान है। धार्मिक नगरी के कारण अयोध्या से सनातनियों का भावनात्मक लगाव है। वहां जो चढ़ावा चोरी की घटना हुई वह बहुत निन्दनीय है। इस घटना से देश की जनता दुःखी है। चोरी की खबर आने के बाद सरकार को झुककर एसआईटी बनाना पड़ा। एसआईटी बनी लेकिन उसकी रिपोर्ट जिसे सौंपी गयी वह एक प्रश्नचिह्न है। श्री सोमवंशी ने कहा कि भाजपा के लिए धन ही धर्म है। लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ हुआ है। प्रदेश के मुख्यमंत्री अयोध्या दौरे का विश्वरिकार्ड बना रहे थे। हर सप्ताह अयोध्या जा रहे थे। आखिर उनका सूचना तंत्र कहां था? उन्हें चढ़ावा चोरी की जानकारी क्यों नहीं हुई? अयोध्या समेत पूरे प्रदेश में हो रहे भ्रष्टाचार की जानकारी मुख्यमंत्री जी को क्यों नहीं हो रही है? चढ़ावा चोरी मामले में आरोपियों से पैसे बरामद हो रहे है। कंडे और गोबर में पैसे मिल रहे है। गिरफ्तारियां हो रही है। इन लोगों ने आस्था के साथ खिलवाड़ किया है। प्रभु श्रीराम इन्हें माफ नहीं करेंगे। श्री सोमवंशी ने पंचायत चुनाव को लेकर हाईकोर्ट की टिप्पणी पर कहा कि जो सरकार नवम्बर में विधानसभा चुनाव कराने का प्रोपेगंडा फैला रही है वह प्रधानी का चुनाव नहीं करा पायी। जो वन नेशन वन इलेक्शन की बात कर रहे थे, वे प्रधानी का चुनाव नहीं करा पाये। भाजपा सरकार ने प्रधानों का खर्चा बढ़ा दिया। अब जब तक चुनाव नहीं होगा, प्रधानों को तब तक पैसा खर्चा करना होगा। लखनऊ में अग्निकांड की घटना में कई घरों के कमाने वाले बच्चों की जान चली गयी लेकिन अहंकार में डूबे मुख्यमंत्री जी पीड़ित परिवारों से कह रहे है कि भाषण मत सुनाओ। जब मीडिया के सामने मुख्यमंत्री का व्यवहार ऐसा है तो पीछे कैसा व्यवहार होगा? एक सवाल के जवाब में श्री रामवीर सिंह सोमवंशी ने कहा कि भाजपा को सत्ता से हटाना बहुत जरूरी है। भाजपा लोकतंत्र की हत्या कर रही है। संविधान को नहीं मान रही है। अगर भाजपा फिर यूपी में जीत गयी तो आगे चुनाव नहीं होगा। लोगों को वोट देने का मौका नहीं मिलेगा। बंगाल विधानसभा चुनाव और उत्तर प्रदेश के उपचुनाव में लोकतंत्र की हत्या हुई है। चुनाव में जो कुछ हुआ उसे सभी ने देखा है।



# नाबालिग किशोरी से रेप का आरोपी गिरफ्तार

**दूसरा पुलिस की गिरफ्त से 28 दिन बाद भी दूर**

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



एक माह पूर्व नाबालिग किशोर को बहला फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ रेप करने के मामले में आरोपी दो युवकों में से एक युवक को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर कोर्ट के समक्ष पेश किया । जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

क्षेत्र की एक पीड़ित मां ने बीती दो जून को दर्ज रिपोर्ट में कहा था कि एक जून को उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी को तिलहर के मोहल्ला बनवारी पुर निवासी राज पुत्र गणेश व बंटी पुत्र बबलू बहला फुसलाकर कर भगा ले गए हैं। पीड़ित मां ने उसके साथ अनिष्ट होने की आशंका जताते हुए बरामदगी की गुहार लगाई थी।

एसआई देवेंद्र कुमार ने लड़की को दो दिन बाद बरामद कर उसका चिकित्सीय परीक्षण व कोर्ट में बयान करने के बाद रेप व पॉस्को की धाराएं बढ़ते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। रविवार को मुखबिर की सूचना पर पूर्वान्ह साढ़े ग्यारह बजे आरोपी राज पुत्र गणेश को मुखबिर की सूचना पर मोहल्ला नजरपुर से गिरफ्तार कर लिया । जिसे कोर्ट में पेश किया गया । जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने बाली टीम में कोतवाल प्रिंस शर्मा, एसआई देवेंद्र कुमार व कांस्टेबिल मंयक भाटी शामिल रहे।

## शराब ठेके के पास मिला युवक का शव

**पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा, पुलिस जांच में जुटी**

**कांट, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम रमापुर स्थित शराब ठेके के पास रविवार को एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई।घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पहचान कराई। मृतक की पहचान जुनैद (करीब 30 वर्ष) पुत्र लईक अहमद निवासी ग्राम लोधीपुर के रूप में हुई।पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल युवक की मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# याकूबपुर कर्बला में सुपुर्द-ए-खाक किए गए ताजिए, हुसैन के नारों से गूंजा शहर

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

मोहर्रम की दसवीं तारीख यौम-ए-आशूरा के मौके पर जलालाबाद में मुस्लिम समाज की ओर से परंपरागत तरीके से ताजिया जुलूस निकाला गया। पैगंबर-ए-इस्लाम के नवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में निकले इस जुलूस के बाद याकूबपुर स्थित कर्बला में तमाम ताजिए सुपुर्द-ए-खाक किए गए। ताजिया जुलूस के दौरान अकीदतमंदों ने या हुसैन, हक हुसैन के नारे लगाए। पूरा माहौल गमगीन और अकीदत से भरा रहा। लोगों ने इमाम हुसैन की कुर्बानी को याद कर दुआएं कीं। नगर में कई स्थानों पर बरसों से ताजिए रखे जाते हैं। इस बार सरताज शाह नबी अहमद, भुल्लन खान, जामा मस्जिद का करीब 150 साल पुराना ताजिया, जमील कुरैशी, कासिम, बादल, खलील मेंबर आदि के ताजिए जुलूस में शामिल हुए। सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्राधिकारी जलालाबाद ज्योति यादव और प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह चौहान के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी से जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।मोहर्रम के मौके पर नगर में अमन-चैन की दुआ मांगी गई। यौम-ए-आशूरा पर निकला जुलूस, या हुसैन के नारों से गूंजा शहर। 150 साल पुराने ताजिए भी हुए शामिल।। सीओ ज्योति यादव व इंस्पेक्टर अरविंद चौहान के नेतृत्व में रहा सुरक्षा घेरा।



# विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं ने श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

**राजघाट पर गूंजे स्वच्छ नदी-स्वस्थ जीवन के नारे, जनसहभागिता से चला वृहद स्वच्छता अभियान**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जिला गंगा समिति के तत्वावधान में जनसहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डीपीओ डॉ. विनय कुमार सक्सेना के निर्देशन एवं वर्क चैरिटेबल ट्रस्ट के नेतृत्वकर्ता रेहान कुरैशी की अगुवाई में गर्रा नदी स्थित राजघाट पर वृहद स्वच्छता एवं श्रमदान अभियान आयोजित किया गया। अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने भीषण गर्मी के बावजूद उत्साहपूर्वक श्रमदान करते हुए घाट परिसर को स्वच्छ बनाया तथा स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के नारों से पूरे क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी एवं परिवार न्यायालय परामर्शदाता मुकेश सिंह परिहार ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि नदियों का संरक्षण प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से पर्यावरण के प्रति जागरूक होकर स्वच्छता को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया। स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रूपक श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान भौतिकवादी युग में प्रकृति एवं पर्यावरण की सेवा ही सच्ची ईश्वर भक्ति का स्वरूप है। उन्होंने अपने विचारों एवं व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाने पर बल दिया। समाजसेवी राजू बग्गा ने कहा कि स्वस्थ समाज की नींव स्वच्छता पर आधारित है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प लेना चाहिए। डी.एन.टी. श्रम संविदा सहकारी समिति लिमिटेड, सदर शाहजहांपुर की डायरेक्टर एवं स्वदेशी जागरण मंच की प्रांत सह महिला प्रमुख श्रीमती सावित्री शर्मा ने कहा कि स्वच्छता केवल माननीय प्रधानमंत्री का अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य और संकल्प होना चाहिए। विकास खंडेलवाल, हिमांशु सक्सेना, नितिन अग्रवाल एवं शिवम ने नगर निगम शाहजहांपुर सहित सभी सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए अधिक से अधिक लोगों से ऐसे जनहितकारी अभियानों से जुड़ने की अपील की। अभियान में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक मेरा युवा भारत के हर्ष पाण्डेय एवं उनकी टीम, अंशिका ग्रामोद्योग सेवा संस्थान, युवा सर्व कल्याण सेवा समिति, गंगा समग्र, स्वदेशी जागरण मंच तथा वर्क चैरिटेबल ट्रस्ट के स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए श्रमदान किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर मोहम्मद फौज, मोहम्मद उमैर, नवेद अहमद, तस्मीया, अंगशुमान, रोहित, श्रेयांश मंगल पाण्डेय, अंकित वर्मा सहित अनेक स्वयंसेवकों का विशेष सहयोग रहा।

# आर्य समाज पर कब्जा करने पहुंचे दर्जनों हमलावरों ने किया जमकर तांडव

- जमकर चले लाठी डंडे, हुआ पथराव
- संस्था के मंत्री लोकेश आर्य पर जानलेवा हमला, आर्य समाज में वैवाहिक रस्म में शामिल लोगों को भी नहीं बख्शा हमलावरों ने
- शिवराम सिंह व विजयपाल सिंह यादव समेत दो दर्जन से ज्यादा लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज



**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

आर्य समाज में जबरन कब्जा करने के लिए घुसे दो दर्जन से अधिक हमलावरों ने संस्था के मंत्री लोकेश आर्य पर जानलेवा हमला कर दिया। जान बचाने को अंदर भागने पर हमलावरों ने अंदर हो रहे वैवाहिक रस्म में शामिल महिलाओं व पुरुषों को भी नहीं बख्शा। इस दौरान जमकर लाठी डंडे व पथराव के चलते करीब दर्जन भर लोग चोटिल हो गए। जिनमें चार की स्थिति गम्भीर बताई गई है। बारातियों ने एक जुट होकर हमलावरों को खदेड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति का जायजा लिया। घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी भिजवाया गया। जहां से कुछ को गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घटना की आधा दर्जन नामजद व करीब दो दर्जन अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

आर्य समाज तिलहर के मंत्री लोकेश आर्य ने दर्ज रिपोर्ट में बताया है कि आर्य समाज ने कई वर्ष पहले गढ़िया रंगीन थाने क्षेत्र के गांव शिवराम सिंह पुत्र रामभरोसे सिंह व तिलहर कोतवाली के निकट निवासी व विजयपाल सिंह यादव पुत्र मिलाप सिंह को आर्य समाज से विधिक रूप से निष्काषित कर दिया गया था। जिससे उक्त दोनों व उनके परिवार के लोग उससे रंजिश मानते है। 27 जून से नगर के मोहल्ला हिंदूपट्टी निवासी रमेश सिंह की बेटी की बारात रुकी हुई थी। रविवार सुबह वह भी आर्य समाज में मौजूद थे। आरोप है कि सुबह सात बजे शिवराम सिंह अपने बेटे विवेक सिंह , आलोक सिंह व प्रतीक सिंह के साथ तथा विजयपाल सिंह यादव अपने तीनो बेटों के साथ , मोहल्ला भक्सी निवासी कृष्ण मुरारी , कांट थाना क्षेत्र के गांव बनकटा निवासी 15-20 अज्ञात गुंडा किस्म के साथियों के साथ आर्य समाज के मुख्य गेट से अंदर घुस आए। आते ही सभी उसपर हमलावर हो लाठियों से मारने पीटने लगे। वह जान बचाने के लिए आर्य समाज के अंदर भागा। तो आर्य समाज में रुके बारातियों व घरातियों ने हमलावरों को जैसे तैसे रोकना चाहा तो। लेकिन सभी आर्य समाज में रुके बारातियों व घरातियों पर टूट पड़े और कई बारातियों व घरातियों की लाठी डंडे से पीटना शुरू कर दिया। जिसमें नन्हे सिंह पुत्र श्याम पाल सिंह निवासी उमरसड़ , अनुज कुमार सिंह तोमर पुत्र रमेश सिंह हिंदू पट्टी , मालती तोमर पत्नी अजीत कुमार सिंह व सोनी पुत्री रमेश सिंह व अन्य कई लोगो के साथ मार पीट की गई। जिससे कई बाराती व घराती चोटिल हो गए। उक्त लोगो ने मालती तोमर पत्नी अजीत कुमार सिंह व सोनी सिंह पुत्री रमेश सिंह के साथ अश्लीलता पूर्वक मार पीट की तथा मालती तोमर पत्नी अजीत कुमार सिंह का एक झाला व सोनी सिंह पुत्री रमेश सिंह के कानों के दो सोने के कुंडल मार पीट के दौरान गायब हो गये। घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी भेजा गया। जहाँ से जिला अस्पताल रेफर किया जा चुका है। पुलिस के आने पर जैसे तैसे वह व बराती अपनी जान बचा सके है।

कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## सड़क हादसे में चौकीदार की मौत, अज्ञात वाहन चालक पर मुकदमा

**खुटार, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में एक चौकीदार की मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गांव नरौठ हंसराम निवासी अरविंद कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव टंडोला निवासी राजाराम उनके बाबा चौराहा स्थित मछली फार्म पर चौकीदारी का काम करते थे। आरोप है कि देर रात करीब एक बजे किसी अज्ञात वाहन ने राजाराम को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रविवार को पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सेंट मैरी स्कूल में जॉयफुल सेमिनार



**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर के सेंट मेरी कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जॉयफुल सेमिनार विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था में सकारात्मक वातावरण बनाते हुए दैनिक जीवन में खुशी के महत्व को समझाया गया। सेमिनार में रिसोर्स परण के रूप में जॉन शेखर व अमीषा रफेल को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक रेव. फादर लीजू एंटनी, प्रधानाचार्या रेव. सिस्टर पुनीता एवं शिक्षकगण शामिल रहे। रेव. फादर लीजू एंटनी ने प्रकृति के सम्मान के प्रतीक पौधा भेंट कर रिसोर्स पर्सन्स का स्वागत किया। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य खुशी फैलाना और सभी को यह अनुभव कराना था। हमारे पास जो कुछ भी है, उसके लिए हमें आभारी रहना चाहिए। रिसोर्स पर्सन्स ने कहानियों, गतिविधियों और संवादात्मक सत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों व शिक्षकों को कृतज्ञता, सकारात्मकता और जीवन की छोटी-छोटी खुशियों पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया।

# श्री काकुत्स्थ जन कल्याण समिति द्वारा पिलाया गया रहगीरों को शर्बत

- शर्बत वितरण के साथ साथ दिया गया स्वच्छता का संदेश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




श्री काकुत्स्थ जन कल्याण समिति द्वारा भीषण गर्मी में रहगीरों को राहत देने के उद्देश्य से रविवार को शर्बत वितरण कार्यक्रम आवास विकास रोड कुम्हारों वाला मंदिर के पास किया गया। शर्बत वितरण में समाज के काफी लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हुए, जिसमें धर्मेंद्र कुमार सक्सेना डीके ने भगवान भोलेनाथ को शर्बत का भोग लगाया और रामकुमार बखिया ने श्रीकाकुत्स्थ महाराज को भोग लगाया। तत्पश्चात राहगीरों को शर्बत पिलाया गया। शर्बत वितरण करने के उपरांत वहां पर समाज के लोगों द्वारा श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश भी दिया गया। जो भी वहां पर कचरा फैला था, उसको झाड़ू से एकत्र कर कूड़ादान में डाला गया। जिससे कि समाज में स्वच्छता को लेकर एक संदेश दिया गया। इस मौके पर श्रीराम कुमार बखिया पूर्व जिलाध्यक्ष,विक्रांत बखिया जिलाध्यक्ष, धर्मेंद्र कुमार काकुत्स्थ डीके उपाध्यक्ष, प्रदीप कुमार काकुत्स्थ, प्रदीप कुमार काकुत्स्थ पार्षद नरेश चंद्र, काकुत्स्थ, सुरेंद्र कुमार काकुत्स्थ, अनिल कुमार काकुत्स्थ, विनोद कुमार काकुत्स्थ, सतीश चंद्र काकुत्स्थ, राजेश बाबू काकुत्स्थ, चंद्र प्रकाश उर्फ चंदू काकुत्स्थ आदि मौजूद रहे।

# 11 हजार वोल्ट लाइन से पेड़ में उतरा करंट, करंट लगने से युवक झुलसा, हाथ टूटा

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र में बिजली विभाग की कथित लापरवाही का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन पेड़ की शाखाओं से टच हो रही थी। ग्रामीणों का आरोप है कि इस संबंध में कई बार संबंधित लाइनमैन को सूचना दी गई, लेकिन समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की गई।

बताया जा रहा है कि ग्राम बहेड़ निवासी ऋषिकेश सिंह (पप्पू) पेड़ में उतरे करंट की चपेट में आ गए। करंट लगने से उन्हें जोरदार झटका लगा, जिससे वे नीचे गिर पड़े। गिरने के कारण उनका हाथ टूट गया। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने उन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। इस मामले में जूनियर इंजीनियर अमित कुमार चौधरी ने बताया कि उन्हें पेड़ की छंटाई के संबंध में कोई पूर्व सूचना प्राप्त नहीं हुई थी। उनके अनुसार, संबंधित व्यक्ति बिना विभाग को सूचना दिए अपनी मर्जी से पेड़ की छंटाई करने लगे, जबकि उस समय विद्युत आपूर्ति चालू थी। उन्होंने यह भी बताया कि घटना के बाद आज विभाग द्वारा उक्त पेड़ की छंटाई करवा दी गई है।

वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते पेड़ की कटाई-छंटाई कर विद्युत लाइन को सुरक्षित कर दिया जाता, तो यह हादसा टाला जा सकता था। घटना के बाद लोगों में बिजली विभाग के प्रति नाराजगी है और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है।

# पद और कुर्सी छोटी संगठन बड़ाः पूरनलाल लोधी

- भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष का प्रथम नगर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को बताई संगठन की ताकत

**तिलहर - शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



ब्रज प्रांत के नवनिर्वाचित क्षेत्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता पूरनलाल लोधी का प्रथम नगर आगमन पर नगर के किसान इंटर कॉलेज में भाजपा जिला उपाध्यक्ष अरुण यादव चेनू के नेतृत्व में सम्मान समारोह में जोरदार स्वागत किया गया।

पूरनलाल लोधी ने इस दौरान उपस्थित संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं का उत्साह बर्धन करते हुए कहा कुर्सी और जिम्मेदारी छोटी बड़ी हो सकती है। लेकिन रिश्ते हमारे दिलों से जुड़े हैं। उन्होंने राकेश मिश्रा अनावा को अपना बड़ा भाई कहकर सम्मान दिया। बोले समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का विकास होने पर ही कार्यकर्ता का भी विकास होगा। उन्होंने स्वागत और सम्मान के लिए सभी का आभार जताया। भाजपा नेता देवेंद्र गुप्ता के आवास पर क्षेत्रीय अध्यक्ष का स्वागत कर जलपान कराया गया।भाजपा नगर अध्यक्ष रोहित साहू के द्वारा सब्जी मंडी बजरिया स्थित धर्मशाला में आयोजित स्वागत सम्मान समारोह में पहुंचे पूरन लाल लोधी का उत्साहित कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया।क्षेत्रीय अध्यक्ष ने अपने स्वागत से अभिभूत होकर कहा कि इस भीषण गर्मी के मौसम में कार्यकर्ताओं का जो स्नेह उन्हें आज स्वागत के रूप में मिला है इसके लिए वह सदैव उनके आभारी रहेंगे।यहां पर कार्यकर्ताओं सहित सभी के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। इस दौरान जिलाध्यक्ष कृष्ण चंद्र मिश्रा, क्षेत्रीय महामंत्री राकेश अनावा, तिलहर ब्लॉक प्रमुख कविता यादव, निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप यादव, एमएलसी सुधीर गुप्ता, निगोही ब्लॉक प्रमुख भानु प्रताप, जैतीपुर ब्लॉक प्रमुख पति राजीव कश्यप, आंवला प्रभारी दोदराम कुशवाह, आशीष अवस्थी, सुशील बाबू गुप्ता समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### बंडा में भीषण सड़क हादसा, कैंटर के उड़े परखच्चे, चालक-परिचालक घायल

**बंडा, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र में रविवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कैंटर सड़क पर घूमकर दूसरी दिशा में जा खड़ा हुआ और उसका अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के धीमरपुर गांव के पास खुटार की ओर से आ रहे एक कैंटर की भिड़ंत बंडा की ओर जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर इतनी भीषण थी कि कैंटर का मुंह दूसरी दिशा में हो गया। हादसे में कैंटर चालक और परिचालक घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बंडा पहुंचाया गया। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की हालत में सुधार है और वे खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। वहीं, दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रॉली सहित मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी है। फरार चालक की तलाश की जा रही है।

### महिला ने खाई सलफास, जिला अस्पताल रेफर

**तिलहर- शाहजहांपुर।** रविवार शाम पांच बजे नगर के मोहल्ला बहादुर गंज निवासी राजेश्वरी पत्नी प्रमोद यादव 45 ने घरेलू कलह के चलते सलफास की गोलियां खा लीं। जिसे बेटा अमित वीर सीएचसी लाया। जहां से उसे गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

## प्रगतिशील किसान सरताज खान को मिलेगा बेस्ट फार्म अवॉर्ड, 30 जून को लखनऊ में होंगे सम्मानित



**शाहजहांपुर।** जिले के प्रगतिशील किसान सरताज खान का चयन प्रतिष्ठित बेस्ट फार्म अवॉर्ड के लिए किया गया है। यह सम्मान दिल्ली प्रेस के प्रतिष्ठित फार्म एंड फूड मीडिया द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय फार्म एंड फूड कृषि सम्मान अवॉर्ड्स (उत्तर प्रदेश) 2026 के तहत दिया जाएगा।आयोजकों की ओर से जारी आमंत्रण पत्र के अनुसार, सरताज खान का चयन उनकी उत्कृष्ट कृषि उपलब्धियों और नवाचारों के आधार पर बेस्ट फार्म अवॉर्ड श्रेणी में किया गया है। यह सम्मान समारोह 30 जून 2026 को सुबह 9:30 बजे मालवीय हॉल, लखनऊ विश्वविद्यालय, यूनिवर्सिटी रोड, बाबूगंज, हसनगंज, लखनऊ में आयोजित होगा, जहां उन्हें औपचारिक रूप से सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों ने सरताज खान को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए समय पर समारोह में उपस्थित होकर सम्मान ग्रहण करने का अनुरोध किया है। जिले के लिए यह उपलब्धि गर्व का विषय मानी जा रही है।

## रेलवे ट्रैक कर किनारे मिले लैब टेक्नीशियन के शव प्रकरण ने लिया नया मोड़, हत्या की आशंका में लगाया गया आरोप

**शाहजहांपुर।** रोजा क्षेत्र में रेलवे ट्रैक के किनारे मिले लैब टेक्नीशियन के शव के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए गुजरात की एक निजी कंपनी के एचओडी और एक कर्मचारी पर साजिश रचने का आरोप लगाया है। मामले में जीआरपी को तहरीर देकर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की गई है। लखीमपुर खीरी के फरदहान थाना क्षेत्र के बरखिरवा निवासी सौरभ तिवारी गुजरात स्थित जर्मन ग्रीन स्टील पावर प्लांट में लैब टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत थे। परिजनों के अनुसार, सौरभ 23 जून को छुट्टी लेकर घर के लिए रवाना हुए थे। 24 जून की रात उन्होंने फोन पर बरेली पहुंचने और बस से घर आने की जानकारी दी थी। मृतक के भाई गौरव तिवारी का आरोप है कि कंपनी का एचओडी सौरभ को लगातार घर आने से रोकता था और उसकी सैलरी का एक हिस्सा भी रोके हुए था। उनका कहना है कि यात्रा के दौरान भी एचओडी लगातार सौरभ के संपर्क में था। अगले दिन कंपनी के एक कर्मचारी ने फोन कर सौरभ का मोबाइल बंद होने की सूचना दी, जिसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। बाद में शाहजहांपुर के रोजा क्षेत्र में रेलवे ट्रैक के पास सौरभ का शव बरामद हुआ। परिजनों का आरोप है कि सौरभ की हत्या कर शव रेलवे ट्रैक पर फेंका गया। उनका यह भी कहना है कि घटनास्थल से उसका मोबाइल फोन, बैग और अन्य सामान गायब था, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत होता है। उन्होंने कंपनी के एचओडी और एक अन्य कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जीआरपी इंस्पेक्टर ने बताया कि परिजनों की शिकायत प्राप्त हो गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, घटनास्थल से मिले साक्ष्यों और अन्य तथ्यों के आधार पर मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## मिशन शक्ति अभियान से महिलाओं को किया जागरूक

**शाहजहांपुर।** मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत रविवार को पुलिस ने जिलेभर में जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन तथा उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। इस दौरान विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर किसी भी प्रकार की घटना पर तत्काल पुलिस से संपर्क करने की अपील की गई। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के पर्यवेक्षण में जनपद के सभी थानों की एंटी रोमियो टीमों और महिला पुलिसकर्मियों ने विद्यालयों, महाविद्यालयों, बाजारों एवं सार्वजनिक स्थानों पर अभियान चलाया। इस दौरान छात्राओं, महिलाओं और बालिकाओं को महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों, उनके अधिकारों तथा शासन द्वारा संचालित सुरक्षा सेवाओं की जानकारी दी गई। पुलिस टीमों ने महिलाओं को वूमेन पावर लाइन-1090, यूपी-112, महिला हेल्पलाइन-181, साइबर हेल्पलाइन-1930, एंबुलेंस सेवा-108 और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 के बारे में जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित किए। साथ ही छेड़छाड़, उत्पीड़न, साइबर अपराध या महिलाओं के विरुद्ध किसी भी अपराध की स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के उद्देश्य से ऐसे जागरूकता अभियान आगे भी लगातार चलाए जाते रहेंगे।

## सड़क हादसे में हुई थी युवक की मौत, पुलिस ने संदिग्ध कार बरामद की

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

झंडा कलां में सड़क दुर्घटना में अंकुर यादव की मौत के मामले में पुलिस को जांच के दौरान एक संदिग्ध कार मिली है। पुलिस के अनुसार कार एक डॉक्टर के नाम पंजीकृत है। हादसे के बाद कार की डेंटिंग-पेंटिंग कराकर उसके क्षतिग्रस्त हिस्सों को ठीक कराने का प्रयास किए जाने की भी जानकारी सामने आई है। पुलिस इस पहलू की भी जांच कर रही है।

सीओ सिटी देवब्रत वाजपेई ने बताया कि बरामद वाहन एक डॉक्टर के नाम पंजीकृत है। दुर्घटना के समय कार कौन चला रहा था, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस वाहन के उपयोग, चालक की पहचान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की पड़ताल में जुटी है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। बतादें की युवक की मौत के बाद मोहल्ले के लोगो ने वाहन चालक को पकड़ने और कार्रवाई की मांग की थी और हंगामा काटा था। इसके बाद पुलिस ने वाहन की तलाश शुरू कर दी थी। जिसके बाद पुलिस के संदिग्ध कार को बरामद कर लिया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# बंद गोदाम की खिड़की तोड़ लाखों की सरसों चोरी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



रोजा मंडी परिषद परिसर में बंद पड़े एक गोदाम को चोरों ने निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की सरसों चोरी कर ली। हैरत की बात यह है कि घटना मंडी परिसर में स्थित मंडी चौकी के करीब हुई, बावजूद इसके चोर वारदात को अंजाम देकर आसानी से फरार हो गए। पीड़ित व्यापारी के अनुसार चोरों ने गोदाम की खिड़की का एंगल तोड़कर अंदर प्रवेश किया और फिर गेट खोलकर करीब 20 कुंतल से अधिक सरसों चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी मिलने पर व्यापारी ने गोदाम पहुंचकर देखा तो सामान गायब मिला। व्यापारी ने मंडी चौकी में लिखित तहरीर देकर चोरी का खुलासा करने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि मंडी परिसर में रात्रि गश्त और पुलिस चौकी होने के बावजूद इतनी बड़ी चोरी होना सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## शिकायतों का घर-घर जाकर पुलिस कर रही निस्तारण

**शाहजहाँपुर।** जनशिकायतों के त्वरित, पारदर्शी और निष्पक्ष निस्तारण के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रविवार को शाहजहाँपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर 19 शिकायतों का निस्तारण किया। अभियान के तहत पुलिस अधिकारी शिकायतकर्ताओं के घर जाकर स्थलीय निरीक्षण कर दोनों पक्षों से बातचीत कर शिकायतों का समाधान कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं नगर के पर्यवेक्षण में आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बनाए गए हैं। अभियान के अंतर्गत सभी क्षेत्राधिकारी अपने-अपने सर्किल में प्रतिदिन कम से कम एक तथा थाना प्रभारी दो स्थानों पर पहुंचकर शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर रहे हैं। रविवार को जनपद के विभिन्न थानों पर प्राप्त शिकायतों में से 19 शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण कर समाधान कराया गया। पुलिस का कहना है कि इस व्यवस्था से शिकायतकर्ताओं को बार-बार थाने या पुलिस कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। शिकायत का समाधान शिकायतकर्ता के घर या घटनास्थल पर ही दोनों पक्षों का फीडबैक लेकर किया जा रहा है, जिससे निस्तारण अधिक प्रभावी और संतोषजनक हो सके।

## तो शिक्षा बोर्ड भी होगा अव्वल

हिमाचली शिक्षा में गुणवत्ता की तलाशी के कारण, सरकार ने डेढ़ सौ स्कूलों पर सीबीएसई के प्रवेश द्वार स्थापित कर दिए हैं। सीबीएसई स्कूलों में परिवर्तित होता पाठ्यक्रम दरअसल नए वातावरण को खुशामदीद कर रहा है। हालांकि इस प्रयोग के पक्ष में जनता, छात्र और अध्यापक भी दिखाई देते हैं, लेकिन प्रायोगिक तौर पर इन्हें कम संख्या में चलाते तो इसका अति सुधरा व सुदृढ़ पक्ष सामने आता। बहरहाल, छात्रों के जीवन में हिमाचल ने सीबीएसई का विकल्प सामने रखते हुए, परीक्षा मूल्यांकन के अलावा उनके व्यक्तित्व निखार की दृष्टि से बौद्धिक कौशल, संप्रेषणीयता तथा तार्किक क्षमता बढ़ाने के लिए पहल की है। विभाग सीबीएसई स्कूलों के कुछ विषयों मसलन अंग्रेजी व गणित की अतिरिक्त कोचिंग के लिए शिक्षकों की तादाद भी बढ़ा रहा है। शिक्षा के संदेश को बड़ा करने के उद्देश्य से सीबीएसई स्कूलों की नई परिपाटी में प्रासंगिक अध्ययन के कई पन्ने जोड़े जा रहे हैं। यानी कि अब शिक्षा धड़ल्ले से नहीं, बल्कि सोच समझ कर जिंदगीनामा लिखने को तैयार की जा रही है। जाहिर है इन परिवर्तनों के बीच हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड को भी अपने सफर की कहानी बदलनी होगी। हम पहले भी कह चुके हैं कि स्कूल शिक्षा बोर्ड को कुछ सरकारी स्कूलों में अपने प्रयास से मॉडल स्कूल चलाने चाहिएं। सीबीएसई पाठ्यक्रम से जो वातावरण बनने की उम्मीद है, कमोबेश उसी मापदंड में हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड भी अपने हस्तक्षेप से कुछ आदर्श स्कूल चिन्हित करके, शिक्षा को नया आयाम दे सकता है। इसके अलावा आठवीं की परीक्षा के बाद, टेलेंट परीक्षा के माध्यम से एक मैरिट के आधार पर छात्रों को नौवीं से बारहवीं तक विशेष कोचिंग के जरिए आगे बढ़ाया जा सकता है। इसके लिए धर्मशाला में बोर्ड मुख्यालय परिसर के साथ मैरिट के आधार पर नौवीं से जमा दो तक के दो से तीन हजार बच्चों की अकादमी स्तर की पढ़ाई करवाने की व्यवस्था करनी होगी। शिक्षा बोर्ड को परीक्षा से शिक्षा की प्रमुख भूमिका में आने के लिए कुछ तो उदाहरण पेश करने होंगे। शिक्षा बोर्ड अपने मैरिट के छात्रों को कुछ चर्चित निजी अकादमियों के साथ सुविधा प्रदान करवा सकता है। पूरे प्रदेश में अलग-अलग विषयों पर केंद्रित अकादमियां चलती हैं, तो बच्चे न केवल इंजीनियरिंग व मेडिकल पढ़ाई के प्रवेशद्वार खोल पाएंगे, बल्कि डिफेंस, कामर्स, लॉ, गीत-संगीत तथा उद्यमशीलता के हुनर में अपना नया शैक्षणिक सफर शुरू कर पाएंगे। इतना ही नहीं, जमा दो परीक्षाओं के बाद करियर काउंसिलिंग के अलावा विभिन्न क्षेत्रों में प्रवेश के लिए भी स्कूल शिक्षा बोर्ड को कुछ पहल करनी चाहिए। ऐसी बहुत सारी प्रवेश परीक्षाएं साल भर होती हैं, जिनकी तैयारी के लिए विशेष कौशल, अधोसंरचना व वातावरण चाहिए। राज्य स्तर पर विभिन्न विश्वविद्यालयों तथा स्कूल शिक्षा बोर्ड को राज्य स्तरीय परीक्षा परिसर स्थापित करने चाहिएं। इन परीक्षा केंद्रों में ही बोर्ड व विश्वविद्यालय अपनी अकादमियां चला पाएंगे। हिमाचल के औद्योगिक शहरों की मांग पर एक रोजगार बाजार खड़ा हो रहा है, अतः स्कूली शिक्षा के साथ-साथ औद्योगिक रोजगार, स्वरोजगार तथा नए उभरते बाजारों की दृष्टि से तैयारी करानी होगी। स्कूल शिक्षा बोर्ड तब तक सिर्फ परीक्षा बोर्ड साबित होगा, जब तक मैरिट का हिसाब डाक्टरी व इंजीनियरिंग की पढ़ाई में पूछा जाएगा। जिस दिन स्कूल के पथ पर रोजगार के अवसर सुनिश्चित होंगे, शिक्षा बोर्ड अव्वल हो जाएगा।

# मोदी बोलें या मौन रहें, चुभन तो होगी

*सियाराम पांडेय 'शांत'*



*मोदी सरकार ने चीन को भूटान और गलवान में न केवल मुंहतोड़ जवाब दिया बल्कि उसकी हर चाल को बेकार भी किया है। जिन 30 से अधिक देशों ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने देश के सर्वोच्च सम्मान दिए हैं, उनमें सर्वाधिक मुस्लिम देश हैं जिन्हें लगता है कि भारत में मुसलमान दुनिया के किसी भी देश की अपेक्षा कहीं ज्यादा सुरक्षित हैं और भारत में बिना किसी धार्मिक विभेद के सभी सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इसमें संदेह नहीं कि प्रधानमंत्री मोदी का विरोध करते-करते सोनिया गांधी और उनका परिवार अब भारत विरोध पर आमादा हो गया है। सत्ता से दूर होने का तनाव उसके कार्य व्यवहार पर भी नजर आने लगा है। बेहतर यह होगा कि कांग्रेस आत्मावलोकन करे। कौन कब बोले या मौन रहे, इससे ज्यादा महत्वपूर्ण यह होगा कि कांग्रेस क्या बोले और क्यों बोले? बोलने और न बोलने की यह राजनीति देश को कहां ले जाएगी, आज का विचारणीय बिंदु यही है।*

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब बोलते हैं तो कुछ लोग परेशान हो उठते हैं और जब वे मौन हो जाते हैं, तब भी ऐसा ही कुछ मंजर देखने को मिलता है। देश को प्रेरित करने वाले उनके वाक्यों में भी कुछ लोग राजनीति के दीदार करते हैं। गोस्वामी तुलसीदास ने लिखा है कि जाकी रही भावना जैसी। प्रभु मूरत देखी तिन्ह तैसी। प्रधानमंत्री मोदी के साथ भी कुछ ऐसा ही है। उनके जितने प्रशंसक हैं, उतने ही विरोधी भी हैं। इस सच से इनकार नहीं किया जा सकता। विरोधियों के आरोपों के कीचड़ में कमल खिलाने के गुर उन्हें पता है। विपक्ष को यह समझना होगा कि पहाड़ जितना ऊंचा होता है, उतनी ही गहरी उसकी खाई होती है। पहाड़ पर चढ़ना आसान होता है लेकिन उसकी छोटी पर बने रहना कठिन क्योंकि शीर्ष से गिरे व्यक्ति को वहां तक पहुंचने में उतना ही श्रम फिर करना पड़ता है। कांग्रेस को यह बात समझनी होगी। दूसरों को कोसने से बात नहीं बनेगी बल्कि अपने गुण-दोष पहचान कर पूरी शक्ति से आगे बढ़ना होगा।

मौन साधना है। शक्ति संचय का अवसर है लेकिन किसके लिए। कुछ लोगों का जवाब होगा- साधकों के लिए और कुछ लोग कह सकते हैं कि सबके लिए। वैसे तो दोनों जवाब अपनी जगह सही है। बोलना और मौन रहना दोनों जरूरी है क्योंकि यह हानि-लाभ से जुड़ा मामला है। सुविधा और असुविधा के संतुलन से जुड़ा प्रकरण है। इसलिए इसे हल्के में लेने की कतई जरूरत नहीं है। हर नागरिक को बोलने और न बोलने का औचित्य समझना चाहिए। कब बोलना है, कहां बोलना है। कितना बोलना है, क्या बोलना है और क्यों बोलना है, इसकी वैज्ञानिक योजना तो हर आम और खास के मस्तिष्क में होनी ही चाहिए अन्यथा स्थितियां अनर्थकारी हो सकती हैं।

धर्मग्रंथ बताते हैं कि द्रौपदी का एक मजाक महाभारत का सबब बन गया था। वैसे भी जब दो अजीज दोस्तों के बीच झगड़ा हो। दोनों एक-दूसरे के खून के प्यासे हो जाएं तो ऐसी हालत में चुप्पी साध लेना ही श्रेयस्कर होता है। कुछ भी बोलने का मतलब है, एक की नाराजगी मोल लेना। बहुधा देखने को मिलता है कि झगड़ा छुड़ाने के चक्कर में मध्यस्थ की ही जान चली जाती है। दो सांडों के संघर्ष में बचकर निकल लेने में ही भलाई है। नीति कहती है कि ज्यादा बोलना और ज्यादा चुप रहना ठीक नहीं है। 'अति का भला न बोलना, अति का भला न चुप। अति का भला न बरसना, अति की भली न धूप।' संस्कृत ग्रंथों में 'अति सर्वत्र' वर्जयेत कहकर हर व्यक्ति को सतर्क किया गया है।

वीणा के तारों को ज्यादा कसने पर जिस तरह उनके टूटने का खतरा रहता है। ढोलक की डोर कसते हुए उसे सुर में लाते वक्त कस कर ठोंकने पर जिस तरह उसके टूटने का खतरा रहता है, वैसा ही खतरा देश-विदेश में होने वाली घटनाओं पर त्वरित प्रतिक्रिया देने में होता है। सत्ताशीर्ष पर बैठे लोगों को कुछ भी कहने से पूर्व उसके फलाफल का विचार जरूर करना चाहिए। क्योंकि जितने खतरे बोलने के होते हैं, उससे कम खतरे मौन के भी नहीं है। आजकल विपक्षी दल चाहते हैं कि देश-विदेश में होने वाली हर छोटी-मोटी घटना पर प्रधानमंत्री बिना एक मिनट का विलंब किए जवाब दें। विपक्ष की बात में कुछ हद तक दम हो सकता है लेकिन क्या प्रधानमंत्री को ऐसा करना चाहिए। यह देश के व्यापक हित में होगा, यह गहन आत्म मंथन का विषय है। चुप्पी सभी को खलती है। विपक्ष इसका अपवाद नहीं हो सकता। फिर यह अपेक्षा उस प्रधानमंत्री से है जो बोलते ही रहते हैं। लोग अपने मन की बात छिपाते हैं और वह उसे भी रेडियो पर व्यक्त करते हैं लेकिन महत्व के मुद्दों पर जब वे मौन साध लेते हैं तो किसी भी व्यक्ति का शंकासिक्त हो उठना स्वाभाविक है। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने अपने एक लेख में कहा है कि इजराइल द्वारा गाजा में किए जा रहे हमले पर मोदी सरकार की चुप्पी और निष्क्रियता नैतिक रूप से निंदनीय व राष्ट्रीय हित की दृष्टि से समझ से परे है। उनका आरोप है कि मोदी सरकार ने खुद को अपने पारंपरिक सहयोगियों फिलिस्तीन, ईरान और वृहद पश्चिम एशिया से अलग-थलग कर लिया है। वैश्विक जनमत से दूरी बना ली है और पाकिस्तान को मध्यस्थ की भूमिका निभाने का अवसर दे दिया। कांग्रेस नेता इस तरह की बातें लंबे समय से कर रहे हैं कि मोदी सरकार में भारत की विदेश नीति कमजोर हुई है लेकिन जिस तरीके से प्रधानमंत्री मोदी को अनेक देशों के सर्वोच्च पुरस्कार मिल चुके हैं और अनवरत मिलते जा रहे हैं, उससे ऐसा तो नहीं लगता कि हम वैदेशिक कूटनीति के मोर्चे पर कहीं कमजोर हुए हैं। अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच भी भारतीय तेल टैंकर बंद पड़े होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र से गुजरकर भारत पहुंचे हैं। हां, कुछेक तेलवाहक जहाजों पर हमले भी हुए हैं। कुछ दूसरे देशों के तेलवाहक जहाजों पर कभी ईरान और कभी अमेरिका की ओर से हमले भी हुए हैं और उस पर तैनात कुछ भारतीय नाविकों की मौत भी हुई है। इस पर भी विपक्ष ने सरकार को घेरने की कोशिश की है। यह जानते हुए भी इसके लिए भारत सरकार कड़ा प्रतिवाद कर चुकी है और अमेरिकी राजदूत को तलब तक कर चुकी है। जबकि कांग्रेस या अन्य विरोधी दलों को पता है कि भारत के लोग दुनिया भर में काम करते हैं। किसी भी देश में कुछ भी होता है तो उसमें भारतीय नागरिकों के हताहत होने का खतरा होता है। भारत को तेल आदि बहुतेरी वस्तुओं को किसी न किसी देश से आयात करना पड़ता है।

ऐसे में वह किसी एक देश के पक्ष में बोलकर दूसरे देश से बिगाड़ क्यों करना चाहेगा? लेकिन जिस तरह कांग्रेस या दूसरे राजनीतिक दल मोदी सरकार को घेर रहे हैं, उससे यही लगता है कि या तो वे भारत की आवश्यकताओं और समस्याओं से अनभिज्ञ हैं या फिर जानबूझकर उसे जलती आग में हाथ डालने की सलाह दे रहे हैं। हालांकि ऐसा करने में चित और पट दोनों विपक्ष के हित में है। देश के हितों की चिंता करने वाला व्यक्ति ऐसी सलाह कभी नहीं देगा। यह इस बात का भी संकेत है कि विपक्ष, खासकर कांग्रेस के लिए भारत की विदेश नीति से अधिक वोटबैंक की राजनीति महत्वपूर्ण है। भारत ने गाजा और फिलिस्तीन के मुद्दे पर कई अवसरों पर अपना स्पष्ट रुख रखा है और ठोस मानवीय सहायता भी उपलब्ध कराई है। संयुक्त राष्ट्र के युद्धविराम संबंधी प्रस्तावों के समर्थन में भारत का रुख किसी से छिपा नहीं है। फिलिस्तीन अगर भारत को अपना विरोधी समझता तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फिलिस्तीन का सर्वोच्च नागरिक सम्मान क्यों देता? विचार तो इस पर भी किया जाना चाहिए। भारत ने गाजा और फिलिस्तीन के मुद्दे पर कई अवसरों पर अपना स्पष्ट रुख रखा है और उसे ठोस मानवीय सहायता उपलब्ध कराई है। वैश्विक संघर्षों में आमने-सामने खड़े देशों के साथ भी समान रूप से संबंध बनाए रखने की प्रधानमंत्री मोदी की निरंतर कोशिश रही है। इजराइल, फिलिस्तीन, ईरान, अमेरिका, रूस, यूक्रेन और पश्चिमी देशों से भारत का सतत संवाद संपर्क इस बात का प्रमाण है। अब तो दुनिया के देश भी यह स्वीकार कर रहे हैं। युद्धरत देशों में शांति बहाल करने में भारत की बड़ी भूमिका हो सकती है। कांग्रेस चाहती तो अपने छह दशक से अधिक के शासनकाल में इजराइल के साथ संबंध विकसित कर सकती थी लेकिन उसने अपनी विदेश नीति में भी वोटबैंक की राजनीति को तरजीह दी। इजराइल से अच्छे संबंध के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी ने बेंजामिन नेतन्याहू को भी नसीहतों का कड़वा घूंट पिलाने में कभी संकोच नहीं किया। हमले तो इजराइल पर भी कम नहीं हुए, कांग्रेस को उस पर भी बोलना चाहिए था। जिस त्वरा के साथ उसने गाजा और रफा के मुसलमानों के लिए आवाज बुलंद की, वैसा ही कुछ वह यहूदियों की चिंता में करती तो लगता कि भारत की सबसे पुरानी पार्टी दुनिया में सबके साथ है। कांग्रेस ने दोस्ती की थी चीन से, चीन से उसे क्या मिला- धोखा। तिब्बत भारत के हाथ से चला गया। अक्साईचिन का बड़ा भूभाग चीन ने कब्जा लिया। अरुणाचल प्रदेश पर भी उसकी गिद्ध दृष्टि है। मोदी सरकार ने चीन को भूटान और गलवान में न केवल मुंहतोड़ जवाब दिया बल्कि उसकी हर चाल को बेकार भी किया है। जिन 30 से अधिक देशों ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने देश के सर्वोच्च सम्मान दिए हैं, उनमें सर्वाधिक मुस्लिम देश हैं जिन्हें लगता है कि भारत में मुसलमान दुनिया के किसी भी देश की अपेक्षा कहीं ज्यादा सुरक्षित हैं और भारत में बिना किसी धार्मिक विभेद के सभी सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

इसमें संदेह नहीं कि प्रधानमंत्री मोदी का विरोध करते-करते सोनिया गांधी और उनका परिवार अब भारत विरोध पर आमादा हो गया है। सत्ता से दूर होने का तनाव उसके कार्य व्यवहार पर भी नजर आने लगा है। बेहतर यह होगा कि कांग्रेस आत्मावलोकन करे। कौन कब बोले या मौन रहे, इससे ज्यादा महत्वपूर्ण यह होगा कि कांग्रेस क्या बोले और क्यों बोले? बोलने और न बोलने की यह राजनीति देश को कहां ले जाएगी, आज का विचारणीय बिंदु यही है।

विचार

# जाति, धर्म और आरक्षण

*हृदयनारायण दीक्षित*

मतांतरण से आरक्षण नहीं मिलता। इस्लाम अपनाने वाला व्यक्ति अपना मत बदल कर मुसलमान हो सकता है लेकिन पिछड़े वर्ग का सदस्य नहीं रह जाता। मद्रास हाई कोर्ट ने कहा है कि ईसाई मिशनरियों और इस्लामी उपदेशकों ने सदियों तक अपने-अपने पंथ की प्रशंसा की है कि उनके यहां सामाजिक समता है। बराबरी है। भेदभाव नहीं है। हिन्दुओं में जाति व्यवस्था है। कोर्ट ने कहा है कि उसका मत है कि कुछ वर्गों को पिछड़ा और कुछ को अगड़ा बताना कुरान की शिक्षा के विपरीत है। फिर इस्लाम का तो दावा ही बराबरी वाला समाज बनाना है। बहुत लम्बे समय से ईसाई और इस्लामी धर्म उपदेशक धर्मांतरित व्यक्ति के लिए भी पिछड़े वर्गों की सुविधाएं मांगते रहे हैं। भिन्न-भिन्न राज्यों के उच्च न्यायालयों ने ऐसे ही विचार व्यक्त किए हैं और फैसले सुनाए हैं। लेकिन राजनीतिक दलतंत्र द्वारा धर्मांतरित व्यक्ति के लिए भी आरक्षण की सुविधा मांगी जाती रही है। इस दफा न्यायालय ने साफ कर दिया है कि सिर्फ मतांतरण करने से किसी व्यक्ति का वर्ग नहीं बदलता और मतांतरित व्यक्ति को पिछड़े वर्ग का सदस्य नहीं माना जा सकता। मद्रास हाई कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार के मार्च 2024 के आदेश को असंवैधानिक बताया है और उसे रद्द कर दिया है। सरकारी आदेश में मतांतरण करने वाले व्यक्ति को मुस्लिम पिछड़ा वर्ग का सदस्य माना गया था। मतांतरित व्यक्ति को भी पिछड़े वर्गों के रूप में मान्यता देने का प्रावधान किया गया था। यह चर्चित फैसला मद्रास हाई कोर्ट की पीठ ने 25 जून को सुनाया है। कोर्ट ने यह निर्णय सम्यक विचारोपरान्त एक ऐसे मामले में दिया है, जिसमें एक व्यक्ति, जिसका जन्म हिन्दू परिवार में हुआ था और बाद में उसने हिन्दू धर्म छोड़ कर अपना नाम समीर अहमद रख लिया था। मुसलमान हो जाने के बाद उसने स्वयं को मुस्लिम लेब्बाई समुदाय का सदस्य बताया। उसने अपने तहसीलदार से पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र की मांग की। तहसीलदार ने उसका आवेदन खारिज कर दिया। तब वो हाईकोर्ट पहुंचा।

तमिलनाडु सरकार ने अपने आदेश में प्रावधान किया था कि अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग या डिनोटिफाइड समुदायों से आने वाले लोग यदि धर्मांतरण करते हैं और इस्लाम धर्म अपनाते हैं तो उन्हें भी पिछड़े वर्गों के रूप में आरक्षण का लाभ दिया जा सकता है। सरकार का तर्क था कि इससे मतांतरण करने वाले व्यक्तियों के भी अधिकार सुरक्षित रहेंगे। लेकिन कोर्ट ने यह दलील नहीं मानी और स्पष्ट कर दिया कि आरक्षण का आधार पंथ या मजहब नहीं होता। बल्कि सामाजिक और शैक्षिक पिछड़ापन होता है। कोर्ट ने साफ किया कि संवैधानिक श्रेणियों जैसे अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़ा वर्ग को एक साथ मिला कर नई श्रेणी बनाना संविधान के मूल ढांचे के विपरीत है।

मद्रास हाई कोर्ट ने ही 1951 के फैसले का हवाला देते हुए कहा था कि, जब कोई हिन्दू इस्लाम अपनाता है तो वह सिर्फ मुसलमान बनता है। समाज में उसकी प्रतिष्ठा जाति के आधार पर नहीं होती। हिन्दू धर्म छोड़ते ही वह अपनी मूल जाति का सदस्य नहीं रह जाता। आरक्षण का मसला भारत की संविधान सभा में भी आया था। मजहबी आधार पर ही देश का विभाजन हो चुका था। संविधान सभा बड़े उदास क्षणों में आरक्षण पर विचार कर रही थी। संविधान सभा ने सरदार पटेल की अगुवाई में अल्पसंख्यकों के आरक्षण के मुद्दे पर विचार करने के लिए समिति बनाई थी। समिति ने अपनी सिफारिश में मजहबी आरक्षण को सिरे से खारिज कर दिया था। सभा की अल्पसंख्यक अधिकारों, मूलाधिकारों संबंधी समिति के सभापति सरदार पटेल ने संविधान सभा में समिति की रिपोर्ट (25 मई, 1949) पेश की। लगातार दो दिन (25 व 26 मई, 1949) बहस हुई। जगत नारायण लाल ने कहा, भारत एक लौकिक




(सेकुलर) राज्य होगा। उसके बाद रक्षणों की कोई मांग नहीं होनी चाहिए। जहाँ तक अनु. जातियों का प्रश्न है उन्हें आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े हुए होने के कारण ही रक्षण दिया गया है। ज्यादातर सदस्यों ने अनु. जाति के अस्थाई आरक्षण को सही बताया लेकिन 'आरक्षण' की मूल भावना को कोसा। नजीरुद्दीन अहमद ने कहा, मैं समझता हूँ कि किसी प्रकार के रक्षण स्वस्थ राजनीतिक विकास के प्रतिकूल हैं। उनसे एक प्रकार की हीन भावना प्रकट होती है।.... श्रीमान रक्षण ऐसा रक्षा उपाय है जिससे वह वस्तु जिसकी रक्षा की जाती है वह नष्ट हो जाती है। जहाँ तक अनु. जातियों का संबंध है, हमें कोई शिकायत नहीं है। जेड. एच. लारी ने मुस्लिम आरक्षण की पैरवी करते हुए कहा, आपको अनु. जाति के हितों की चिंता है। मुसलमानों के हितों की परवाह नहीं। अनु. जाति के स्थान रक्षण सिद्धांत के साथ क्या आप यह भी नहीं स्वीकार करते कि आरक्षण राष्ट्रीय हितों के विरुद्ध नहीं है? आरक्षण राष्ट्रीय हितों के विरुद्ध होता है। आरक्षण एक विशेष अस्थाई उपाय है। इसके नफा-नुकसान पर सम्यक विचार नहीं हुआ।

हालांकि संविधान निर्माताओं ने इसे सामाजिक पुनर्निर्माण का औजार बनाया। अनुसूचित जातियों/जनजातियों को जन्मना आधारित अस्थाई आरक्षण मिला। पिछड़े वर्गों की दशाओं के अन्वेषण के लिए आयोग बनाने की व्यवस्था (अनु. 340) की गई। पं. नेहरू के समय (1953) पिछड़े वर्गों की खोज के लिए काका कालेलकर आयोग बना। आयोग के कई सदस्य जन्मना जाति को पिछड़ेपन का आधार बनाने पर असहमत थे। आयोग ने राष्ट्रपति को लिखा, समानता वाले समाज की ओर प्रगति में जाति प्रथा बाधा है। कुछ निश्चित जातियों को पिछड़ा मानने से यह हो सकता है कि हम जाति प्रथा के आधार पर भेदभाव को सदा के लिए बनाए रखें।

नेहरू सरकार ने जाति के अलावा पिछड़ेपन का आधार जाँचने की कोई दीगर कसौटी खोजने की बात की। वीपी मण्डल के नेतृत्व में दूसरा आयोग बना। मण्डल आयोग की रिपोर्ट (1980) में 'जाति' को पिछड़ेपन का आधार बनाया गया। आयोग ने पिछड़ी जातियों की सूची भी बनाई। मण्डल ने गरीबी हटाने के राष्ट्रीय कार्यक्रमों को आरक्षण से अलग रखने की आश्चर्यजनक बात कही, गरीबी हटाने की राष्ट्रीय समस्या के अंतर्गत अन्य पिछड़ी जातियों को ऊपर उठाने की समस्या आती है। पर यह बात अंशतः ही सही है। अन्य पिछड़ी जातियों का अभावग्रस्त होना एक अलग बड़ी राष्ट्रीय समस्या है। (रिपोर्ट, पृ. 62) यानी देश के बाकी जनों की गरीबी अलग समस्या है। पिछड़ी जातियों की गरीबी भी विचारणीय है। लेकिन मजहबी आधार पर आरक्षण मान्य नहीं है।

*(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)*

साहित्य



## संविधान की शपथ...!

**संजय एम तराणेकर**

संविधान की शपथ लेकर, संसद तक जो जाते हैं,
भारत माँ की माटी खा, फिर क्यों? उसे भुलाते हैं।
लोकतंत्र के इस मंदिर में, जब सम्मान से आते हैं,
फिर क्यों? दूसरे शासन के गीत, खुले मंच गाते हैं।

यह भूमि विविधता की गाथा, आज़ादी का मान है,
हरेक मत, भाषा, आस्था का, भारत ही सम्मान है।
संविधान की ज्योति जला, जिसने 卐राह卐 दिखाई है,
उसकी गरिमा से बढ़कर, क्या कोई और बड़ाई है?

यदि किसी को प्रिय लगती, कोई भी व्यवस्था सारी,
तो पहले समझे भारत की लोकतांत्रिक जिम्मेदारी।
अधिकारों के संग कर्तव्य भी, ये गणतंत्र की रीति है,
जनता के विश्वास से बढ़कर, ना किसी की प्रीति है।

सत्ता केवल पद ना होती, यह जनमन का विश्वास है,
हर शब्द यहाँ उत्तरदायी, हर वाणी का 卐इतिहास卐 है।
जो सदनों में जाकर बोले, वो 卐मर्यादा卐 का ध्यान करे,
भारत की संवैधानिक आत्मा का सदा 卐सम्मान卐 करे।

नफ़रत नहीं, न वैमनस्य का कोई भी दीप जलाना है,
मतभेदों के इस उपवन में स्वस्थ संवादों को लाना है।
संविधान ही पथप्रदर्शक हो, ये देश का अभिमान रहे,
भारत की लोकतांत्रिक गरिमा सदा अमर, महान रहे।



## राशिफल

**मेषः-** महत्वाकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्य में अत्याधिक व्यय का योग है। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। परिवार में सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी।

**वृषभः-** परिश्रम का समुचित लाभ प्राप्त होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

**मिथुनः-** मन सुंदर कल्पनाओं से प्रभावित होगा। नये संबंधों के प्रति निकटता बढ़ेगी। उपस्थित साधनों में संतुष्ट व तृप्त रहने का प्रयत्न करें।

**कर्कः-** बीती बातों को भूलने की कोशिश करें। रोजगार में लाभ के अच्छे अवसर मिलेंगे। भौतिक इच्छाएं बलवती होंगी। अभिभावकों के भावनात्मक सहयोग से उत्साह बढ़ेगा। आकांक्षाओं की पूर्ति होगी।

**सिंहः-** नौकरी का वातावरण सुखद होगा। भावनात्मक समस्याओं पर सगे-संबंधियों के बीच खुलकर बात करें। कुछ नये उत्साह व क्षमता की अनुभूति करेंगे। रोजगार क्षेत्र में लाभकारी स्थिति मन को प्रसन्न रखेगी।

**कन्याः-** महत्वपूर्ण कार्य को कल पर न टालें। नकारात्मक चिंताओं का त्याग करें। महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी।

**तुलाः-** निकट संबंधों में शंकाओं को न हावी होने दें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति होने के आसार बनेंगे। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**वृश्चिकः-** अवरोधित कार्य हल होंगे। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। जरूरी कार्य में आलस्य न करें।

**धनुः-** सगे-संबंधों में कटु वचनों का प्रयोग न करें। माता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। अच्छे कार्य द्वारा प्रशंसा के पात्र बनेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मकरः-** विभागीय परिवर्तन से कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। अपने अंदर धैर्य व वाणी में मधुरता लायें। कुछ नई अभिलाषाएं मन में जागृत होंगी। गुप्त विरोधियों से सतर्क रहें।

**कुंभः-** राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा। अच्छे कार्य के लिए प्रशंसनीय होंगे। शासन-सत्ता से लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**मीनः-** किसी नये कार्य की ओर आपका रुझान बढ़ेगा। किसी महत्वपूर्ण फैसले के लिए मन केंद्रित होगा। नवीन योजनाओं द्वारा प्रगति के आसार बनेंगे।

# ईरान परमाणु बम के कितना करीब था?

*मनीष तिवारी*

जब अमरीका और इसराईल ने जून 2025 में और फिर से फरवरी 2026 के बाद से ईरान पर बमबारी करने का फैसला किया, तब क्या ईरान परमाणु बम बनाने के करीब था? क्या यह एक और छलावा था, जैसा कि मध्य पूर्व में संयुक्त राज्य अमरीका के प्रताडित और जटिल इतिहास तथा 1948 से इस क्षेत्र में इसराईल के अंतहीन युद्धों के दौरान पहले भी अनगिनत बार हो चुका है। इसके विपरीत, क्या यह एक ऐसी अमंगलकारी स्थिति को शुरुआत में ही कुचलने और पहले से ही प्रतिबंधित करने का प्रयास था, जो आने वाले निकट भविष्य में खतरनाक रूप से प्रकट हो सकती थी?

अमरीका- इसराईल हमले के 11 दिन बाद प्रकाशित एक रिपोर्ट में, 'जेम्स मार्टिन सैंटर फॉर नॉन-प्रोलिफरेशन स्टडीज' के निदेशक और 'मिडलबरी इंस्टीच्यूट ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज' के प्रोफैसर जैफरी लुईस के हवाले से कहा गया था कि इस बात का कोई सबूत नहीं था कि ईरान परमाणु हथियार के करीब था। उनके इन अवलोकनों का अन्य स्वतंत्र विशेषज्ञों ने भी समर्थन किया था। ये आकलन व्यापक रूप से जून 2025 में 'अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजैंसी' (आई.ए.ई.ए.) के पिछले निर्धारण के अनुरूप हैं। ईरानी परमाणु पहेली पर ओपन-सोर्स रिपोर्टिंग के अनुसार, अमरीकी खुफिया एजेंसियों के समय-समय पर आने वाले अनुमानों ने भी इन आकलनों पर सहमति जताई थी। जून 2025 के आई.ए.ई.ए. के एक अनुमान ने संकेत दिया था कि ईरान के पास 441 किलोग्राम (60 प्रतिशत) संवर्धित यूरेनियम था, जहां प्रतिशत का तात्पर्य सामग्री में पाए जाने वाले आइसोटोप यूरेनियम 235 की हिस्सेदारी से है। इतिहास पर थोड़ा पीछे नजर डालें तो, ईरान 1957 से अमरीकी राष्ट्रपति आइजनहावर के 'एटम्स फॉर पीस' कार्यक्रम की बदौलत परमाणु खोज में लगा हुआ है। यह उस दौर की बात है जब शाह रजा मोहम्मद पहलवी के शासनकाल के दौरान ईरान अमरीका का सहयोगी था।

1979 की इस्लामी क्रांति में शाह का तख्तापलट कर दिया गया और अगले वर्ष 22 सितंबर 1980 को सद्दाम हुसैन के शासन वाले ईराक ने ईरान पर आक्रमण कर दिया। अगले दशक के दौरान, ईरानी रणनीतिक विचारकों की एक पूरी पीढ़ी ने एक बहुत ही महत्वपूर्ण रणनीतिक सबक को अपने भीतर समाहित कर लिया, क्योंकि पश्चिम ने ईराक को हथियारों की आपूर्ति की और संयुक्त राष्ट्र (यू.एन.) सहित वैश्विक संगठनों ने तब आंखें मूंद लीं जब सद्दाम हुसैन ने ईरानी सैनिकों और नागरिकों पर रासायनिक और अन्य परिष्कृत हथियारों का इस्तेमाल किया। सीख यह थी कि जब तक ईरान के पास परमाणु हथियारों की कमी रहेगी, पड़ोस का कोई भी तानाशाह या दूर बैठा कोई वर्चस्ववादी उसकी संप्रभुता का उल्लंघन कर सकता है। इस प्रकार रणनीतिक स्वायत्तता और एक विश्वसनीय निवारक क्षमता हासिल करने के लिए परमाणु हथियारों की ओर ईरान का गुप्त मार्च शुरू हुआ। यहीं पर पाकिस्तान का कनैक्शन सामने आया। ए.क्यू. खान, जो 'परमाणु प्रसार के वॉलमार्ट' पर राज करते थे, ने ईरान को परमाणु सामग्री की आपूर्ति शुरू कर दी। इस पाकिस्तानी-ईरानी परमाणु संबंधों को तत्कालीन पाकिस्तानी सैन्य तानाशाह जनरल जिया-उल-हक और उनके सैन्य उत्तराधिकारियों की सहमति और आशीर्वाद प्राप्त था-इस तथ्य की पुष्टि 2015 में पूर्व ईरानी राष्ट्रपति अकबर हाशमी रफसंजानी ने सार्वजनिक रूप से की थी। पाकिस्तानी सेना ने बदले में इस घटनाक्रम के बारे में क्रमिक नागरिक सरकारों को सफलतापूर्वक अंधेरे में रखा। प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो को 1989 में तेहरान की यात्रा के दौरान दुर्घटनावश इसका पता तब चला जब रफसंजानी ने उनसे 'विशेष रक्षा मामलों' पर दोनों देशों के बीच हुए समझौते की पुष्टि करने के लिए कहा। उस समय तक दर्जनों ईरानी वैज्ञानिक पाकिस्तान के विभिन्न संस्थानों में प्रशिक्षित हो चुके थे। 14 अगस्त 2002 को, ईरानी असंतुष्ट समूहों के एक छत्र संगठन 'नैशनल काऊंसिल ऑफ रेसिस्टैंस ऑफ ईरान' ने दो परमाणु स्थलों को सार्वजनिक कर दिया जिन्हें ईरान ने कथित तौर पर आई.ए.ई.ए, से छुपाया था, जिससे ईरानी परमाणु क्षमता को सीमित करने का एक बारहमासी प्रयास शुरू हो गया। मौजूदा दौर इसी गाथा का ताजा अध्याय है। हालांकि,यह अभी भी पहले पूछे गए सवाल का जवाब नहीं देता है-कि ईरान वास्तव में एक विमान से गिराए जाने या मिसाइल डिलीवरी सिस्टम से जोड़े जाने में सक्षम एक व्यावहारिक परमाणु उपकरण से कितने कितने महीने या साल दूर है। दो साल पहले 7 अक्तूबर 2001 को, अमरीका ने 9/11 के आतंकवादी हमले के लिए अल कायदा को दंडित करने और ओसामा बिन लाडेन व उसके सहयोगियों को शरण देने के लिए तालिबान को सजा देने हेतु अफगानिस्तान पर आक्रमण किया था। यह ध्यान देने योग्य है कि 9ध11 के 19 आतंकवादी अपहरणकर्त्ताओं में से 15 सऊदी अरब से थे, दो यू.ए.ई. से, एक लेबनान से और नेता मिस्र से था। अफगानिस्तान या उस मामले में ईराक से कोई नहीं था। सऊदी अरब, यू.ए.ई. और मिस्र मध्य पूर्व में अमरीका के सबसे पक्के सहयोगियों में बने हुए हैं। ओसामा बिन लाडेन को आखिरकार ऐबटाबाद में खत्म कर दिया गया, लेकिन उसे पनाह देने वाला पाकिस्तान एक बार फिर अमरीका के नए स्नेह की चमक का आनंद ले रहा है। आज वह अमरीका- इसराईल और ईरान के बीच मध्यस्थ है। विडंबना यह है कि अमरीका ने 2021 में अफगानिस्तान को उसी तालिबान के हाथों में वापस सौंप दिया, जिसको उसने 2001 में अफगानिस्तान से बाहर खदेड़ा था। यह सब एक स्पष्ट सवाल खड़ा करता है कि क्या ईरान पर अमरीका- इसराईल के हमले के पीछे 'परमाणु हथियारों' के अलावा कोई अन्य गुप्त कारण था।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### 11 हजार वोल्ट लाइन का टूटा तार बना काल

**बसफरा में हाईटेंशन तार टूटने से 6 भैंसों की मौत, किसानों को मदद का भरोसा**



**जहानाबाद, फतेहपुर।** जहानाबाद थाना क्षेत्र के बसफरा गांव में रविवार को हाईटेंशन लाइन का तार टूटने से बड़ा हादसा हो गया। करंट की चपेट में आने से किसान सुघर पाल उर्फ अच्छेलाल और गोपाल पाल की छह भैंसों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया कि दोनों किसानों की तीन-तीन भैंसें थीं। जानकारी के अनुसार, सुघर पाल अपनी भैंसों को रिंद नदी में पानी पिलाने के लिए ले जा रहे थे। इसी दौरान देवरी पावर हाउस से जुड़ी 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन का तार अखिलेश यादव के खेत के पास अचानक टूटकर भैंसों के ऊपर गिर गया। करंट लगने से सभी छह पशुओं की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पर पुलिस और बिजली विभाग के अधिकारी भी पहुंचे। बिजली विभाग के जेई अरुण मौर्य ने हाईटेंशन तार की चपेट में आने से छह पशुओं की मौत की पुष्टि की। किसानों का आरोप है कि हाईटेंशन लाइन में लगे तारों की स्थिति ठीक नहीं है, जिससे बार-बार टूटने की घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने विभाग से जांच कर उचित कार्रवाई और मुआवजा दिलाने की मांग की है। वहीं, समाजसेवी एवं प्रधान पति राकेश यादव उर्फ नेता ने घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम को फोन कर मामले से अवगत कराया। इसके बाद मौके पर कानूनगो और लेखपाल पहुंचे। अधिकारियों ने पीड़ित किसानों को शासन स्तर से हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिया।

### कटिया डालकर खुलेआम हो रही बिजली चोरी, विभाग मौन



**पनवाड़ी/महोबा।** कस्बा के पाठक पूरा वासी बार-बार विद्युत की आंख मिचौली से परेशान बने हुए हैं, तो वहीं दूसरी ओर कनेक्शन धारक अलग से ओपिन लाइन मे कटिया डालकर खुलेआम विद्युत चोरी करने में लगे हैं, जिससे विद्युत सप्लाई बाधित होती रहती है और लोगों को गर्मी में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है फिर भी विद्युत विभाग जानकर भी अनजान बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस समय भीषण गर्मी के कारण आम जनमानस बेचैन नजर आ रहा है ऐसे में बिजली जाने पर लोग व्याकुल हो जाते हैं कस्बा के पाठक पुरा बासियो के साथ कुछ ऐसा ही हो रहा है! बिजली कब चली जाए इसका कोई ठिकाना नहीं है इसका कारण लोग कटियार डालकर बिजली चोरी को मान रहे हैं, लोगों का कहना है कि मोहल्ले में ओपन बिजली की लाइन पड़ी हुई है उसी का फायदा उठाते हुए कुछ कनेक्शन धारक उपभोक्ता अलग से कटिया डालकर विद्युत संचालित ऐसी जैसे पॉवर उपकरण चलाकर विभाग को नुकसान पहुंचा रहे हैं, तो वहीं कटिया के प्रयोग से अधिक लोड बढ़ने के कारण बार-बार विद्युत सप्लाई बाधित होती रहती हैऔर कभी कभी कई घन्टे विद्युत के दर्शन नहीं होते है जिसका खामयाजा आम उपभोक्ताओं को उठाना पड़ रहा है! इस भीषण गर्मी में बार-बार बिजली की आंख मिचौली से लोगों में नाराजगी देखी जा रही है फिर भी विद्युत विभाग इस ओर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है!इस समबन्ध मे जेई को फोन से जानकारी चाही गई उनहोने फोन ही रिसीव नहीं किया!

### बम भोले के जयकारों के साथ 99 शिवभक्तों का जत्था अमरनाथ यात्रा के लिये रवाना



**जालौन (उरई)।** हर-हर शंभू बम-बम भोले के जयकारों के साथ नगर से 99 शिव भक्तों का जत्था बाबा बर्फानी अमरनाथ यात्रा के लिए निकला है। नगर से अमरनाथ की यात्रा पर जा रहे भक्तों पर पुष्पवर्षा कर जगह जगह स्वागत किया गया। भगवान शंकर के अमरनाथ गुफा में बनने वाले बर्फके शिवलिंग के दर्शन करने के लिए शिव भक्तों में खासा उत्साह है। शनिवार की शाम भक्तों का जत्था नगर के द्वारिकाधीश मंदिर परिसर में एकत्रित हुआ। वहां पर शिवभक्तों से मौजूद लोगों ने फूल मालाओं से लाद दिया। इसके बाद शोभायात्रा निकाली गई। 99 शिव भक्तों का जत्था बैंड-बाजे की ध्वनि पर आगे बढ़ते हुए मस्ती में झूमते हुए आगे बढ़ रहा था। भक्तों की सुरक्षा के लिए पुलिस के जवान मुस्तैद थे। नगर में जगह जगह पुष्प वर्मा कर अमरनाथ यात्रियों को स्वागत किया गया। नगर में काफी संख्या में लोग उन्हें छोड़ने के लिए आगे बढ़ रहे थे। भगवान शंकर के जयकारों व भजनों की ध्वनि से पूरे नगर का माहौल शिव भक्तिमय हो गया। देवनगर चौराहे पर उन्हें बस से बालटाल के लिए रवाना किया। वहां से आगे की चढ़ाई अमरनाथ यात्री पैदल ही तय करेंगे। बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए श्यामजी गुप्ता, पुष्पेंद्र यादव, मनीष धूसर, पुष्पेंद्र सिंह यादव, शिवा, जगदीश प्रसाद, ठाकुर प्रसाद, राहुल साहू, संजय अग्रवाल, अमित कुमार, कन्हैया गुप्ता, रोहित, लोकेंद्र, बालमुकुंद, संदीप, पवन आदि भक्त रवाना हुए। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, दीपक मित्तल आदि रहे।

### भाजपा में ही छोटे से कार्यकर्ता को बड़ा पद मिलना संभवः अनिल यादव

**भाजपा प्रदेश मंत्री का प्रथम गृह जनपद आगमन पर स्वागत**




**उरई (जालौन)।** प्रदेश भाजपा की नवीन कार्यकारिणी पदाधिकारियों के नामों की घोषणा होते ही जनपद जालौन के अनिल यादव को लंबे अंतराल के बाद पार्टी की प्रदेशीय कार्यकारिणी में प्रदेश मंत्री बनाये जाने पर जनपद के भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हो गया। जैसे ही पार्टी कार्यकर्ताओं को इस बात की जानकारी मिली कि प्रदेश मंत्री अपने गृह जनपद में आ रहे तो कालपी यमुना पुल से लेकर जिला मुख्यालय तक उनका भव्य स्वागत किया गया। भाजपा जिला कार्यालय उरई पर नवनियुक्त प्रदेश मंत्री अनिल यादव का जनपद के प्रथम आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित के नेतृत्व में जोरदार ढोल बजाकर आतिशबाजी के साथ भव्य दिव्य स्वागत किया गया कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल रहा कई वर्षों के बाद जनपद को प्रदेश में स्थान मिला। इस अवसर पर अनिल यादव ने कहा कि यह पद मुझे नहीं मिला है हमारे जनपद को यह पद मिला है। भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें छोटे से छोटे कार्यकर्ता को कब कौन सा पद मिल जाए कोई नहीं जानता। इसलिए हम सभी को पार्टी संगठन में लगातार अच्छे मन से कार्य करना है। उन्होंने कहा कि जरूरी नहीं कि पार्टी में कार्य करने के लिये किसी कार्यकर्ता के पास कोई पद हो। बगैर पद के भी कार्यकर्ता पार्टी को मजबूत बनाने में अपना सहयोग दे सकते है। इसके लिये इच्छाशक्ति होनी चाहिए। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, पूर्व जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह, नागेंद्र गुप्ता, संजीव उपाध्याय, नरेंद्र सिंह जादौन, जगदीश तिवारी, पुष्पेंद्र सेंगर प्रशांत द्विवेदी, मनोज यादव, अशोक राठौर, राम अनुग्रह राजावत, अमित पाण्डेय, नीरज दुबे, रेखा वर्मा, मीनू मिश्रा सभी मंडल के अध्यक्ष एवं सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कार-बाइक में भिड़ंत, एक युवक की मौत, एक घायल

**जालौन (उरई)।** जालौन-उरई मार्ग पर राम गार्डन के पास तेज रफ्तार कार ने सामने से बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के कारण बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गई। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कार व उसके चालक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जोशियाना निवासी अखिलेश कुमार ने पुलिस को बताया कि बीती 27 मई उनका बेटा आशुतोष व फर्दनवीस निवासी उनका साला चंद्रशेखर शाम को बाइक से घर की ओर आ रहे थे। बाइक उनका साला चंद्रशेखर चला रहा था और उनका बेटा आशुतोष बाइक पर पीछे बैठा था। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने राम गार्डन के पास उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से साले चंद्रशेखर को चोटें आई वहीं, बेटा आशुतोष गंभीर रूप से घायल हो गया। पहले उसे सीएचसी से मेडिकल कॉलेज फिर उच्च संस्थान रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान आशुतोष की अहमदाबाद में मृत्यु हो गई। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कार व उसके चालक के खिलाफरिपोर्ट इर्ज कर ली है।

# सीएमओ ने बच्चों को पोलियो की बूंद पिलाकर किया शुभारंभ

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



सघन पल्स पोलियो का शुभारम्भ जिला महिला चिकित्सालय, में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. यूबी सिंह, द्वारा बच्चों को पोलियो की बूँद पिलाकर किया गया। बूथ शुम्भारम्भ में डॉ. पीके सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, डॉ. सुरेश कुमार जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, एआरओ डॉ. महेंद्र सिंह लोधी एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, गावी, जेएसआई के स्टाफ आदि उपस्थित रहे। डॉ. सुरेश कुमार, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, नोडल अधिकारी पल्स पोलियो द्वारा उपस्थित लोगों से ये अपेक्षा की गयी कि 28 जून, 2026 से आरम्भ हो रहे पल्स पोलियो अभियान में अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को लाकर पोलियो ड्राप से आच्छादित करायें। डॉ. यूबी सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा कि 29 जून, 2026 से 03 जुलाई, 2026 तक टीमों द्वारा घर-घर जाकर 5 वर्ष से कम आयु तक के बच्चों को पोलियो ड्राप से आच्छादित किया जायेगा। अभियान में लक्षित 423800 बच्चों को पोलियो बूथ एवं घर-घर टीम दिवस के माध्यम से आच्छादित किया जायेगा।

## तकिया चांद शाह में दो कमेटियां आमने सामने, प्रशासन मुस्तैद



**फतेहपुर।** तकिया चांद शाह में उस समय दो कमेटी आमने-सामने आ गई जब फूल माला के बाद कर्बला जाना था। वही एक पक्ष के शिकायतकर्ता चौधरी मोईन राईन का यह आरोप है की चढ़ावे का बंदर बांट करने की फिराक में लोग थे लेकिन प्रशासन और बिरादरी के चौधरी की मौजूदगी में व निगरानी में वह सफल नहीं हो पाए वही दूसरे पक्ष के शिकायतकर्ता मोहम्मद वसीम ने आरोप लगाया की सुबह जब ताजिया में फूल माला करना था तो उन्होंने दूसरे पक्ष के लोगों को बुलाया लेकिन कोई नहीं आया मजबूरन उन्हें जिला प्रशासन को सूचना देनी पड़ी और उसके बाद ताजिया में फूल माला हुआ और फिर गेट बंद किया गया। इन आरोप प्रत्यारोप के बीच में तहसीलदार अमरेश सिंह व सदर कोतवाली प्रभारी हेमंत मिश्रा भारी फोर्स बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। इस दौरान हालांकि दोनों पक्ष के शिकायतकर्ताओं ने जिला प्रशासन की जमकर प्रशंसा किया और कहा कि जिस तरीके से इस मोहर्रम में जिला प्रशासन ने पूरे शिद्दत से कार्य किया है वह तारीफ के काबिल है और जिला प्रशासन के बदौलत ही यहां पर भी किसी प्रकार की कोई वारदात नहीं हुई। इस दौरान इन लोगों ने यह भी कहा कि यह पर्व शहादत व गम का है यहां पर सब्र और इंसाफका पाठ पढ़ाया जाता है यहां किसी तरीके का तांडव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लिहाजा दोनों पक्षों को आपसी समझौते के साथ आगे भी काम करना चाहिए।

## समाजसेवी टीम ने फुटपाथ दुकानदारों को बांटी छतरी

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



भीषण गर्मी व तपती धूप से राहत दिलाने के उद्देश्य से नगर के विभिन्न सड़क किनारे बैठे ठेली, रेहड़ी, मोची, पटरी व फुटपाथी गरीब असहाय छोटे दुकानदारों को समाजसेवी टीम द्वारा धूप से बचाव हेतु छातों का वितरण किया गया। छाता पाकर दुकानदारों ने खुशी जाहिर की है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जीतेन्द्र मिश्रा हमीरपुर के नेतृत्व में यूथ बिग्रेड टीम व्यापार मंडल, युवा व्यापार मंडल एवं गणेश मंडल टीम के सदस्यों द्वारा छातों के वितरण दौरान कहा कि इस सेवा कार्य का उद्देश्य उन मेहनतकश लोगों के प्रति सम्मान और संवेदना प्रकट करना है, जो प्रतिकूल परिस्थितियों में भी निरंतर परिश्रम कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। जनसेवा के इसी भाव के साथ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने का यह एक छोटा सा प्रयास है। उन्होंने इस सेवा अभियान में मिले अमूल्य सहयोग, सहभागिता एवं स्नेह के लिए सभी व्यापारी टीम के सदस्यों व पदाधिकारियों को हृदय से आभार प्रकट किया। इस अवसर पर आकाश मिश्रा, शोभित सोनी, राहुल अग्रवाल, कल्पित अग्रवाल, उत्कर्ष, रीतेश, मोहित आदि टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

# व्यापारी हितों के लिए गांव-गांव तक चलेगा सदस्यता अभियानः प्रदीप गर्ग

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**




आदर्श व्यापार मंडल (उ.प्र.) गर्ग ग्रुप पंजीकृत की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को प्रधान कार्यालय गर्ग आवास, कलेक्ट्रेटगंज में आयोजित हुई। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संरक्षक दिनेश चंद्र साहू ने की, जबकि संचालन जिला अध्यक्ष अभिनव यादव ने किया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष की अनुमति से संगठन का विस्तार करते हुए गोविंद बाबू टाटा (बिंदकी) को राष्ट्रीय महामंत्री, संगीता तिवारी (बिंदकी) को महिला प्रदेश अध्यक्ष, अजीत सिंह राठौर एडवोकेट को जिला प्रभारी तथा एडवोकेट गणेश तिवारी को विधि सलाहकार अध्यक्ष मनोनीत किया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें व्यापारी हितों में कार्य करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गर्ग ने कहा कि संगठन किसी भी स्थिति में व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि अब गांव-गांव तक छोटे व्यापारियों को संगठन से जोड़कर उन्हें रोजगार एवं व्यापार से संबंधित सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक माह के सदस्यता अभियान में लगभग 700 व्यापारियों ने सदस्यता ग्रहण की है। जिलाध्यक्ष अभिनव यादव ने बताया कि जुलाई माह में ष्हर व्यापारी जोड़ो अभियानष् चलाया जाएगा। साथ ही प्रधान कार्यालय गर्ग आवास में प्रतिदिन सुबह 10 बजे से 12 बजे तक व्यापारियों की समस्याओं की जनसुनवाई कर उनका समाधान प्रशासन के माध्यम से कराने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री काली शंकर श्रीवास्तव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनिल सिंह गौतम, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद शमीम, प्रदेश युवा अध्यक्ष संजय पांडेय, जिला महामंत्री अमित शरण बॉबी, युवा जिलाध्यक्ष मोहम्मद इमरान, महिला जिला अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, संगठन मंत्री राहुल सोनी, नगर अध्यक्ष अजय पाल, नगर अध्यक्ष ऋषि तिवारी, उपाध्यक्ष अभिषेक गुप्ता, मोहम्मद आसिफ चिश्ती, अशोक यादव, सिद्धांतों गुप्ता, संजीव चौरसिया सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

# निशुल्क अभ्युदय कोचिंग योजना की प्रवेश परीक्षा सम्पन्न

- वीरभूमि महाविद्यालय में शनिवार को प्रवेश परीक्षा सम्पन्न कराई गई, 380 अभ्यर्थी रहे शामिल

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



शहर के वीरभूमि राजकीय महाविद्यालय में समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित निशुल्क अभ्युदय कोचिंग में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए शनिवार को प्रवेश परीक्षा कराई गई। सीसीटीवी कैमरों के बीच कड़ी निगरानी के बीच हुई प्रवेश परीक्षा में 380 अभ्यर्थी शामिल हुए।

अभ्युदय कोचिंग में निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराई जाती है। सिविल सर्विसेस, नीट, जेईई, एसएससी, रेलवे, उत्तर प्रदेश पुलिस, यूपीएसएससी, आदि की तैयारी के लिए प्रवेश परीक्षा सुबह 11:00 बजे से शुरू हुई। जिसमें पंजीकृत 450 अभ्यर्थियों में से 380 छात्रों ने परीक्षा दी। अब जल्द ही प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित होगा। इसके बाद नवीन शिक्षण सत्र 2026-27 में माह जुलाई 2026 से प्रतियोगी परीक्षाओं की कक्षाएं एवं लाइब्रेरी शुरू होगी।

परीक्षा का निरीक्षण जिला विद्यालय निरीक्षक प्रेम चन्द्र यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी शशिकांत सिंह के द्वारा किया गया। इस मौके पर छात्रावास अधीक्षक विनोद कुमार, डॉ डी. के. खरे, डॉ शैतान सिंह, डॉ अजित नारायण गुप्ता, शैलेश तिवारी, मो फरीद, शिवम साहू, शोभित, अभिषेक राव, अजय सिंह, शैलेन्द्र कुमार, नरेंद्र कुमार, विवेक कुमार सिंह, रविंद्र सिंह, विश्वनाथ सिंह परिहार, आशीष कुमार मिश्रा, विनोद कुमार, शशांक कुमार गुप्ता, विक्रम राजपूत, प्रबल कुमार मौजूद रहे।

## थाना कबरई मिशन शक्ति केंद्र की पहल से सौहार्दपूर्ण समाधान

**दाम्पत्य विवाद पर काउंसलिंग उपरांत भविष्य में विवाद न करने पर बनी सहमति**



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी नगर रविकांत गोंड के नेतृत्व में महिला सुरक्षा एवं पारिवारिक विवादों के निस्तारण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कबरई पुलिस द्वारा सराहनीय कार्य किया गया। बताया है कि थाना कबरई पर आवेदिका पूजा पत्नी अजय, उम्र लगभग 26 वर्ष, निवासी ग्राम सिचौरा थाना कबरई जनपद महोबा द्वारा अपने पति अजय पुत्र स्वर्गीय नाथूराम, उम्र लगभग 30 वर्ष के विरुद्ध गाली-गलौज एवं विवाद करने संबंधी शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। प्राप्त प्रार्थना पत्र के क्रम में दोनों पक्षों को थाना पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र पर बुलाया गया, जहां मिशन शक्ति टीम द्वारा दोनों पक्षों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया एवं उन्हें समझाया-बुझाया गया। काउंसलिंग के दौरान दोनों पक्षों को आपसी सम्मान, संवाद एवं शांतिपूर्ण पारिवारिक जीवन के महत्व के बारे में बताया गया तथा विवाद को समाप्त करने हेतु प्रेरित किया गया। काउंसलिंग उपरांत दोनों पक्षों द्वारा आपसी सहमति से यह निर्णय लिया गया कि भविष्य में किसी भी प्रकार का विवाद, गाली-गलौज अथवा विवाद नहीं किया जायेगा। दोनों पक्षों द्वारा उक्त समझौते पर सहमति व्यक्त करते हुए सौहार्दपूर्ण ढंग से जीवनयापन करने का आश्वासन दिया गया।

## जगम्मनपुर जुहीखा पुल से यमुना में कूदे बुजुर्ग का शव बरामद

**रामपुरा (जालौन)।** थाना क्षेत्र के ग्राम जगम्मनपुर स्थित जुहीखा पुल से यमुना नदी में कूदे एक 65 वर्षीय बुजुर्ग का शव रविवार सुबह हिम्मतपुर गुढ़ा गांव के बीच यमुना नदी से बरामद कर लिया गया। स्थानीय गोताखोरों की मदद से पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि मृत व्यापारी औरैया मंडी से जुड़े हुये थे। उन्होंने आत्महत्या जैसा आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया यह तो पुलिस जांच के दौरान पता चलेगा। बताया जाता है कि शनिवार शाम पुलिस को सूचना मिली थी कि जुहीखा पुल पर एक बाइक, कपड़े और डायरी लावारिस हालत में पड़े हैं तथा एक व्यक्ति के नदी में कूदने की आशंका है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के दौरान डायरी और अन्य दस्तावेजों के आधार पर बुजुर्ग की पहचान राजू पुत्र बाबूराम (65 वर्ष), निवासी खोजापुर, थाना कुठौंद के रूप में की। उनकी बाइक संख्या यूपी 92 जे 6494 भी पुल पर खड़ी मिली थी। परिजनों को तत्काल सूचना देकर यमुना नदी में तलाश अभियान शुरू कराया गया। रविवार सुबह गोताखोरों की सहायता से हिम्मतपुर बड़ागांव के बीच घटना स्थल से लगभग दो मिली दूर नदी से शव बरामद कर लिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक शिव प्रकाश सिंह ने बताया कि जुहीखा पुल से एक व्यक्ति के नदी में कूदने की सूचना मिली थी। सूचना पर तत्काल मौके का निरीक्षण किया गया। रविवार सुबह शव बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# मॉर्निंग स्टार जूनियर स्कूल का सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने किया उद्घाटन

- फीता काटकर नए शैक्षणिक सत्र का किया शुभारंभ, स्कूल परिसर का किया निरीक्षण

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**



राजेंद्र नगर स्थित मॉर्निंग स्टार जूनियर स्कूल का रविवार को भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने फीता काटकर एवं मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर विद्यालय का उद्घाटन किया। विद्यालय के चेयरमैन अभय प्रताप सिंह ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। उद्घाटन के बाद अतिथियों ने विद्यालय परिसर का निरीक्षण कर उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं की जानकारी ली। विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश सिंह ने बताया कि स्कूल पूरी तरह वातानुकूलित है और यहां पीजी से कक्षा चार तक के विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाओं के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन की ओर से मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन, ब्रजभूषण सिंह, जगदीश तिवारी, अनिल बहुगुणा, युद्धवीर सिंह कंथरिया, हरेंद्र विक्रम सिंह, विद्यालय की मैनेजर अर्चना सिंह, लवकुश, मोनिका, पूजा, दिलीप, अंबिका, योगेंद्र, रंजीत सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जीजीआईसी चतुर्थ श्रेणी कर्मी की नदी में डूबने से मौत

**रामपुरा (जालौन)।** घर से गंगा जाने की बात कहकर रविवार सुबह निकला एक युवक कानपुर के बिठूर में गंगा नदी में स्नान के दौरान डूब गया। हादसे में उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। रामपुरा नगर के राजेन्द्र नगर वार्ड नंबर-1 निवासी मोतीलाल वर्मा के बड़े पुत्र राहुल वर्मा (35) रविवार सुबह करीब छह बजे घर से कानपुर जाने की बात कहकर निकले थे। परिजनों के पूछने पर उन्होंने बताया था कि वह बिजली विभाग के जेई अमित शर्मा के साथ जा रहे हैं। मृतक के छोटे भाई छोटू वर्मा ने बताया कि दोपहर में सूचना मिली कि कानपुर के बिठूर में गंगा नदी में स्नान करते समय राहुल गहरे पानी में चले गए और डूबने से उनकी मौत हो गई। राहुल की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। उनकी पत्नी दीपाली का रो-रोकर बुरा हाल है। राहुल अपने पीछे दो छोटे पुत्र देवांश (7 वर्ष) और रिहान्स (2 वर्ष) को छोड़ गए हैं। बताया गया कि राहुल रामपुरा विद्युत उपकेंद्र पर बिजली विभाग से जुड़े ऑनलाइन कार्य करते थे। इसके अलावा वह जगम्मनपुर स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में आउटसोर्सिंग के माध्यम से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में भी कार्यरत थे। राहुल वर्मा के असामयिक निधन से रामपुरा और आसपास के क्षेत्र में शोक का माहौल है।

# डीएम ने नौनिहालों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाकर किया अभियान का शुभारंभ

- हर बच्चे तक पहुंचे पोलियो की दो बूंद, कोई भी बच्चा न छूटे
- बूथ दिवस के बाद 29 जून से 3 जुलाई 26 तक टीमें करेंगी घर-घर भ्रमण

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**



जनपद में बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से रविवार को जिला महिला चिकित्सालय, उरई से राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने नन्हे बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का विधिवत शुभारंभ किया तथा नवजात शिशुओं के परिजनों को शुभकामनाएं देते हुए सभी अभिभावकों से अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को अनिवार्य रूप से पोलियो की दवा पिलाने की अपील की।

जिलाधिकारी ने कहा कि पोलियो जैसी बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय समय पर पोलियो की खुराक पिलाना है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें गांव, मोहल्ले अथवा घर-घर पहुंचें तो आमजन उनका पूरा सहयोग करें, ताकि कोई भी बच्चा इस सुरक्षा कवच से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित नियमित टीकाकरण एवं पल्स पोलियो अभियान के कारण देश में पोलियो नियंत्रण की दिशा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है और इसे पूरी तरह बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरिनंदन प्रसाद ने बताया कि जनपद में अभियान के तहत 1,188 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं, जहां 2,16,833 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बूथ दिवस के बाद 29 जून से 3 जुलाई 2026 तक 590 घर-घर भ्रमण टीमें लगभग 3,31,360 घरों तक पहुंचकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी। अभियान की प्रभावी निगरानी के लिए 190 पर्यवेक्षकों को तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त 6 जुलाई को बी-टीम द्वारा उन बच्चों को भी दवा पिलाई जाएगी, जो किसी कारणवश अभियान से छूट गए हों। यात्रा कर रहे परिवारों के बच्चों को पोलियो की खुराक उपलब्ध कराने के लिए 41 ट्रांजिट टीमें भी सक्रिय रहेंगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि अभियान की प्रतिदिन समीक्षा की जाएगी तथा जनपद स्तरीय नोडल अधिकारियों द्वारा लगातार पर्यवेक्षण सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि अभियान शत-प्रतिशत सफल बनाया जा सके। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीरेंद्र सिंह, डॉ. आनंद प्रकाश वर्मा, जिला महिला चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. जे.एन. राम, सीएमएस डॉ. एस.के. पाल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. प्रेम प्रताप, यूएनडीपी, डब्ल्यूएचओ एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, पर्यवेक्षक, चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**सूचना**

मैंने अपने बड़े पुत्र रवि शर्मा का आचरण अच्छा न होने पर उससे संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा और मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। **राजेंद्र कुमार शर्मा पुत्र रामसनेही शर्मा, निवासी- ग्राम अकबरपुर, छिबरामऊ (कन्नौज)।**

# विकास कार्यों का विधायक ने किया लोकार्पण



**हैदरगढ़, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** विकास खंड हैदरगढ़ अंतर्गत जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत निधि से 75 लाख रुपये की लागत से कराए गए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास विधायक दिनेश रावत एवं जिला पंचायत सदस्य व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह द्वारा किया गया। नेता द्वय द्वारा ग्राम सभा आलापुर (पूरे विद्दी) - चकोरा मार्ग पर भारत यादव के घर से अजमत अली के घर तक सीसी नाला,पूरे विद्दी चौराहा से शिव मंदिर तक इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण ,ग्राम सभा शरीफाबाद (पूरे लोधी का पुरवा) - डामर रोड से मंदिर तक इंटरलॉकिंग निर्माण,सुबेहा-सिल्हौर मार्ग से सफीपुर तक - सीसी रोड निर्माण सिल्हौर मार्ग से पूरे लोधी होते हुए गुड पुरवा तक खड़ंजा निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार में गांवों का तीव्र गति के साथ विकास हो रहा है, आज गाँवों में तेजी के साथ डामर रोड, सीसी मार्ग व इंटरलॉकिंग रोड का निर्माण हो रहा है जिसकी वजह से आमजन को आवागमन में भारी सुगमता हो रही है। श्री रावत ने आगे कहा कि प्रदेश की योगी सरकार में तेजी के साथ गांवों की तस्वीर बदल रही है लोगों को बुनियादी सुविधाएं मिल रही है।

**भाजपा नेता एवं ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने कहा कि** भाजपा सरकार में विकास के नए-नए आयाम स्थापित हो रहे हैं श्री सिंह ने आगे कहा कि केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार में जनता खुशहाल है बिना भेदभाव के समाज के अंतिम छोर पर बसे नागरिकों तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं पहुंच रही है। अवसर पर निवर्तमान मंडल अध्यक्ष राम सागर मौर्य, पूर्व मंडल महामंत्री रंजीत सिंह महंत, मंडल महामंत्री रूपचंद चौरसिया, समाजसेवी जगदीश सिंह चंदेल, प्रधान बरांवा रामकुमार सिंह, मंडल कोषाध्यक्ष राम किशोर गुप्ता प्रधान आलापुर राम सिंह लोधी प्रधान चकौरा मंशाराम यादव पूर्व प्रधान लालबाबू मौर्य क्षेत्र पंचायत सदस्यगण, ग्राम प्रधानगण, पार्टी पदाधिकारी एवं सम्मानित कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# हैदरगढ़ में निजी चिकित्सक के इलाज के दौरान डेढ़ वर्षीय मासूम की मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र के ठाकुरद्वारा वार्ड स्थित एक निजी क्लीनिक में इलाज के दौरान डेढ़ वर्षीय मासूम की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य बच्चों की हालत बिगड़ने पर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) हैदरगढ़ में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी बच्चों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और आक्रोशित परिजन ग्रामीणों के साथ सीएचसी पहुंचकर संबंधित चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। सूचना पर पहुंचे एसडीएम हैदरगढ़ राजेश विश्वकर्मा और पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) ने परिजनों को जांच और कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया।

तीन अन्य बच्चों की हालत बिगड़ी

जानकारी के अनुसार, लोहिया वार्ड निवासी कल्लू अपने चार बच्चों–हसनैन (डेढ़ वर्ष), मारिया (डेढ़ वर्ष), साजिद (6 वर्ष) और तमन्ना (8 वर्ष)–को गर्मी के कारण शरीर पर दाने निकलने की शिकायत होने पर ठाकुरद्वारा स्थित निजी चिकित्सक बृजमोहन गुप्ता के पास इलाज के लिए ले गए थे। परिजनों का आरोप है कि चिकित्सक द्वारा इंजेक्शन लगाए जाने के बाद हसनैन की हालत अचानक बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। वहीं अन्य तीन बच्चों की तबीयत भी खराब होने लगी, जिसके बाद उन्हें तत्काल सीएचसी हैदरगढ़ ले जाया गया।

सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद तीनों बच्चों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। घटना से नाराज परिजन और स्थानीय लोग सीएचसी पहुंच गए तथा चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग करने लगे।

# सर्दी हो, गर्मी हो या बरसात, आपकी सेवा में ट्रैफिक के जवान हमेशा रहतें है तैनात

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**



रायबरेली में इन दिनों भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच तापमान 42 डिग्री के आसपास पहुंच चुका है। बावजूद इसके यातायात पुलिसकर्मी शहर के प्रमुख चौराहों पर पूरी मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं। जहां एक ओर लोग गर्मी से बचने के लिए छांव तलाश रहे हैं, वहीं ट्रैफिक जवान घंटों धूप में खड़े रहकर वाहनों का संचालन कर रहे हैं, ताकि शहर की यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे और आम नागरिकों को जाम जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े। इन पुलिसकर्मियों की मेहनत और समर्पण न सिर्फ कानून व्यवस्था को मजबूत बनाता है, बल्कि सड़क पर चलने वाले हर व्यक्ति की सुरक्षा भी सुनिश्चित करता है।

ऐसे में हमारी भी जिम्मेदारी बनती है कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें, ट्रैफिक पुलिस का सहयोग करें और वाहन चलाते समय हेलमेट, सीट बेल्ट सहित सभी यातायात नियमों का पालन करें। आपकी छोटी-सी सावधानी किसी की जान बचा सकती है।

## पागल कुत्ते के आतंक से दहशत, तीन गंभीर घायल जिला अस्पताल रेफर

**रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** नगर पंचायत रामसनेहीघाट क्षेत्र के कस्बा सुमेरगंज में रविवार को एक पागल कुत्ते के आ तंक से लोगों में दहशत फैल गई। कुत्ते ने सुबह से अलग-अलग स्थानों पर कई लोगों पर हमला कर दिया, जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनीकोडर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, सुमेरगंज के आबकारी मोहल्ला निवासी आशू, अतीक तथा भूडेहरी निवासी विजय यादव पर पागल कुत्ते ने हमला कर दिया। किसी के हाथ तो किसी के पेट में गंभीर घाव हुआ है। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोग घरों से निकलने में भी डर महसूस करने लगे।

# डीएम ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान का किया शुभारंभ

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**




जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने जिला (महिला) अस्पताल परिसर के बूथ से पल्स पोलियों अभियान के अन्तर्गत बूथ डे के अवसर पर बच्चों को पोलियों की दो बूंद पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद को पोलियों मुक्त रखने के लिए अभियान में किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही न बरती जाएं, शत प्रतिशत बच्चों को पोलियों की खुराक से आच्छादित किया जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 1672 बूथ बनाए गए हैं जहां पर 0 वर्ष से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी, जनपद के कुल 367432 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य है, जो बच्चे रविवार को पोलियो की खुराक पीने से छूट जाएगे उन्हें अगले 5 दिनों तक 1167 टीम द्वारा घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी तैयारियां पूर्ण करा ली जाए समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान करेंगे। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नवीन चंद्रा द्वारा अवगत कराया गया कि पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए 31 ट्रांजिट टीम, 38 मोबाइल टीम, 337 सुपर वाइजर को लगाया गया है। जनपद में कुल 19 कोल्ड चेन प्वाइट है। जनपद को 381200 पोलियो वैक्सीन-डोज उपलब्ध है। उन्होंने बताया है कि सभी ब्लाक को पर्याप्त मात्रा में पोलियो वैक्सीन व लॉजिस्टिक उपलब्ध करा दी गयी है।

पल्स पोलियो अभियान के सफल कियान्वयन/पर्यवेक्षण हेतु ब्लाक स्तरीय नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं। पल्स पोलियो अभियान की सफलता हेतु सम्बन्धित विभागों से समन्वय स्थापित किया जा चुका है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नवीन चंद्रा सहित संबंधित अधिकारीगण /चिकित्सक उपस्थित रहें।

## खबरें एक नजर में

### राज्यमंत्री ने प्रदेश मंत्री अवधेश श्रीवास्तव का किया अभिनंदन

**समृद्धि न्यूज़, रामसनेहीघाट बाराबंकी।** रविवार को स्थानीय नगर पंचायत स्थित बूढ़े हनुमान जी मंदिर परिसर में खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा द्वारा नवनियुक्त प्रदेश मंत्री अवधेश श्रीवास्तव के स्वागत समारोह में श्री श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा उनकी मां है और उसकी सेवा के लिए उनका पूरा जीवन समर्पित है। श्री शर्मा द्वारा आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए अवधेश श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा ऐसा संगठन है जहां बगैर भेदभाव तथा परिवारवाद के सर्वोच्च पदों तक पहुंचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि 36 वर्ष पूर्व तत्कालीन भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश प्रसाद शर्मा ने इसी प्रांगण में उन्हें बूथ अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी थी। उसी पौधे को संगठन ने सींचा और कार्यकर्ताओं के आशीर्वाद से आज उन्हें प्रदेश मंत्री के रूप में सेवा करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि जनता ने भाजपा पर जो विश्वास जताया, उसी का परिणाम है कि सतीश शर्मा को राज्य मंत्री और उन्हें संगठन में प्रदेश मंत्री की जिम्मेदारी मिली। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में सतीश शर्मा को पिछली बार की अपेक्षा दोगुने मतों से विजयी बनाने तथा जिले की सभी विधानसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों को जीत दिलाने का आह्वान किया।कार्यक्रम के आयोजक राज्य मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि अवधेश श्रीवास्तव संगठन के निष्ठावान और जुझारू कार्यकर्ता रहे हैं। वर्ष 2017 में उनके जिलाध्यक्ष रहते समाजवादी पार्टी के गढ़ कहे जाने वाले बाराबंकी में भाजपा ने छह में से पांच विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज की थी।निकाय और जिला पंचायत चुनाव में भी भाजपा ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की। उन्होंने विश्वास जताया कि अवधेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा बाराबंकी ही नहीं, आसपास के जनपदों में भी भाजपा का जनाधार और बढ़ेगा।समारोह में पवन कुमार सिंह रिंकू, प्रदीप द्विवेदी, रूपेश प्रताप सिंह, दीपक वर्मा, जवाहरलाल वर्मा, अभिषेक वर्मा, सुरेंद्र कौशल, नरेंद्र सिंह सलूजा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### अफीम फसल डोडा को लेकर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

**समृद्धि न्यूज़, सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** तहसील सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के जंगरा बसावनपुर गांव में रविवार को प्रशासन ने अफीम की फसल के डोंडा के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज ने अपने सामने खेत में तैयार डोडा की फसल को ट्रैक्टर चलवाकर नष्ट करवाया।कार्रवाई के दौरान, एसडीएम अनिल कुमार सरोज ने मौके पर पहुंचकर तैयार अफीम की फसल के डोडा का वजन करवाया। इसके बाद, उन्होंने खेत में ट्रैक्टर चलवाकर पूरी फसल को जोतवाकर खत्म करवा दिया, ताकि डोडा का दुरुपयोग रोका जा सके।एसडीएम अनिल सरोज ने बताया कि क्षेत्र में अफीम की खेती करने वाले किसानों की तैयार फसल के बाद बचे डोडा को नष्ट करवाया गया है। इस कार्रवाई के दौरान राजस्व, आबकारी और पुलिस विभाग की टीमें भी मौके पर मौजूद रहीं।

# दस साल नौकरी कर रहे शिक्षक की मार्कशीट फर्जी निकली, बर्खास्त

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** बेसिक शिक्षा विभाग में फर्जी अंकपत्रों के आधार पर नौकरी करने का मामला प्रकाश में आया है। करीब 10 वर्षों तक सेवा देने वाले एक सहायक अध्यापक को विभाग ने बर्खास्त कर दिया है। साथ ही उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने और अब तक मिले वेतन की वसूली के निर्देश भी दिए गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, सत्य प्रकाश मिश्र की नियुक्ति वर्ष 2016 में 15 हजार शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के तहत हुई थी। वह जामो ब्लॉक के रानीपुर प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत था। आरोप है कि उसने नौकरी हासिल करने के लिए संपूर्णानंद कृषि विश्वविद्यालय, वाराणसी के फर्जी अंकपत्रों का इस्तेमाल किया था। मामले का खुलासा तब हुआ जब विश्वविद्यालय ने अमेठी के बेसिक शिक्षा विभाग को संबंधित अंकपत्रों के फर्जी होने की सूचना दी। इसके बाद विभागीय जांच शुरू की गई। जांच के दौरान सत्य प्रकाश मिश्र को कई बार मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी किया गया, लेकिन वह एक भी बार कार्यालय में उपस्थित नहीं हुआ। दस्तावेजों की पुष्टि न होने और विश्वविद्यालय की रिपोर्ट के आधार पर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया है।



# संपादक ने जन्मदिन पर प्रकृति और वन्यजीव संरक्षण का दिया संदेश

## कादू नाला वन क्षेत्र में बिताए यादगार पल

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

हिन्दी-उर्दू दैनिक सहारा जीवन के प्रकाशक एवं संपादक संतोष श्रीवास्तव ने अपने जन्मदिन को अनूठे अंदाज में मनाते हुए जनपद के ऐतिहासिक कादू नाला वन क्षेत्र का भ्रमण किया। इस अवसर पर उनके साथ वरिष्ठ पत्रकार रमन पांडेय, विकास शुक्ला एवं प्रदीप सिंह भी मौजूद रहे। वन क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता के बीच सभी ने कुछ समय व्यतीत किया तथा वहां मौजूद बंदरों को फल खिलाकर वन्यजीवों के प्रति संवेदनशीलता और संरक्षण का संदेश दिया। पत्रकार साथियों ने संतोष श्रीवास्तव को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल जीवन की कामना की। इस दौरान संतोष श्रीवास्तव ने कहा कि जन्मदिन केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि समाज, प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को याद करने का भी दिन है। उन्होंने सभी से पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण तथा वन्यजीवों के प्रति संवेदनशील रहने की अपील की। प्राकृतिक वातावरण और आत्मीय माहौल में मनाया गया यह जन्मदिन सभी के लिए यादगार बन गया।




## तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में रविवार को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त मो. नसीर पुत्र मो. नसीम निवासी ग्राम तकिया मजरे जमुवारी थाना मुसाफिरखाना व अमित दुबे उर्फ गौरव पुत्र रामशंकर दुबे निवासी ग्राम खरगीपुर दुबे मजरे टिकरा थाना मुसाफिरखाना को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी से अभियुक्त मो. नसीर के कब्जे से एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर एवं अमित दुबे के कब्जे से एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ है।

# बाराबंकी में दर्दनाक सड़क हादसा: ब्रिटानिया फैक्ट्री की बस की टक्कर से मां-बेटी की मौत

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** थाना जहांगीराबाद क्षेत्र के अटवा गांव के पास रविवार दोपहर करीब 1 बजे एक भीषण सड़क हादसे में मां-बेटी की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, सदरूद्दीनपुर की ओर से आ रही ब्रिटानिया कंपनी की बस ने जहांगीराबाद से स्कूटी पर दवा लेकर घर लौट रही मां-बेटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान बेटी रीता देवी (24 वर्ष) ने दम तोड़ दिया। वहीं गंभीर हालत में मां मंगल यादव (40 वर्ष) को लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी भी मौत हो गई। दोनों मृतक बल्लापुरवा, थाना जहांगीराबाद क्षेत्र की रहने वाली थीं। बताया जा रहा है कि वे दवा लेकर घर लौट रही थीं, तभी यह हादसा हो गया। हादसे के बाद बस चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।



# बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा राघीपुर-रोहसी बुजुर्ग गांव के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार बोलेरो और पल्सर बाइक के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान सुनील सिंह पुत्र शंकर बक्श सिंह, निवासी लढ़ियापुर, चंदईपुर, कोतवाली गौरीगंज के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची गौरीगंज कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को भी कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस दुर्घटना के कारणों और वाहन चालक की भूमिका की जांच कर रही है।



# सीतापुर में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ डीएम ने बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक

- जिला महिला चिकित्सालय में फीता काटकर अभियान का शुभारंभ, मातृ सुरक्षा केंद्र का भी किया निरीक्षण



**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** जनपद सीतापुर में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ जिला महिला चिकित्सालय में किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर0 ने फीता काटकर अभियान की शुरुआत की तथा शिशुओं को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डॉ. सुनीता कश्यप ने जिलाधिकारी को स्मृति चिन्ह स्वरूप फ्लावर पॉट भेंट कर सम्मानित किया। अभियान के शुभारंभ के उपरांत जिलाधिकारी ने मातृ सुरक्षा केंद्र का निरीक्षण कर अस्पताल में साफ-सफाई, स्वास्थ्य सेवाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित चिकित्सकों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की तथा उपलब्ध व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने, अस्पताल परिसर की स्वच्छता बनाए रखने तथा सभी व्यवस्थाओं का प्रभावी ढंग से संचालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए सभी स्वास्थ्यकर्मियों से पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया। साथ ही अभिभावकों से अपील की कि वे अपने पांच वर्ष से कम आयु के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक अवश्य पिलवाएं, ताकि कोई भी बच्चा इस अभियान से वंचित न रह सके।

# 15 वर्षीय नाट्य कार्यशाला का हुआ समापन

- ऐतिहासिक नाटक वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई का अत्यंत प्रभावशाली हुआ मंचन
- नाटक मंचन को देख दर्शक हुए भावविभोर



**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ एवं संस्था विजय बेला एक कदम खुशियों की ओर लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 15 दिवसीय नाट्य कार्यशाला का शानदार समापन हुआ। इस अवसर पर लखनऊ पब्लिक स्कूल बाराबंकी शाखा के प्रेक्षागृह में महेंद्र भीष्म द्वारा लिखित ऐतिहासिक नाटक वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई का अत्यंत प्रभावशाली मंचन किया गया, जिसने दर्शकों में राष्ट्रभक्ति और आत्मसम्मान का अनूठा जज्बा भर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व पुलिस अधिकारी डॉ0 सत्या सिंह, डॉ0 आदर्श गर्ग व नाटक के लेखक महेंद्र भीष्म, प्रदीप सारंग एवं आदर्श गुलसिया द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस विशेष कार्यशाला का प्रशिक्षण और नाटक का कुशल निर्देशन वरिष्ठ रंगकर्मी चंद्रभाष सिंह ने किया। नाटक में भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की महान वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के जीवन, संघर्ष और बलिदान को सशक्त रंगमंचीय प्रस्तुति के माध्यम से जीवंत किया गया। मंच से जैसे ही रानी लक्ष्मीबाई का प्रसिद्ध उद्घोष मैं अपनी झाँसी नहीं दूँगी गूंजा, पूरा सभागार देर तक तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। प्रस्तुति में बालिका मणिकर्णिका के साहसी व स्वाभिमानी व्यक्तित्व से लेकर झाँसी की महारानी बनने तथा अंग्रेजी शासन की दमनकारी नीतियों के विरुद्ध उनके ऐतिहासिक संघर्ष को बखूबी दिखाया गया। ओजपूर्ण संवादों, युद्ध दृश्यों और कलाकारों के जीवंत अभिनय ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। नाटक में रानी लक्ष्मीबाई के साथ-साथ तात्या टोपे, नाना साहेब एवं अन्य क्रांतिकारियों के संघर्ष को भी प्रभावी रूप से मंचित किया गया। अंतिम दृश्य में जब रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान का चित्रण किया गया, तो दर्शकों की आंखें नम हो गई। यह नाटक नारी सशक्तिकरण का एक मजबूत संदेश देने में सफल रहा। नाटक में मलक बुशरा, प्राख्या श्रीवास्तव, श्रेया श्रीवास्तव, अंशिका रस्तोगी, शुभांगी वर्मा, स्मिता तिवारी, प्राची रस्तोगी, राशि रस्तोगी, श्रद्धा कुमारी, देवेंद्र कुमार, शौर्य मिश्रा, जयगणेश कुमार त्रिवेदी, आदर्श गुलसिया, रजत वर्मा, प्रदीप सारंग, यश श्रीवास्तव, मो. अजीज, युग शर्मा, पार्थ पटेल, विनोद कुमार चौधरी, अयांश गुप्ता, अहेम श्रीवास्तव, अनुनय जैन, साद अहमद एवं अभिनव प्रताप सिंह ने विभिन्न भूमिकाओं में सराहनीय अभिनय कर वाहवाही लूटी।

# सैनिकों के सम्मान और अधिकारों के लिए सपा सदैव प्रतिबद्ध : अरविन्द सिंह यादव

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।**



प्रेमपुर स्थित जयराम पैलेस में समाजवादी पार्टी के सैनिक प्रकोष्ठ का सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन में समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अरविन्द सिंह यादव एवं सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल शरद शरण मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर विधायक अरविन्द सिंह यादव ने कहा कि देश की सेवा करने वाले सैनिकों और पूर्व सैनिकों का सम्मान समाजवादी पार्टी की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि सैनिकों के हितों की रक्षा, उनके परिवारों के सम्मान तथा उनके अधिकारों के लिए पार्टी सदैव प्रतिबद्ध रहेगी। समाजवादी विचारधारा समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलने और उनके हितों की रक्षा करने में विश्वास रखती है। सम्मेलन में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा समाजहित में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया। इस दौरान अनिल पाल, कल्याण सिंह दोहरे, पूर्व विधायक प्रताप सिंह यादव, जयवीर सिंह फौजी, रमेश सिंह फौजी, विश्राम सिंह फौजी, रविंद्र सिंह, कैप्टन लालजीत, रामाधार यादव, आदिल खान, जोगराज सिंह, कैप्टन सुरेश चंद, कमलेश फौजी, के.के. सिंह फौजी एवं लाखन सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने शहीद विनीत दुबे को दी श्रद्धांजलि

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।**



कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नौगाई निवासी देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सपूत शहीद विनीत दुबे के निधन पर समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव एवं सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शरद सरन उनके आवास पहुंचे शहीद को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। दोनों नेताओं ने शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित किए तथा उनके अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। इस दौरान उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। पूर्व विधायक ने कहा कि शहीद विनीत दुबे का बलिदान सदैव देशवासियों को राष्ट्रसेवा और देशभक्ति की प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत वीर आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोक-संतप्त परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीद को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।**

नगर के मोहल्ला बनवारी नगर में रविवार को एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मृतका की पहचान सीता शुक्ला पत्नी अजय शुक्ला निवासी बनवारी नगर के रूप में हुई। घटना की सूचना मृतका के बहनोई राजेंद्र दुबे निवासी मऊ दरवाजा जनपद फर्रुखाबाद ने डायल 112 पर दी।

मृतका के भाई अरविंद कुमार ने आरोप लगाया कि उनकी बहन को प्रताड़ित किया जाता था और उसकी हत्या की गई है। मामले की जांच जारी है और पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

# नगरोदय योजना के तहत महराजगंज नगर पंचायत को मिले एक करोड़ 95 लाख




**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के तहत नगर पंचायत महाराजगंज को मिला एक करोड़ 95 लाख। चेयरमैन प्रतिनिधि भाजपा नेता प्रभात साहू ने बताया कि मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के तहत नगर पंचायत महाराजगंज को एक करोड़ 95 लाख रुपए का प्रस्ताव पास हुआ है उन्होंने योगी आदित्यनाथ सरकार को इसके लिए धन्यवाद भी दिया और कहा कि इस योजना के तहत नगर पंचायत महाराजगंज के आजाद नगर मे व्यापारियों के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा बहुत ही अच्छी योजना चलाई गई है जिससे व्यापारियों को काफी लाभ मिलेगा और महाराजगंज नगर में लगने वाले जाम से भी लोगों को काफी हद तक छुटकारा मिलेगा। मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित एक महत्वाकांक्षी शहरी विकास पहल है इसका मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नगर निगमों नगर पालिकाओं और नगर पंचायत में विश्व स्तरीय नागरिक सुविधाएं विकसित करना है।

नगरोदय योजना के तहत स्थानीय जरूरत के अनुसार कम्युनिटी सेंटर एम्फी थियेटर डिजिटल लाइब्रेरी एग्जिबिशन सेंटर अर्बन हाट और स्मार्ट पार्किंग जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा। वहीं स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार के लिए व्यावसायिक परिसर बाजार और दुकानों का निर्माण कर स्थानीय व्यापारियों एवं बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे साथ ही पर्यटन एवं सौंदर्यीकरण के तहत पर्यटन स्थलों का भी विकास किया जाएगा।

## प्रशासन की चेतावनी के बाद भी सड़क पर सुखाई जा रही मक्का



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** प्रेमपुर क्षेत्र से गुजर रहे एनएच-34 हाइवे पर किसानों द्वारा सड़क पर मक्का सुखाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों की टीम कई बार मौके पर पहुंचकर किसानों को सड़क खाली करने और नियमों का पालन करने की चेतावनी दे चुकी है, लेकिन इसका कोई असर दिखाई नहीं दे रहा। सड़क पर फैली मक्का के कारण हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थिति यह है कि यदि किसी वाहन का पहिया गलती से मक्का पर चढ़ जाए तो किसान वाहन चालकों से विवाद करने पर उतारू हो जाते हैं, जिससे कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना भी बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर इस तरह मक्का सुखाना न केवल यातायात में बाधा है, बल्कि यात्रियों की जान के साथ भी खिलवाड़ है। लोगों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई कर सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है।

# पल्स पोलियो अभियान का डीएम ने किया शुभारंभ

- 2.74 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी खुराक
- 827 बूथों पर चल रहा विशेष टीकाकरण कार्यक्रम



**समृद्धि न्यूज़, कन्नौज।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को महिला जिला चिकित्सालय में बूथ दिवस का आयोजन कर अभियान का शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की और पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास चंद्र ने बताया कि जिले में शून्य से पांच वर्ष तक के करीब 2.74 लाख बच्चों को पोलियो से सुरक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए जनपद भर में 827 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं। बूथ दिवस के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर उन बच्चों को भी पोलियो की खुराक पिलाएंगी, जो किसी कारणवश बूथों तक नहीं पहुंच पाएंगे। जिलाधिकारी ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि पोलियो उन्मूलन में सभी की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने कहा कि पांच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाई जाए, जिससे उसका भविष्य सुरक्षित रह सके। कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के.पी. त्रिपाठी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार नाग, डिप्टी सीएमओ डॉ. एम.बी. सिंह, डॉ. अजहर, डॉ. बृजेश शुक्ला, डॉ. अमिता पटेरिया, डॉ. सारंग, डॉ. हरि माधव, डीएआरओ वाई.के. मंजुल, फार्मासिस्ट सुरेंद्र कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ताओं में बढ़ा आक्रोश



**जैदपुर बाराबंकी।** कस्बे में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से परेशान उपभोक्ताओं का गुस्सा रविवार को खुलकर सामने आ गया।भीषण गर्मी और लगातार बाधित बिजली आपूर्ति से नाराज़ दर्जनों उपभोक्ताओं ने नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि के साथ शनिवार देर रात करीब 11 बजे स्थानीय पावर हाउस पहुंचकर घेराव किया और बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई।प्रदर्शन के दौरान लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बार-बार हो रही कटौती पर नाराजगी जताई।स्थिति को देखते हुए पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर शांत कराया।सभासद प्रतिनिधि नसीम ने बताया कि अघोषित बिजली कटौती के कारण बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है।गर्मी के बीच लंबे समय तक बिजली न रहने से लोगो का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि क्षेत्रवासियों की समस्याओं को देखते हुए चेयरमैन प्रतिनिधि दाऊद अंसारी के नेतृत्व में उपभोक्ता पावर हाउस पहुंचे,लेकिन वहां कोई जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं मिला।बाद में मौजूद कर्मचारियों से वार्ता की गई,जिन्होंने समस्या के समाधान और बिजली व्यवस्था में सुधार का आश्वासन दिया।उपभोक्ताओ ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो आगे बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद की स्थापना पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**फतेहपुर, बाराबंकी।** तहसील फतेहपुर में अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद व बजरंग दल का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर शोभायात्रा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष जयशंकर जोशी ने किया। बाइक द्वारा ब्लॉक तिराहे से नगर भ्रमण कर महादेव तालाब शक्ति धाम पर कार्यक्रम समापन किया गया कार्यक्रम में गौरव सोनी जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल आयुष जोशी जिला अध्यक्ष हिंदू हेल्पलाइन जिला मंत्री सत्यम मिश्रा सत्यम जोशी तहसील अध्यक्ष अनुपम निगम डॉक्टर अंजु चंद्र गिरधर गोपाल रामनाथ सोनी शेखर सोनी ललित सोनी अमन जोशी दयाशंकर जोशी संतोष गुप्ता सुरेश चंद्र वर्मा आदि पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।



# रेप केस में गवाही का दबाव, विरोध पर भाई-बहन से मारपीट का आरोप

- डीएम से रो-रोकर लगाई न्याय की गुहार, जिला अस्पताल में भर्ती हैं घायल
- तिर्वा कोतवाली पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

**कन्नौज।**



तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के पाला गांव की एक किशोरी ने रेप के मामले में गवाही देने और शिकायत वापस लेने का दबाव बनाए जाने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई। रविवार को पल्स पोलियो अभियान के तहत जिला अस्पताल पहुंचे जिलाधिकारी से मिलकर किशोरी फफक पड़ी और पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। पीड़िता की गुहार सुनकर मौके पर मौजूद लोग भी भावुक हो गए। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपित लगातार उस पर रेप के मुकदमे में गवाही देने और शिकायत वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। विरोध करने पर उसके भाई और बहन के साथ मारपीट की गई, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। किशोरी का कहना है कि आरोपित उसके पिता को भी घर से बाहर नहीं निकलने दे रहे हैं और पूरा परिवार भय के माहौल में जीवन यापन करने को मजबूर है।

जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में शशी पुत्री सर्वेश सिंह निवासी पाला ने अखिलेश, आयुष, पीयूष, सलोनी, मोहिनी समेत अन्य लोगों पर मारपीट, धमकी देने और जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया है। उसने यह भी कहा कि तिर्वा कोतवाली पुलिस से कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद आरोपितों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, जिससे उनके हौसले बुलंद हैं।

मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया।

वहीं, समाचार लिखे जाने तक तिर्वा कोतवाली पुलिस का पक्ष सामने नहीं आ सका।

# घर की दूसरी मंजिल पर युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला सुभाष नगर में रविवार को एक युवक ने घर की दूसरी मंजिल पर कपड़े की रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान अमन बाथम (पुत्र श्याम कुमार बाथम) के रूप में हुई। मृतक की मां उषा देवी ने बताया कि अमन नगर स्थित दिलीप कपूर की टायर की दुकान पर काम करता था। रविवार दोपहर करीब एक बजे वह घर पर खाना खाने आया और इसके बाद कमरे में आराम करने चला गया। शाम करीब चार बजे परिजनों ने देखा तो वह फांसी के फंदे से लटका मिला।



सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। बताया गया कि अमन के पिता हर्ष फायरिंग के एक मामले में जेल में बंद हैं। परिवार में भाई आकाश, बहन वैष्णवी तथा बाबा राम सुमेरन हैं, जो पुराने कपड़ों का व्यवसाय करते हैं। घटना के बाद पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# तंत्र मंत्र के नाम पर हुई मौत का मामला गरमाया, राज्यमंत्री पीड़ित के घर पहुंचकर व्यक्त किया शोक संवेदना

**रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** तंत्र-मंत्र के नाम पर हुई सुकई की मौत का मामला गरमाया, राज्य मंत्री सतीश शर्मा पहुंचे पीड़ित परिवार के घर; निष्पक्ष जांच का दिया भरोसा। थाना टिकैतनगर क्षेत्र के खजुरी सीहोरिया गांव में तंत्र-मंत्र के कथित चक्कर में हुई 40 वर्षीय सुकई की संदिग्ध मौत का मामला अब राजनीतिक रंग पकड़ने लगा है। रविवार को प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री सतीश शर्मा मृतक के घर पहुंचे और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने दोषियों के खिलाफ निष्पक्ष व सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। मुलाकात के दौरान परिजनों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। मृतक के भाई दुखीराम ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उनकी ओर से दी गई तहरीर दर्ज नहीं की। उनका कहना था कि पुलिस ने अली बाबू से तहरीर लिखवाकर केवल उनसे हस्ताक्षर करा लिए। उन्होंने आरोप लगाया कि तहरीर ऐसे लोगों के प्रभाव में तैयार कराई गई, जिनका मामले से संबंध बताया जा रहा है। परिजनों ने मंत्री के सामने यह भी स्पष्ट किया कि सुकई टीबी का मरीज नहीं था। उन्होंने बीमारी के कारण मौत होने की चर्चाओं को पूरी तरह खारिज करते हुए मामले की निष्पक्ष और गहन जांच की मांग की। परिजनों की शिकायत सुनने के बाद राज्य मंत्री ने मौके पर मौजूद चौकी प्रभारी अमित कुमार को कड़ी फटकार लगाई और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें लगातार धमकियां दी जा रही हैं। उनका कहना था कि आरोपित पक्ष की ओर से 'उल्टी कुरान पढ़कर पूरे परिवार को मरवा देने' जैसी बातें कहकर डराया-धमकाया जा रहा है। मंत्री ने इस शिकायत को भी गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि गुरुवार को खजुरी सीहोरिया गांव में तंत्र-मंत्र के कथित चक्कर में सुकई की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी।

# व्यापारी कल्याण दिवस आज, उत्कृष्ट करदाताओं को मिलेगा 'भामाशाह सम्मान पत्र'

**समृद्धि न्यूज़, कन्नौज।**




सोमवार को जनपद में व्यापारी कल्याण दिवस का आयोजन किया जाएगा। कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में अपराह्न तीन बजे से पांच बजे तक होने वाले कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री करेंगे। कार्यक्रम में जनपद के सर्वाधिक कर अदा करने वाले उत्कृष्ट करदाताओं को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए 'भामाशाह सम्मान पत्र' प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। राज्य कर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सम्मान के लिए एमएसएमई, महिला एवं युवा उद्यमियों को भी विशेष रूप से चिन्हित किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य ईमानदार करदाताओं के योगदान का सम्मान करना, कर भुगतान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा शासन और व्यापारिक समुदाय के बीच बेहतर समन्वय एवं विश्वास स्थापित करना है।

अपर आयुक्त राज्य कर, उत्तर प्रदेश, लखनऊ तथा अपर आयुक्त ग्रेड-1, राज्य कर, इटावा जोन की ओर से कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। विभाग ने सभी अधिकारियों से समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित करने को कहा है।

साथ ही आयुक्त राज्य कर के निर्देशानुसार 29 जून को राज्य कर विभाग में कोई अवकाश नहीं रहेगा। पूर्व में स्वीकृत सभी अवकाश निरस्त कर दिए गए हैं, ताकि कार्यक्रम एवं विभागीय कार्य सुचारु रूप से संपन्न हो सकें।

## करंट लगने से अधेड़ व्यक्ति की मौत

**जैदपुर बाराबंकी।** क्षेत्र के अंदका गांव में रविवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में करंट लगने से अधेड़ की मौत हो गई।घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।जानकारी के अनुसार सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र के अंदका गांव निवासी 55 वर्षीय इंद्राज रावत रविवार दोपहर करीब 1 बजे अपने घर में विद्युत पंखा ठीक कर रहे थे।इसी दौरान अचानक वह करंट की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए।घटना के बाद परिजन आनन-फानन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सिद्धौर लेकर पहुंचे,जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।सूचना मिलने पर सिद्धौर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मिशन शक्ति के तहत गांव-गांव पहुंची पुलिस, महिलाओं को किया जागरूक

- जन चौपाल लगाकर सुरक्षा, साइबर अपराध और सरकारी योजनाओं की दी जानकारी
- हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग के लिए किया प्रेरित



**समृद्धि न्यूज़, कन्नौज।** मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना मिशन शक्ति फेज-5 (द्वितीय चरण) के तहत रविवार को जिले के सभी थाना क्षेत्रों में महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में महिला पुलिसकर्मियों ने गांवों, कस्बों और शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जन चौपाल लगाकर महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों व सुरक्षा उपायों की जानकारी दी।

अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने प्रमुख बाजारों, चौराहों, धार्मिक स्थलों और मोहल्लों में भ्रमण कर महिलाओं को शासन की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। साथ ही आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तत्काल पुलिस और हेल्पलाइन सेवाओं का उपयोग करने की अपील की।

महिला पुलिसकर्मियों ने साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को देखते हुए सोशल मीडिया पर सतर्क रहने, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक और ऑनलाइन ठगी से बचाव के तरीके भी बताए।

कार्यक्रम के दौरान जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किए गए तथा महिलाओं और बालिकाओं को आपात स्थिति में बिना संकोच हेल्पलाइन सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

## ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी, 13.48 लाख की सीसी सड़क जनता को समर्पित

**रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** क्षेत्र के ग्राम शीतलपुर संपर्क मार्ग से मातन तक जिला पंचायत द्वारा 13.48 लाख रुपये की लागत से निर्मित 200 मीटर लंबी सीसी सड़क का लोकार्पण रविवार को भाजपा नेता जवाहर लाल वर्मा ने ग्रामवासियों के साथ किया। सड़क निर्माण की मांग लंबे समय से ग्रामीणों एवं मातृशक्ति द्वारा की जा रही थी, जिसे प्राथमिकता देते हुए कार्य पूरा कराया गया। लोकार्पण कार्यक्रम में भाजपा नेता जवाहर लाल वर्मा ने कहा कि गांवों में बेहतर सड़कें विकास की आधारशिला हैं।



मजबूत संपर्क मार्ग बनने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि कार्यों में भी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देना उनकी प्रतिबद्धता है और क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयास जारी रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने सड़क निर्माण के लिए जिला पंचायत एवं जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। लोगों ने कहा कि बरसात के मौसम में इस मार्ग पर आवागमन बेहद कठिन हो जाता था, लेकिन अब सीसी सड़क बनने से वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हो गया है।

इस अवसर पर अमरेश सिंह, बबलू सिंह, फूलचंद्र निषाद, रघुनाथ निषाद, राम बहादुर प्रजापति, बाबू लाल निषाद, रामशंकर निषाद, बंसी निषाद, बदल रावत, बुधनाथ निषाद, अभिलाख निषाद, ब्रजमोहन सहित सैंकड़ो ग्रामीण एवं महिलाए उपस्थिति रहीं।

# डीएम ने जिला चिकित्सालय में पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ

- अभिभावक 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की पिलायें दवा : डीएम
- 28, 29 एवं 30 जून को जनपद में चलेगा राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर की मुख्य आतिथ्य में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ डॉ0 राम मनोहर लोहिया संयुक्त चिकित्सालय में किया गया। चिकित्सालय में डीएम ने फीता काटकर अभियान का शुभारंभ किया तथा अस्पताल में बच्चों को पल्स पोलियो की दवा भी पिलाई। डीएम ने बच्चों के अभिभावकों से बच्चों के स्वास्थ्य की प्रगति का जायजा लिया। इसके साथ ही डीएम ने मौके पर उपस्थित अन्य बच्चों को चॉकलेट भी वितरित की। जिससे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। डीएम ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 2026 की शुरुआत 28 जून से हो गई है, जिसके तहत जनपद में 0-5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। अभियान के पहले दिन 28 जून को निर्धारित बूथों पर दवा पिलाई जा रही है तथा अगले दो दिनों 29 और 30 जून तक स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर अवशेष बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। डीएम ने जनपद के सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि जनपद में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष के कुल 02 लाख 92 हजार बच्चे पंजीकृत है। स्वास्थ्य विभाग के सभी बूथों पर आशा एवं एएनएम सहित अन्यस्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहेंगे। जनपद के सभी अभिभावक अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की दवा अनिवार्य रूप से पिलायें, जिससे बच्चों को इस बीमारी से सुरक्षा प्राप्त हो सके। डीएम ने जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने चिकित्सालय में बने शौचालय, लेबर रूम महिला वार्ड, पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड सहित अन्य वार्डों का निरीक्षण किया तथा चिकित्सा अधीक्षक को चिकित्सालय में साफ-सफाई सहित उपचार संबंधी अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए। महिला वार्ड में जिलाधिकारी ने भर्ती महिला रोगियों से उनका हाल-चाल जाना तथा उनसे कहा कि अपने शिशुओं का टीकाकरण अवश्य कराएं, जिससे वह आगे चलकर स्वस्थ एवं हष्ट-पुष्ट बन सके। इस दौरान सीएमओ डॉ0 आनंद उपाध्याय, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पुरुष, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महिला सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य चिकित्सक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



पोलिया अभियान का फीता काटकर शुभारम्भ करतीं डीएम



बच्चे को जिंदगी के दो बूंद पिलातीं जिलाधिकारी

# एनपीएस राशि जीपीएफ में ट्रांसफर न होने से शिक्षक संघ खफा

## पुरानी पेंशन योजना से आच्छदित शिक्षकों का मामला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं के एनपीएस खाते में जमा हुई धनराशि, जीपीएफ खाते में अभी तक ट्रांसफर न होने से शिक्षकों में रोष व्याप्त है। जानकारी के अनुसार 28 मार्च 2005 से पहले पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित शिक्षकों की यह राशि व्याज सहित इनके जीपीएफ खातों में जमा किये जाने के शिक्षा विभाग ने आदेश दिये थे। इसके बावजूद जिला स्तरीय अधिकारियों के इसे मामले में लचर प्रक्रिया अपनाने से उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षक संघ ने गहरी आपत्ति व्यक्त की है।

संगठनके पूर्व जिलाध्यक्ष सन्तोष दुबे, पूर्व जिला मंत्री सतेन्द्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष रजनीश शिवा ने माध्यमिक शिक्षा मंत्री से मांग की है कि संबंधित शिक्षकों के एनपीएस खाते की धनराशि को शीघ्र उनके जीपीएफ खाते में ब्याज सहित जमा करायी जाये।

शिक्षक नेताओं ने शासन के आदेशों के बावजूद जीपीएफ में धनराशि अभी तक न भेजने वाले संबंधित अधिकारियों की जबावदेही तय किये जाने की मांग की है। विदित है कि 28 मार्च 2005 से पहले पुरानी पेंशन योजना से आच्छदित शिक्षकों की एनपीएस राशि ब्याज सहित उनके जीपीएफ खाते जमा किये जाने के आदेश है।

# दबंगों पर कार्यवाही न होने पर पीड़ित ने घर बिकाऊ के लगाये पोस्टर



घर के बाहर बैठे पीड़ित

- सीओ बोले: जांच कर आरोपियों पर दर्ज किया जायेगा मुकदमा

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** कटीले तार लगाने का विरोध करने पर दबंगों ने महिला व उसके स्वजनों को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने थाने पहुंच मामले की तहरीर दी। चार दिन बीतने के बाद पुलिस के मुकदमा दर्ज न करने पर पीड़ित परिवार ने घर बिकाऊ के पोस्टर लगा दिए। पुलिस ने जांच पड़ताल कर कार्रवाई का भरोसा दिया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव बहलोलपुर निवासी माया कठेरिया ने बताया कि उनकी झोपड़ी खेत में पड़ी हुई है। पड़ोसी ने अपने खेत की मेड़ पर कटीले तार लगा दिए। विरोध करने पर गाली-गलौज कर लाठी डंडे से मारपीट करने लगे। महिला की चीखपुकार सुनकर बचाने आए नाती अमन, सूरज, पुत्रवधू शकुंतला व नातिन नन्ही देवी को भी मारपीट कर घायल कर दिया। ग्रामीणों के बचाने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया। पीड़ित ने 25 जून को स्वजनों के साथ थाने पहुंच मामले की तहरीर दी। आरोप ही कि तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। जिससे परेशान होकर रविवार सुबह पीड़ित परिवार ने मकान बिकाऊ के पोस्टर लगा दिए। पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल कर कार्रवाई का भरोसा दिया। सीओ राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया मामले की जांच कर आरोपितों के खिलाफमुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# शार्ट सर्किट से घर में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र की ग्राम बराविकू के मजरा नगला पीपल में शनिवार रात शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग ने एक गरीब परिवार की पूरी जमा-पूंजी को राख कर दिया। 10 दिन पहले भैंस बेचकर घर में रखे 50 हजार रुपये, बहू के सोने-चांदी के जेवर और गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव बराविकू नगला पीपलं निवासी शिवलाल पुत्र हेतराम ने बताया कि शनिवार रात करीब 9 बजे वह पत्नी आशा देवी और बच्चों के साथ मकान की छत पर सो रहे थे। नीचे के कमरे में ताला लगा था। अचानक रोशनदान से धुआं निकलता दिखा और जलते कपड़ों की तेज गंध आई। संदेह होने पर नीचे पहुंचे तो कमरे के भीतर आग की लपटें देख होश उड़ गए। शिवलाल के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण दौड़े। सबमर्सिबल पंप चलाकर करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक फ्रिज, डबल बेड, मिक्सी, कपड़े, गद्दे, रजाई, कंबल, श्रृंगारदान समेत पूरा घरेलू सामान जलकर राख हो चुका था। शिवलाल ने बताया कि कमरे में 50 हजार रुपये नकद रखे थे जो उन्होंने 10 दिन पहले भैंस बेचने के बाद घर में रखे थे। इसके अलावा उनके बेटे राहुल, जो नोएडा में एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं की पत्नी खुशबू के सोने-चांदी के जेवर भी आग की भेंट चढ़ गए। इनमें झाले, तोड़ियां और अंगूठी शामिल थी। पीड़ित के मुताबिक इस अग्निकांड में कुल मिलाकर साढ़े तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना शिवलाल ने क्षेत्रीय लेखपाल तनु कटियार को दी। लेखपाल ने बताया कि मौके का निरीक्षण कर नुकसान का आकलन किया जाएगा। रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी, ताकि शासन स्तर से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

जले हुए कमरे में खड़े शिवलाल और उनकी पत्नी आशा देवी की तस्वीर बयां कर रही है कि आग ने सिर्फ सामान नहीं, एक परिवार की उम्मीदें भी जला दी हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द मदद की गुहार लगाई है।



जानकारी देता पीड़ित

## खबरें एक नजर में

### जेठ सहित छह ससुरालियों पर पति की हत्या का आरोप

#### पीड़िता ने न्यायालय में दायर की याचिका

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जेठ सहित छह ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाकर पीड़िता ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दायर किया है। पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की है।

फतेहगढ़ की पुलमंडी निवासी कोमल सागर ने अपने पति नरेन्द्र सिंह की मौत को हत्या करार देते हुए जेठ अमित कुमार समेत 6 ससुरालियों के खिलाफ न्यायालय में प्रार्थनापत्र दिया है। कोमल का आरोप है कि जेठ ने भाई की नौकरी के नाम पर 7 लाख रुपये लिए और पैसे वापस मांगने पर पति को जहर खाकर आत्महत्या कर लो कहकर प्रताड़ित किया। 30 मई की रात नरेन्द्र की संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। 30 मई की रात 9 बजे मारपीट कर कोमल का मोबाइल छीन लिया गया और उसे घर से निकाल दिया गया। कोमल पैदल ही पति की दुकान पर पहुंची, लेकिन दुकान बंद थी।

तब एक अनजान व्यक्ति के मोबाइल से पिता को पूरी घटना बताई। ठीक रात 12 बजे देवर ने फोन कर पिता को बताया कि नरेन्द्र ने जहरीला पदार्थ खा लिया है और डॉक्टर ने रेफर किया है।

कोमल के पिता, मां और दोनों भाई चन्दन व यश आवास विकास पहुंचे, लेकिन तब तक डॉक्टरों ने नरेन्द्र को मृत घोषित कर दिया था।

आरोप है कि ससुराल पक्ष ने पोस्टमार्टम नहीं होने दिया और जल्दी-जल्दी तैयारी कर शव को ढाईघाट गंगा जी ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया। जब कोमल के पिता व भाई शव लेकर जा रहे थे तो टेडीकोन कायमगंज पर गाड़ी रोककर उन पर जानलेवा हमला किया गया।

मौके पर तहसीलदार कायमगंज व थाना पुलिस ने आकर कोमल, उसके पिता व भाई की जान बचाई। कोमल का आरोप है कि उसी समय थाना कायमगंज गई, लेकिन ससुरालियों ने प्रार्थनापत्र नहीं देने दिया। जिससे रिपोर्ट दर्ज नहीं हो पाई।

कोमल ने कहा कि उसे शक नहीं, यकीन है कि जेठ अमित कुमार से 7 लाख रुपये मांगने के चलते ही उसे घर से निकालकर पति को इतना प्रताड़ित किया गया कि वह आत्महत्या के लिए मजबूर हो गए। कोमल ने पति की हत्या के लिए जेठ अमित कुमार, देवर नीरज व नवीन, सास मिथलेश, ससुर बेचेलाल और ननद सोनी को जिम्मेदार ठहराया है। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराकर आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की है।

# भीषण गर्मी में बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** भीषण गर्मी में बिजली कटौती ने रात के समय लोगों की जान निकाल ली। रात दस बजे रोस्टर की आड़ में बिजली कटौती शुरू की गई जो लगातार चल रही। भीषण गर्मी बिजली कटौती ने रात के समय लोगों की जान निकाल ली। रात दस बजे रोस्टर की आड़ में बिजली कटौती शुरू की गई जो लगातार दो से तीन घंटे चलती हैं। रात में कटौती के बाद बिजली आती तब जाकर लोगों को आराम करने का मौका मिलता। लगातार हो रही बिजली कटौती ने एक बात तो तय कर दी है कि नवाबगंज विद्युत उपकेंद्र के बिजली अधिकारी सरकार के निर्देशों को नहीं मान रहे हैं। सरकार के निर्देश दिए गए हैं कि सिर्फदो घंटे की कटौती होगी, मगर यहां तो दिन से रात तक कटौती करके बिजली विभाग सरकार के निर्देशों को ही चुनौती दे रहा है। पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी पड़ रही है।

गर्मी के चलते लोगों का पारा पहले से ही चढ़ा हुआ है, ऐसे में बिजली कटौती से गुस्सा और बढ़ रहा है। लोग बिजली अधिकारियों, कर्मचारियों से कटौती की शिकायत कर रहे हैं मगर शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

बिजली उपभोक्ताओं का कहना है कि बिजली विभाग को यदि कटौती करनी ही है तो दिन के समय कर ली जाए। जिससे मासूम बच्चों ब बुजुर्गों व आमजनमांनस को रात में बिजली मिलने से राहत मिले।

# झाड़ियों में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** कस्बा स्थित इटावा-बरेली हाईवे पर बरसाना गेस्ट हाउस के पीछे झाड़ियों में एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर डायल-112 और थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा जांच शुरू की गई। जानकारी के अनुसार कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। शव हाईवे से लगभग 200 मीटर दूर बरसाना गेस्ट हाउस के पीछे झाड़ियों में पड़ा मिला। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस के अनुसार मृतक ने लाल, फिरोजी व सफेद रंग की चेकदार शर्ट तथा काले रंग की लोअर पहन रखी थी। तलाशी के दौरान उसकी जेब से तंबाकू एक फटी हुई डायरी तथा आधार कार्ड बरामद हुआ। आधार कार्ड के आधार पर मृतक की पहचान बिहार राज्य के नवादा जनपद के कौवाकोल थाना क्षेत्र के ग्राम बीझो कौवाकोल निवासी 34 वर्षीय बलवीर मांझी पुत्र ब्रह्मदेव मांझी के रूप में हुई। मौके पर मिले शव के गले में गेरुआ रंग की चुनरी का फंदा बंधा हुआ था। वहीं कान और नाक से रक्त निकलने के निशान भी पाए गए। परिस्थितियों को देखते हुए प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। आशंका जताई जा रही है कि युवक की हत्या कर शव को यहां लाकर फेंका गया हो। स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक के पहनावे से अनुमान लगाया जा रहा है कि वह किसी ईंट-भट्ठे या अन्य स्थान पर मजदूरी करने आया हो सकता है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। उपनिरीक्षक हरीश कुमार ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर पहुंचे कायमगंज के कार्यवाहक क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि हत्या कहीं और कर शव को यहां लाकर डाला गया है। मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस मृतक के परिजनों और उसके संबंधों की जानकारी जुटाने में लगी है। साथ ही क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। मामले की जांच जारी है।



जांच पड़ताल करती पुलिस

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवा किसान की मौत

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र में बीती अपने खेत पर जा रहे बाइक सवार युवक को एक अज्ञात वाहन ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल युवक ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस हादसे के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम गुलरिया नगला निवासी तेजराम का 25 वर्षीय पुत्र नीलेश शनिवार रात लगभग साढ़े सात बजे अपनी मोटरसाइकिल से खेत की ओर जा रहा था, गाँव के बाहर निकलते ही सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि नीलेश गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में उन्हें निजी वाहन से फर्रुखाबाद के अस्पताल ले गए। जहाँ इलाज के दौरान नीलेश ने दम तोड़ दिया। मृतक नीलेश की शादी तीन साल पहले फर्रुखाबाद के जिजुइया गाँव में हुई थी।



मृतक का फाइल फोटो

# पुलिस की बड़ी लापरवाहीः ई-रिक्शा से महिला की फिर तोड़ी चेन

- बीते दिन भी ई-रिक्शा से ही टूट चुकी है एक महिला की सोने की चेन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस की लापरवाही से क्षेत्र में लगातार घटनायें घटित हो रही। जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पिछले दिनों एक महिला के गले से ढाई तोला की चेन अज्ञात तीन महिलाओं ने पार कर दी थी। जिसका मामला अभी तक शांत भी नहीं हुआ है। जिसके बाद दूसरी घटना भी घटित हो गयी है। थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर मंझना बाजार से लौटते समय एक महिला की डेढ़ तोला सोने की चेन ई-रिक्शा से गायब हो गई। महिला ने घर पहुंचकर परिजनों को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद ई-रिक्शा चालक को हिरासत में लिया गया है।

जानकारी के अनुसार एटा जनपद के अलीगंज थाना क्षेत्र के गांव नथुआपुर निवासी सुधीर यादव की पत्नी मोनाली कुछ दिनों पहले शमसाबाद के गांव ऊगरपुर स्थित अपने मायके आई थीं। वहां से वह 15 दिन पूर्व नवाबगंज के गांव ढुडियापुर में अपने फूफा रामसिंह की बेटी स्वाति की शादी में शामिल होने पहुंची थीं। रविवार सुबह मोनाली मंझना बाजार से सामान खरीदने गई थीं। सामान खरीदने के बाद दोपहर करीब 12 बजे वह ई-रिक्शा से गांव ढुडियापुर लौट रही थीं। मंझना से ही तीन अन्य महिलाएं उसी ई-रिक्शा में सवार हो गईं। इन महिलाओं ने नवाबगंज-मंझना मार्ग पर स्थित बघार नाला पुल पर ई-रिक्शा रुकवाया और उतर गईं। मोनाली जब अपने गांव पहुंचीं, तो उन्होंने देखा कि उनके गले में पहनी डेढ़ तोला सोने की जंजीर गायब थी। उन्होंने तुरंत अपने परिजनों को इसकी सूचना दी। परिजनों और ग्रामीणों ने तत्काल ई-रिक्शा का पीछा किया और उसे मंझना कोल्डस्टोरेज के पास रोक लिया। उन्होंने घटना की जानकारी थाना प्रभारी राजीव कुमार को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राजीव कुमार मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी जुटाई। पुलिस ने थाना शमशाबाद के गांव उलियापुर निवासी ई-रिक्शा चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि ई-रिक्शा चालक को अपने हिरासत में ले लिया। थाने लेकर आए जहां ई-रिक्शा चालक से पूछताछ शुरू कर दी गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि मामले की तैयारी नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं बीते 26 जून को कस्बा नवाबगंज निवासी रिटायर्ड शिक्षक की पत्नी से ई-रिक्शा से सवार होकर अपने परिचित के यहां मिलने जा रही थी, तभी तीन महिलाओं ने उनके गले से ढाई तोला सोने की चेन गायब कर ली थी। जिस पर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी कैमरे खंगाले, लेकिन कोई अता पता नहीं चला।

जिसमें पीड़ित पक्ष की ओर से तहरीर दी गई थी, लेकिन पुलिस ने तहरीर के आधार पर कोई भी कार्रवाई नहीं की और ना ही कोई मुकदमा पंजीकृत किया है।



थानाध्यक्ष को घटना की जानकारी देती पीड़िता

# समाज सेवा के उद्देश्य से चिकित्सीय क्षेत्र में आया: डा. प्रशांत श्रीवास्तव



डा. प्रशांत श्रीवास्तव, फिजीशियन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मरीजों को जीवनदान देने वाले चिकित्सक को धरती का भगवान कहा जाता है। 1 जुलाई को होने वाले डाक्टर्स-डे के उपलक्ष्य में डॉ0 प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि उनका जन्म 16 अक्टूबर 1980 को कानपुर में हुआ। उनके पिता श्याम प्रकाश श्रीवास्तव तथा माता मधु श्रीवास्तव हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा डॉ0 वीरेंद्र स्वरूप मेमोरियल स्कूल, कानपुर से हाईस्कूल तथा डॉ0 वीरेंद्र स्वरूप सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कानपुर से इंटरमीडिएट के रूप में पूर्ण की। उच्च चिकित्सा शिक्षा के लिए उन्होंने रूसी फेडरेशन से एम.डी. (फिजीशियन) की डिग्री प्राप्त की। इसके साथ ही उन्होंने रॉयल कॉलेज ऑफ फिजीशियंस, यूनाइटेड किंगडम से क्लिनिकल एंडोक्रिनोलॉजी एवं डायबिटीज में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा हासिल किया। डॉ0 श्रीवास्तव ने अपने चिकित्सा जीवन की शुरुआत भारत सरकार के अधीन ईएसआई पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च, नई दिल्ली में सीनियर रेजिडेंट (मेडिसिन) के रूप में की। इसके बाद वे उत्तर प्रदेश सरकार (यूपी पीएमएस) में मेडिकल सुपरिंटेंडेंट के पद पर नियुक्त रहे। सरकारी सेवा के दौरान वे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम से सक्रिय रूप से जुड़े रहे। वर्ष 2018 में उन्होंने सरकारी सेवा से त्यागपत्र देकर पूर्ण रूप से जनसेवा के लिए निजी चिकित्सा क्षेत्र में कार्य करना प्रारंभ किया। वर्तमान में वे एसएम हॉस्पिटल एवं लाइफलाइन हॉस्पिटल फतेहगढ़ में कंसल्टेंट फिजीशियन के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। सामाजिक व व्यावसायिक संगठनों में भी उनकी सक्रिय भूमिका है। वे वर्तमान में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) फर्रुखाबाद के सचिव हैं तथा रोटरी क्लब, में रोटरी फाउंडेशन चेयर के दायित्व का निर्वह्न कर रहे हैं। वे रेड क्रॉस सोसायटी के लाइफ मेंबर, इंडियन सोसायटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन के एसोसिएट लाइफ मेंबर तथा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के लाइफ मेंबर हैं। उनकी पत्नी नेहा श्रीवास्तव एमएससी (जूलॉजी) हैं, पेशे से शिक्षिका एवं समाजसेविका हैं तथा वर्ष 2019 में ग्रीस में आयोजित मिसेज इंडिया वर्ल्ड वाइड प्रतियोगिता की फाइनलिस्ट रह चुकी हैं। उनके दो पुत्रियां हैं-आद्या श्रीवास्तव (कक्षा 12) एवं आर्ना श्रीवास्तव (कक्षा 10) है। मां मधुर श्रीवास्तव की प्रेरणा से मैं चिकित्सक बना और चिकित्सक बनकर समाजसेवा व गरीब, असहाय लोगों की मदद करने का संकल्प लिया। डॉ0 श्रीवास्तव को उनके उत्कृष्ट चिकित्सीय एवं सामाजिक योगदान के लिए अनेक सम्मान प्राप्त हुए हैं, जिनमें 2017 का बेस्ट डॉक्टर अवॉर्ड, कोविड वॉरियर अवॉर्ड (उत्तर प्रदेश सरकार), भारत विकास परिषद सम्मान, उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य सेवा सम्मान, नेशनल हेल्थकेयर एंड वेलनेस अवॉर्ड 2023, फर्रुखाबाद रत्न सम्मान 2023, फर्रुखाबाद आदर्श नागरिक सम्मान 2024 तथा स्व0 डॉ0 ओम चंद्र मेमोरियल अवॉर्ड 2024 प्रमुख हैं। खेलों में क्रिकेट व बैडमिंटन, पठन-पाठन, यात्रा तथा यूट्यूब व्लॉगिंग उनके प्रमुख शौक हैं। विद्यालय जीवन में उन्होंने स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की रचना मेरी इक्यावन कविताएं, पर आधारित नाटक में देश के विभिन्न शहरों में अभिनय कर प्रतिभा का परिचय दिया।

धरती के भगवान



मरीज का चेकअप करते डा. प्रशांत श्रीवास्तव

# आईएमए द्वारा एचपीवी वैक्सीनेशन पर सीएमई का हुआ सफल आयोजन

▶ जिलाधिकारी रहीं मुख्य अतिथि



जिलाधिकारी के साथ आईएमए के पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा मानव पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) वैक्सीनेशन विषय पर एक वैज्ञानिक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कानपुर स्थित तुलिप हॉस्पिटल की वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ0 आस्था सिंह ने मुख्य वक्ता के रूप में एचपीवी संक्रमण, सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम तथा एचपीवी वैक्सीन के महत्व पर विस्तृत एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि समय पर लगाया गया एचपीवी टीकाकरण महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने में अत्यंत प्रभावी है।

मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर तथा विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आनंद उपाध्याय रहे। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सर्वेश यादव एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ0 आर0सी0 माथुर भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आनंद उपाध्याय ने आईएमए द्वारा समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने हेतु किए जा रहे निरंतर प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा भविष्य में भी जनहित एवं समाज के बेहतर स्वास्थ्य के लिए इसी प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का आवाह्न किया। संचालन आईएमए के सचिव डॉ0 प्रशांत श्रीवास्तव ने किया, जबकि अध्यक्ष डॉ0 बिपुल अग्रवाल के नेतृत्व में कार्यक्रम अत्यंत सुव्यवस्थित एवं सफल रहा। इस अवसर पर आईएमए के सभी सदस्य चिकित्सक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने एचपीवी वैक्सीनेशन को जन-जन तक पहुंचाने तथा सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया। साथ ही जिलाधिकारी के समक्ष नगर मजिस्ट्रेट द्वारा निरीक्षण कर व हॉस्पिटल एनओसी दिये जाने पर भी चर्चा हुई। जिस पर जिलाधिकारी ने सकारात्मक जबाव दिया और कहा कि सभी चिकित्सकों के साथ हूं और उनकी हर संभव मदद होगी। इस अवसर पर डॉ0 आरके चटवाल, डॉ0 प्रदीप माथुर, डॉ0 विशाल अग्रवाल, डॉ0 नरेश शर्मा, डॉ0 अनुराग अग्रवाल, डॉ0 संजय पुरवार, डॉ0 प्रतोष, डॉ0 एस0के0 सक्सेना, डॉ0 उदय राज सिंह, डॉ0 एस0पी0 सिंह, डॉ0 सतीश राजपूत, डॉ0 मंजीत गंगवार, डा0 वैभव पाठक, डॉ0 विनीता अग्रवाल, डीटी सरोज बाला सिंह, डॉ0 सिम्मी अग्रवाल, डा0 पूनम शर्मा, डॉ0 सुनीता यादव, डॉ0 पारुल गंगवार, डॉ0 योगेन्द्र सिंह, डॉ0 एस0के0 मौर्य आदि मौजूद रहे।

# प्रा.वि. मदारपुर में अभिभावकों ने सुनी मन की बात



मन की बात सुनते लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में अभिभावकों ने बच्चों के साथ मन की बात सुनी। जिला प्रशासन ने पल्स पोलियो अभियान के लिए सभी स्कूलों को खोलने के आदेश दिये।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि स्कूल में पानी पाइप फिटिंग और स्वच्छता कार्य चल रहा है।

पोलियो खुराक पिलाने के लिए बच्चों को बुलाया गया और अभिभावकों को मन की बात का 135वां एपिसोड प्रसारण दिखाया गया।

मन की बात कार्यक्रम दिखाकर लोगों के हृदय परिवर्तन करने में काफी सफलता मिली। गांव में साक्षरता दर बढ़ी है और कुप्रथाओं को रोकने में भी काफी मदद मिली।

गांव में पहले शराब बनती थी और अवैध असलहा भी बनाए जाते थे जो अब पूरी तरह बंद हैं। उनमें चोरी आदि की प्रवृत्ति रुकी और अब वह समाज की मुख्य धारा में शामिल होकर परिवार के भरण पोषण में लगे हुए हैं।

# सेन्ट्रल जेल चौराहा व्यापार मण्डल का हुआ विस्तार



मनोनयन पत्र दिखाते रामवीर सिंह चौहान आदि

▶ रामवीर सिंह चौहान संरक्षक व शिवम दुबे को जिला युवा अध्यक्ष की जिम्मेदारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मण्डल सेन्ट्रल जेल चौराहा व्यापार मण्डल की बैठक जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सेन्ट्रल जेल चौराहा व्यापार मण्डल का विस्तार करते हुए रामवीर सिंह चौहान को संरक्षक बनाया। वहीं शिवम दुबे को जिला युवा अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं अनिल तिवारी को फतेहगढ़ नगर अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण किया। वहीं बैठक में नगर मजिस्ट्रेट द्वारा व्यापारियों को प्रताड़ित किया जा रहा है उस पर रोष व्यक्त करते हुए सभी व्यापारियों को एकत्र करने हेतु अतिशीघ्र एक बैठक आयोजित करने हेतु कहा गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी रविवार 5 जुलाई को एक बैठक आयोजित की जायेगी। इस दौरान महामंत्री विमलेश मिश्रा के अलावा योगेश गुप्ता, लाखन सिंह, दीपू गुप्ता, शिवम दुबे, अनिल तिवारी, मनोज दीक्षित, अशोक यादव, कौशिक शुक्ला, अंकित तिवारी, नानकराम दुबे, संतोष शुक्ला, गोपाल सिंह राठौर आदि मौजूद रहे।

# संस्कार भारती इकाई की बैठक में आगामी कार्यक्रम की बनी रुपरेखा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की साधारण सभा की बैठक नगर के एक रेस्टोरेंट पर संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि रसना तिवारी व अध्यक्ष अनिल प्रताप सिंह ने भारत माता एवं नटराज को माल्यार्पण कर किया।

सचिव गौरव मिश्रा बंटी द्वारा वार्षिक कार्यवृत्त प्रस्तुत किया गया। तथा पिछले वर्ष हुए कार्यक्रम की समीक्षा की गई। कोषाध्यक्ष नरेंद्र नाथ मिश्र द्वारा पूरे वर्ष का आय व्यय व्यौरा प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि रसना तिवारी ने कहा कि आज कल पीढ़ी संस्कार खोती जा रही है, हम सभी की जिम्मेदारी है कि सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ना चाहिए।

संरक्षक प्रमोद अग्रवाल ने कहा कि हमें अपने संसाधन के हिसाब से ही कार्यक्रम करना चाहिए।




बैठक में मौजूद पदाधिकारी

प्रांतीय महामंत्री सुरेन्द्र पाण्डेय ने संस्कार भारती के केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा परिवर्तन की जानकारी दी। अध्यक्ष अनिल प्रताप सिंह ने आगामी कार्यक्रम गुरु पूर्णिमा के विशाल श्रीवास्तव, हरियाली तीज पारूल सैनी, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मीना रस्तोगी, दीपावली मेला धरोहर अमन अवस्थी, सह संयोजक सुबोध शुक्ला, एक भारत श्रेष्ठ भारत यात्रा ऋषि दत्त गुड्डू पंडित, भरत मुनि स्मृति कार्यक्रम कुलभूषण श्रीवास्तव को संयोजक नियुक्त किया गया। सभी सदस्यों से हर कार्यक्रम में अधिक से अधिक उपस्थित होने की अपील की।

वंदे मातरम गीत के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

कार्यक्रम में सुरेंद्र पाण्डेय, नरेंद्र नाथ मिश्र, दीपक मिश्रा, आकांक्षा सक्सेना, चित्रा अग्निहोत्री, संजय गर्ग, नरेन्द्र मिश्रा, दीपक रंजन सक्सेना, आदेश अवस्थी, दीपक मिश्रा, ऋषि दत्त शर्मा, रवीन्द्र भदौरिया, अनुराग पाण्डेय, कुलभूषण श्रीवास्तव, शशिकांत पाण्डेय, अनुभव सारस्वत, भावना गुप्ता, अमन अवस्थी, सुबोध शुक्ला, शालू अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# पांचाल घाट पर पार्थिवेश्वरनाथ का पूजन कर भक्तों ने किया दीपदान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गंगा मइया स्वच्छता एवं दीपदान आयोजन समिति द्वारा पाञ्चाल घाट निकट दुर्वाषा ऋषि आश्रम गंगा तट पर प्रति रविवार को संपन्न होने वाले भगवान पार्थिवेश्वरनाथ पूजन, गंगा पूजन, गंगा दीपदान कार्यक्रम का 633वां आयोजन ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर समिति के अधिष्ठिता भगवान पार्थिवेश्वरनाथ के पावन सानिध्य व समिति की अधिष्ठात्रि भगवती गंगा के पवित्र गोद में समिति के संस्थापक/अध्यक्ष सत्यव्रत पाण्डेय के आचार्यत्व में संपन्न हुआ। समिति के सदस्यो ने गंगा की धार से रेत निकाल कर भगवान पार्थिवेश्वरनाथ लिंग का निर्माण कर दूध, दही, घी, शहद, शकर, पंचामृत से अभिषेक कर गंगा मइया का अभिषेक कर दीपदान आरती की।



भगवान पार्थिवेश्वरनाथ का पूजन करते भक्तगण

समिति के सदस्य अनुराग मिश्रा, सर्वज्ञ पाण्डेय नागेंद्र नाथ मिश्रा, देनारायण मिश्रा, संदीप पाण्डेय, मिथिलेश कटियार, रिंकू कटियार, अनूप त्रिवेदी, निर्दोष कटियार, गुणज्ञ पाण्डेय सहित भारी संख्या में उपास्थि श्रद्धालुओं ने भगवान पार्थिवेश्वर नाथ मइया गंगा को प्रसन्न कर विश्व कल्याण की प्रार्थना की।

# कैंसर पीड़ित पिता के सहारा बने अजीत यादव

▶ सपा नेताओं ने बेटी के हाथ पीले कर की विदाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नर सेवा को नारायण सेवा मानकर गरीब, शोषित, वंचित और बेसहारा लोगों के लिए भामाशाह बनकर उभरे समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव ने विधानसभा भोजपुर कमालगंज के ग्राम उगरापुर निवासी कैंसर पीड़ित अरविंद राजपूत की बेटी की 28 जून को बारात आनी है, पिता के 2 बार कैंसर का ऑपरेशन हो चुका है। मां पहले ही दुनियां से विदा ले चुकी हैं, पिता के इलाज में जमीन पहले ही बिक चुकी है किसी कमाऊ सदस्य के ना होने से घर में उत्पन्न हुए आर्थिक संकट की वजह से शादी की व्यवस्था में बाधा उत्पन्न हो रही थी। सचिव राधेश्याम सविता ने बताया कि इस बात की जानकारी अजीत यादव को हुई। उन्होंने तुरन्त ही जरूरतमंद परिवार से संपर्क किया। उन्होंने कहा हम बिटिया के भाई हैं, पूरी शादी धूमधाम से होगी। अजीत यादव जिला महासचिव इलियास मंसूरी के साथ पार्टी पदाधिकारी लोडर में दहेज का पूरा सामान भरकर पहुंच गए। यह देखकर बिटिया एवं उनके पिता की आँखें भर आई। उन्होंने भावुक होकर कहा कि अब कोई परवाह नहीं है, दहेज का पूरा सामान मिल चुका है, बिटिया बिना चिंता के अब ससुराल जाएगी। अजीत यादव ने कहा कि हर पीड़ित दुःखी और जरूरतमंद हमारे परिवार का हिस्सा है।



परिजनों के साथ सपा नेता अजीत यादव आदि


इलियास मंसूरी ने कहा कि बिटिया के पिता लम्बे समय से कैंसर पीड़ित हैं, परिवार की स्थिति बहुत ही दयनीय है, हम समाजवादी लोग आज उस बिटिया के घर पूरी व्यवस्था के साथ आए हैं। सपा नेताओं का मुहल्ले के लोगों ने बड़े प्रसन्न मन से स्वागत किया। इस दौरान कैप्टन वीरेंद्र सिंह सोमवंशी, राजवीर सिंह, सूरज सिंह राठौड़, गफ्फार प्रधान, अच्छे खां आदि मौजूद रहे।

# पंचतत्व में विलीन हुए संत आचार्य नारायण प्रसाद द्विवेदी

▶ थम गई वह वाणी जिसने हजारों जीवन को दी दिशा

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

फटक शिला आश्रम में वर्षों तक धर्म, सेवा और मानवता का संदेश देने वाली संत आचार्य नारायण प्रसाद द्विवेदी की वाणी रविवार को हमेशा के लिए मौन हो गई। उनके पंचतत्व में विलीन होने की खबर मिलते ही पहाड़पुर स्थित आश्रम में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। कोई अपने गुरुदेव के चरणों में पुष्प अर्पित कर रहा था तो कोई नम आंखों से अंतिम दर्शन कर उन्हें विदाई दे रहा था। पूरे वातावरण में वेद मंत्रों के साथ गुरुदेव अमर रहें के जयघोष गूंजते रहे।



संत आचार्य नारायण प्रसाद द्विवेदी का फाइल फोटो



अंतिम दर्शन यात्रा में मौजूद भक्तगण

आश्रम के संस्थापक आचार्य नारायण प्रसाद द्विवेदी पिछले कुछ समय से कैंसर से पीड़ित थे। उनका उपचार लखनऊ के सनराइज अस्पताल में चल रहा था। जहां शनिवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। रविवार दोपहर उनका पार्थिव शरीर फटक शिला आश्रम पहुंचा तो अंतिम दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गई। आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में शिष्य, संत-महात्मा और श्रद्धालु आश्रम पहुंचे। वेद मंत्रों और धार्मिक परंपराओं के अनुसार आश्रम परिसर में उन्हें समाधि दी गई। अंतिम यात्रा में संत समाज, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और हजारों श्रद्धालुओं ने नम आंखों से अपने पूज्य गुरुदेव को अंतिम विदाई दी। आश्रम परिसर भजन-कीर्तन और श्रद्धांजलि के स्वरों से गूंजता रहा। शिष्य रवि सिंह ने कहा कि गुरुदेव का संपूर्ण जीवन सेवा, त्याग, तपस्या और आध्यात्मिक साधना को समर्पित रहा। उन्होंने हजारों लोगों को धर्म, संस्कार और मानव सेवा का मार्ग दिखाया। उनके निधन से आध्यात्मिक जगत ने एक ऐसे संत को खो दिया, जिसकी भरपाई संभव नहीं है।

सेवानिवृत्त आईएएस अवधेश सिंह ने कहा कि आचार्य नारायण प्रसाद द्विवेदी जैसे सरल, सहज और तपस्वी संत विरले ही होते हैं। वहीं शिवमंगल सिंह ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि गुरुदेव का स्नेह, आशीर्वाद और मार्गदर्शन सदैव श्रद्धालुओं के जीवन में प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। उनके निधन की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। श्रद्धालुओं की आंखें नम थीं और हर कोई यही कह रहा था कि गुरुदेव का शरीर भले ही पंचतत्व में विलीन हो गया हो, लेकिन उनके विचार, संस्कार और आध्यात्मिक विरासत हमेशा लोगों के हृदय में जीवित रहेंगे।

# नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर बच्चों को पिलाई गई पोलियो की दवा



कैम्प का उद्घाटन करते राकेश सक्सेना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पल्स पोलियो दिवस पर नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र साहबगज पर नौनिहाल बच्चों को पोलियो ड्रॉप नगर व्यापार मंडल मिश्रा गुट के नगर महामंत्री राकेश कुमार सक्सेना द्वारा पिलाकर उद्घाटन किया गया। उद्घाटन पर नगरीय क्षेत्र के काफी नागरिक बच्चों को साथ में लेकर उपस्थित रहे तथा बच्चों को ड्रॉप पिलाकर लाभान्वित हुए। उद्घाटन पर महेंद्र श्रीवास्तव, अमित कुमार, विद्यानद आर्य, अरुण कुमार अग्निहोत्री, गोपाल चन्द्र सक्सेना आदि लोग उपस्थित रहे।

# जाम में फंसी एंबुलेंस, महिला ने बच्चे को दिया जन्म

▶ ईएमटी व पायलट की सूझबूझ से जच्चा-बच्चा सुरक्षित

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

रफ्तार के इस दौर में जब जाम किसी की जिंदगी पर भारी पड़ जाए, तो एंबुलेंस स्टाफकी तत्परता ही भगवान बन जाती है। ऐसा ही एक मामला पितौरा के बेरिया मोड़ पर सामने आया। जहां भीषण जाम में फंसी 102 एंबुलेंस के अंदर ही एक महिला ने बच्चे को जन्म दिया। ईएमटी बलराम और पायलट विजेंद्र की सूझबूझ से जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित हैं।




एंबुलेंस में मौजूद परिजन

कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव बहलोलपुर निवासी शक्ति सिंह की पत्नी सविता को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हुई। परिजनों ने तुरंत 102 नंबर पर कॉल कर एंबुलेंस बुलाई। एंबुलेंस सविता को लेकर अस्पताल के लिए रवाना हुई, लेकिन पितौरा के बेरिया मोड़ के पास सड़क पर लगे भीषण जाम में फंस गई। उधर सविता की प्रसव पीड़ा पल-पल बढ़ती जा रही थी और अस्पताल पहुंचना नामुमकिन लग रहा था। हालात बिगड़ते देख एंबुलेंस में तैनात ईएमटी बलराम और पायलट विजेंद्र ने बिना वक्त गंवाए बड़ा फैसला लिया। उन्होंने एंबुलेंस को सुरक्षित स्थान पर रोककर, साथ में मौजूद महिलाओं की मदद से एंबुलेंस के अंदर ही प्रसव प्रक्रिया शुरू करा दी। ईएमटी बलराम ने बताया कि बेरिया मोड़ पर जाम खुलने में काफी समय लग रहा था। मरीज की हालत को देखते हुए एंबुलेंस में ही डिलीवरी करानी पड़ी। सफल प्रसव के बाद सविता ने एक स्वस्थ बेटे को जन्म दिया। जाम खुलते ही मां और नवजात को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को पूरी तरह स्वस्थ घोषित किया। परिजनों ने बताया कि यह सविता का दूसरा बच्चा है। उन्होंने आपातकाल में एंबुलेंस स्टाफ की तत्परता और साहस के लिए आभार व्यक्त किया। ईएमटी बलराम और पायलट विजेंद्र की सूझबूझ की पूरे इलाके में तारीफ हो रही है। इस घटना ने एक बार फिर सड़कों पर लगने वाले जाम की गंभीरता को उजागर किया है, लेकिन साथ ही 102 एंबुलेंस सेवा के कर्मचारियों के जज्बे को भी सलाम किया जा रहा है। जिन्होंने विपरीत हालात में भी एक नई जिंदगी को दुनिया में लाने का काम किया।

# छोटे व्यापारियों का उत्पीड़न हुआ तो होगा आंदोलनः अंकुर श्रीवास्तव



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फतेहगढ़ के भोलेपुर में स्टेशन रोड पर बनी कई पुरानी दुकानें अतिक्रमण की जद में आने के चलते शीघ्र हटाने के निर्देश दिये गये है। व्यापारी नेता अंकुर श्रीवास्तव ने पहुंचकर मांग की है कि बहुत से लोग अतिक्रमण करें बैठे है, प्रशासन की उन पर कोई निगाह नहीं है। छोटे व्यापारियों का लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारी छोटे व्यापारियों का उत्पीड़न बंद करें। अगर छोटे व्यापारियों का पक्ष सुना नहीं गया और अन्याय हुआ तो आंदोलन किया जायेगा। अंकुर श्रीवास्तव ने कहा कि शीघ्र भोलेपुर के छोटे दुकानदारों को राहत दी जाये। जिससे वह भी अपने परिवार का पालन पोषण कर सकें। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित व्यापारी एकत्रित होकर अपनी पहुंचाने के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचे।


**सूचना**

मैंने राजकीय पॉलीटेक्निक कानपुर से वर्ष 2017 में इंजीनियरिंग का डिप्लोमा किया था। मेरी राजकीय पॉलीटेक्निक मार्कशीट जिसका अनुक्रमांक M0128115085 है, जो वास्तव में कहीं खो गयी है। काफी खोजबीन की, लेकिन नहीं मिली। मुझे दूसरी मार्कशीट की अत्यंत आवश्यकता है। **ऋषभ दीक्षित पुत्र सुभाष चन्द्र निवासी मो0 मेहंदी बाग, थाना कायमगंज, फर्रुखाबाद।**

## खबरें एक नजर में

### अल्लागंज में मस्जिद के अंदर विवाद, गाली-गलौज और मारपीट का आरोप, नामजद लोगों पर कार्रवाई की मांग

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** क्षेत्र के ग्राम अल्लागंज में मस्जिद परिसर के अंदर हुए विवाद को लेकर एक पक्ष ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। शिकायतकर्ता करम तुल्ला, जिन्हें स्थानीय मस्जिद का सदर बताया गया है, ने आरोप लगाया है कि मस्जिद से जुड़े एक मुद्दे पर चर्चा के लिए लोगों को आमंत्रित किया गया था। इसी दौरान दूसरे पक्ष के कुछ लोग मस्जिद परिसर में पहुंचे और कथित रूप से गाली-गलौज करने लगे। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि उन्होंने मस्जिद के इमाम के प्रति भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया, जिससे दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ गया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर सदर करम तुल्ला के पुत्र ने बीच-बचाव कर अपने पिता को बचाने का प्रयास किया, इस दौरान उसके साथ मारपीट की गई। पीड़ित पक्ष ने सराफत, सिराज, सरताज, अनीक, सलमान, साजिद, अख्तर सहित कई लोगों को नामजद किया है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं गोला कोतवाली प्रभारी अम्बर सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### रेलवे स्टेशन के पास तेंदुआ दिखने से दहशत, ग्रामीणों ने शोर मचाकर खदेड़ा

**तिकुनिया-खीरी।** खैरटिया क्षेत्र में बीती रात रेलवे स्टेशन के निकट तेंदुआ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर की तेज आवाज और शोर मचाकर किसी तरह तेंदुए को वहां से भगा दिया। घटना के बाद से गांव के लोगों में भय व्याप्त है और रात के समय घरों से निकलने से लोग बच रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार रविवार रात करीब साढ़े दस बजे रेलवे स्टेशन के समीप नया पिंड जाने वाले रपटा पुल पर एक तेंदुआ टहलता हुआ दिखाई पड़ा। सबसे पहले कुछ ग्रामीणों की नजर उस पर पड़ी, जिसके बाद उन्होंने अन्य लोगों को सूचना दी। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। लोगों ने ट्रैक्टर की तेज आवाज और शोर मचाना शुरू किया, जिससे तेंदुआ घबराकर नदी की ओर भाग गया। ग्रामीण कमल सिंह ने बताया कि तेंदुआ काफी देर तक पुल के आसपास घूमता रहा। यदि समय रहते लोगों की नजर उस पर नहीं पड़ती तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था। तेंदुआ दिखने की घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से जल्द से जल्द तेंदुए को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर ले जाने की मांग की है, ताकि किसी अप्रिय घटना की आशंका समाप्त हो सके। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र चौधरी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद विभाग की टीम को मौके पर भेजा गया है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि तेंदुआ दिखाई देने पर उसके पास जाने या उसे घेरने का प्रयास न करें, बल्कि तुरंत वन विभाग को सूचना दें।

### गांधी चौक पर वसूली को लेकर बवाल, टेंपो चालक व स्टैंड कर्मियों में मारपीट



**महराजगंज।** नौतनवा कस्बे के व्यस्त गांधी चौक पर रविवार दोपहर टेंपो चालकों से कथित वसूली को लेकर हुए विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। टेंपो चालक और खुद को टैक्सी स्टैंड का नंबर लगाने वाला बताने वाले युवक के बीच शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। दोनों पक्षों के बीच सड़क पर हुई हाथापाई से चौराहे पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टेंपो चालक से स्टैंड पर नंबर लगाने के नाम पर पैसे की मांग की जा रही थी। चालक द्वारा विरोध करने पर दोनों पक्षों के बीच पहले तीखी बहस हुई, जिसके बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया। देखते ही देखते दोनों ओर से कई लोग आमने-सामने आ गए और सड़क पर जमकर हाथापाई होने लगी। घटना के दौरान गांधी चौक से ठूठीबारी मार्ग की ओर जाने वाले यात्रियों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। टेंपो में बैठे यात्री अपनी सुरक्षा के लिए वाहन छोड़कर आसपास की दुकानों और सुरक्षित स्थानों की ओर भाग गए। मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई, जिससे कुछ देर तक आवागमन बाधित रहा। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में गांधी चौक पर हुए हंगामे और हाथापाई के दृश्य दिखाई दे रहे हैं। हालांकि, समृद्धि न्यूज वायरल वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं करता है। स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप के बाद दोनों पक्षों को शांत कराया गया और मामला फिलहाल शांत हो गया। घटना के बाद चौराहे पर कुछ समय तक तनावपूर्ण माहौल बना रहा। इस घटना के बाद टेंपो स्टैंड पर कथित वसूली की व्यवस्था को लेकर भी स्थानीय लोगों में तरह-तरह की चर्चा होती रही।

### हलिया में पल्स पोलियो अभियान सफल, 138 बूथों पर 29,976 बच्चों को पिलाई गई खुराक

**हलिया (मिर्जापुर)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया के अंतर्गत चलाए गए राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को बड़े पैमाने पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने क्षेत्र के 138 बूथों पर कुल 29,976 बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने का प्रयास किया। अभियान में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को दवा पिलाई गई।घर-घर दस्तक देगी टीम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया कि बूथ पर छूटे बच्चों को चिन्हित कर घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इसके लिए स्वास्थ्य कर्मियों की टीमें गठित कर दी गई हैं।अभियान को सफल बनाने में, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने अहम भूमिका निभाई। जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी लोगों को जागरूक कर बूथ तक लाने में सहयोग किया।स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि यदि कोई बच्चा खुराक पीने से छूट गया हो तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या आशा कार्यकर्ता से संपर्क कर पोलियो ड्रॉप अवश्य पिलवाएं। पोलियो मुक्त भारत के लिए हर बच्चे का प्रतिरक्षित होना जरूरी है।

### मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 219 लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण



**हलिया, (मीरजापुर)।** हलिया ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। मेले में कुल 219 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराकर निशुल्क परामर्श और दवाएं प्राप्त कीं। पीएचसी हलिया में चिकित्सक विवेक खरे ने 51लोगों का उपचार किया इसी प्रकार पीएचसी मतवार में चिकित्सक कामेश्वर तिवारी ने 39,पीएचसी बरौंधा डॉक्टर अभिषेक जायसवाल ने 43पीएचसी ड्रमडगंज डॉक्टर बाल कृष्ण ने 45 लोग पीएचसी मुड़ेली में डॉक्टर मनीष कुमार ने 41 लोगो के सामान्य स्वास्थ्य जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर, एनीमिया, और मातृ-शिशु स्वास्थ्य संबंधी जांच की गई। चिकित्सकों ने मरीजों को बीमारियों से बचाव और योग के महत्व के बारे में भी जानकारी दी।प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया कि मेला का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। लोगों ने मेले में मिल रही सुविधाओं की सराहना की और कहा कि इससे उन्हें समय और पैसे दोनों की बचत हुई।इस दौरान फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा, स्टॉफनर्स माया आदि मौजूद रही।

### ट्रैक्टर ले जाने से मना करने पर परिवार पर हमला, मां-बेटों समेत 4 घायल

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सिकठा (हरदी) गांव में जोते खेत से ट्रैक्टर ले जाने से मना करने पर दो लोगों ने एक परिवार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घटना में महिला समेत 4 लोग घायल हो गए। पीड़िता ने हलिया थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। सिकठा (हरदी) निवासी शकुंतला पत्नी श्रवण कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 24 जून 2026 को शाम करीब 6 बजे हीरालाल पुत्र मगरू और मगरू पुत्र मीरू, निवासी सिकठा (हरदी) उनके जोते खेत से ट्रैक्टर ले जा रहे थे। मना करने पर दोनों लाठी-डंडा लेकर उनके बेटे सर्वेश और प्रवेश पुत्र श्रवण कुमार को मारने लगे। बीच-बचाव करने पर पति-पत्नी को भी पीटा शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे पति श्रवण कुमार और खुद शकुंतला को भी आरोपियों ने मारना शुरू कर दिया। हमले में सर्वेश की कमर, गर्दन और बांह में चोट आई है। प्रवेश के सिर में गंभीर चोट लगने से सिर फट गया और पूरे बदन पर चोट के निशान हैं। पति श्रवण कुमार के हाथ और मस्तिष्क पर चोट आई है, जबकि शकुंतला के पेट में भी चोट लगी है। पीड़िता का आरोप है कि हमलावरों ने भद्दी-भद्दी गालियां दीं और जान से मारने की धमकी भी दी।जिस पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गयी है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

---

**फरधान और निघासन में पल्स पोलियो अभियान शुरू**

# पांच साल तक के बच्चों को पिलाई गई दो बूंद जिंदगी की दवा

▸ **जनप्रतिनिधियों ने दिलाई बच्चों को पोलियो की खुराक, छूटे बच्चों तक घर-घर पहुंचेगी स्वास्थ्य टीम**

**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



जिले के फरधान और निघासन क्षेत्र में रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। %दो बूंद हर बार, पोलियो पर जीत इस बार% थीम पर चल रहे इस अभियान के तहत जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो बूंद पिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की कि पांच वर्ष तक का कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे।

फरधान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अभियान का शुभारंभ सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमित बाजपेई की मौजूदगी में भाजपा फरधान मंडल अध्यक्ष रंजीत वर्मा, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष तुषार त्रिवेदी और मंडल उपाध्यक्ष आनंद शुक्ला ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया। शुभारंभ के दौरान केंद्र पहुंचे पांच नवजात शिशुओं और दो से पांच वर्ष आयु वर्ग के 12 बच्चों को दवा पिलाई गई। डॉ. अमित बाजपेई ने बताया कि अभियान के तहत क्षेत्र के सभी पोलियो बूथों पर टीमें तैनात की गई हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि शून्य से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को निकटतम बूथ पर ले जाकर पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य पोलियो उन्मूलन की उपलब्धि को स्थायी बनाए रखना है। वहीं सीएचसी निघासन में अभियान का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमनदीप सिंह ने एक बच्चे को पोलियो की खुराक पिलाकर किया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. कुलदीप सिंह ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी के पूर्ण उन्मूलन के लिए प्रत्येक पात्र बच्चे तक दवा पहुंचाना जरूरी है। उन्होंने बताया कि बूथ दिवस के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर उन बच्चों को भी दवा पिलाएंगी, जो किसी कारणवश बूथ तक नहीं पहुंच सके। पीएचसी बेलरायां में चिकित्सा प्रभारी डॉ. दिवाकर गिरी की देखरेख में भी पोलियो बूथ संचालित किया गया। यहां बड़ी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों को लेकर पहुंचे और सैकड़ों बच्चों को पोलियो रोधी दवा की खुराक पिलाई गई। अभियान के दौरान चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। स्वास्थ्य विभाग ने अपील की कि यदि किसी कारण से कोई बच्चा बूथ पर दवा नहीं पी सका है तो घर पहुंचने वाली स्वास्थ्य टीम को अवश्य दवा पिलाएं, ताकि क्षेत्र का कोई भी पात्र बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। विभाग के अनुसार अभियान का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे तक पोलियो रोधी दवा पहुंचाकर देश को पोलियो मुक्त बनाए रखना है।

# एक ही रात में दो घरों में लाखों की चोरी, ग्रामीणों में दहशत



▸ **नौसर जोगी गांव में नकदी और जेवरात समेट ले गए चोर, पुलिस जांच में जुटी**

**बिजुआ, खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

भीरा थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। शनिवार रात नौसर जोगी गांव में चोरों ने दो अलग-अलग घरों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत और पुलिस व्यवस्था को लेकर नाराजगी है।

गांव निवासी राहुल वर्मा पुत्र ओमप्रकाश वर्मा ने बताया कि शनिवार रात परिवार के लोग छत और दरवाजे पर सो रहे थे। इसी दौरान चोर पेड़ के सहारे घर में दाखिल हुए और अलमारी का ताला तोड़कर करीब 70 हजार रुपये नकद, एक रानी हार, एक छोटा हार, झुमकी, कुंडल, दो सोने की चेन तथा सात सोने की अंगूठियां चोरी कर ले गए। सुबह उठने पर अलमारी खुली और सामान बिखरा मिला, तब घटना की जानकारी हुई।

इसी रात गांव के ही पतिराखन लाल पुत्र श्रीराम के घर चोरों ने दीवार में नकब लगाकर प्रवेश किया। परिजन घर में सोते रहे और चोर आराम से वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। पीड़ित के अनुसार चोर नवविवाहिता बहू के करीब 5.80 लाख रुपये के जेवर, पत्नी के लगभग तीन लाख रुपये के जेवर तथा हाल ही में वाहन बिक्री से प्राप्त 2.50 लाख रुपये नकद चोरी कर ले गए। बताया गया कि छह माह पूर्व हुई शादी के अधिकांश जेवर भी चोरी हो गए।

घटना की सूचना पर भीरा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी। सुबह करीब पांच बजे क्षेत्राधिकारी गोला भी मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल का निरीक्षण कर शीघ्र खुलासे का आश्वासन दिया।

थाना प्रभारी रोहित दुबे ने बताया कि दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

**लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाएं:** भीरा थाना क्षेत्र में बीते कुछ समय से चोरी की घटनाओं में लगातार इजाफा हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व की कई घटनाओं का अब तक खुलासा नहीं हो सका है, जिससे चोरों के हौसले बढ़े हैं। लोगों ने पुलिस प्रशासन से प्रभावी रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरी की घटनाओं का शीघ्र खुलासा करने की मांग की है।

## मैलानी में नवविवाहिता का शव फंदे से लटका मिला, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार



**लखीमपुर-खीरी।** मैलानी थाना क्षेत्र के गांव खैरताली ग्रांट नंबर-11 में रविवार सुबह एक नवविवाहिता का शव उसके कमरे में छत के कुंडे से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच की जा रही है। मृतका की पहचान सीमा देवी, पत्नी अरुण कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार घटना के समय सीमा घर पर अकेली थीं। उनके पति बांकेगंज में मजदूरी करने गए थे, जबकि परिवार के अन्य सदस्य खेतों में काम कर रहे थे। बताया गया कि सुबह जब सीमा की सास घर लौटीं तो उन्होंने कमरे में सीमा को फंदे से लटका देखा। इसके बाद परिवार के लोगों और ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई तथा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही बांकेगंज चौकी प्रभारी अंकुर कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए नायब तहसीलदार की मौजूदगी में घटनास्थल का निरीक्षण किया गया और आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया। बांकेगंज चौकी प्रभारी अंकुर कुमार ने बताया कि मृत्यु के कारणों का स्पष्ट पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## कोचों की कमी से दम तोड़ रही खेल प्रतिभाएं, कई खेलों के खिलाड़ी तकनीकी प्रशिक्षण से वंचित

**महराजगंज।** जिला स्टेडियम में विभिन्न खेलों के प्रशिक्षकों की कमी का खामियाजा खिलाड़ियों को भुगतना पड़ रहा है। कई खेलों में कोच न होने के कारण खिलाड़ी नियमित और तकनीकी प्रशिक्षण से वंचित हैं, जिससे उनकी प्रतियोगी तैयारियां प्रभावित हो रही हैं। इसका सीधा असर जिले की उभरती खेल प्रतिभाओं के प्रदर्शन और भविष्य पर पड़ रहा है। वर्तमान में स्टेडियम में हॉकी, एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल और कुश्ती के लिए प्रशिक्षक तैनात हैं, जबकि बैडमिंटन, कबड्डी, क्रिकेट, बॉक्सिंग, ताइक्वांडो और खो-खो जैसे प्रमुख खेलों के लिए प्रशिक्षकों के पद रिक्त हैं। इन खेलों से जुड़े खिलाड़ियों को विशेषज्ञ मार्गदर्शन नहीं मिल पा रहा है, जिसके कारण उन्हें अपनी तकनीकी कमजोरियों को दूर करने और प्रतियोगिताओं की बेहतर तैयारी करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। खिलाड़ियों का कहना है कि उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं में सफलता के लिए नियमित अभ्यास के साथ प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन भी आवश्यक होता है। कोच के अभाव में उन्हें स्वयं अभ्यास करना पड़ता है, जिससे प्रदर्शन में अपेक्षित सुधार नहीं हो पा रहा है। खिलाड़ियों ने संबंधित विभाग से जल्द से जल्द रिक्त पदों पर प्रशिक्षकों की नियुक्ति करने की मांग की है, ताकि जिले की खेल प्रतिभाओं को बेहतर प्रशिक्षण मिल सके और वे प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर सकें।

# 21 दिन बाद पिंजरे में कैद हुआ आदमखोर तेंदुआ, 8 वर्षीय शुभम पर किया था जानलेवा हमला

**ईसानगर, खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



धौरहरा वन रेंज क्षेत्र के रायपुर ग्राम पंचायत के लालजी पुरवा में आठ वर्षीय मासूम शुभम यादव की जान लेने वाला तेंदुआ आखिरकार 21 दिन बाद वन विभाग के लगाए पिंजरे में कैद हो गया। रविवार तड़के तेंदुए के पकड़े जाने से गांव और आसपास के इलाके के लोगों ने राहत की सांस ली, हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में अभी भी अन्य तेंदुओं की मौजूदगी की आशंका बनी हुई है।

गौरतलब है कि 7 जून को लालजी पुरवा निवासी आठ वर्षीय शुभम यादव पर तेंदुए ने उस समय हमला कर दिया था, जब वह पिता के साथ खेत गया था। हमले में मासूम की दर्दनाक मौत हो गई थी। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शव सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया था तथा तेंदुए को पकड़ने और प्रभावी कार्रवाई की मांग की थी। प्रशासनिक अधिकारियों एवं क्षेत्रीय विधायक के आश्वासन के बाद परिजन शांत हुए और पोस्टमार्टम के उपरांत शव का अंतिम संस्कार किया गया था।

घटना को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी और डीएफओ नॉर्थ के निर्देश पर वन विभाग ने संभावित क्षेत्रों में चार पिंजरे लगाए और ट्रैप कैमरे भी स्थापित किए। इस दौरान तेंदुआ कई बार पिंजरों के आसपास मंडराया, लेकिन भीतर नहीं घुसा। उसकी गतिविधियां लगातार ट्रैप कैमरों में कैद होती रहीं और वन विभाग की टीम चौबीसों घंटे निगरानी व रेस्क्यू अभियान में जुटी रही।

शनिवार देर रात शिकार के लालच में तेंदुआ पिंजरे के भीतर पहुंच गया और कैद हो गया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और उसे सुरक्षित कब्जे में लेकर धौरहरा वन रेंज कार्यालय ले गई। तेंदुए के पकड़े जाने के साथ ही 21 दिनों से चल रहा रेस्क्यू अभियान सफलतापूर्वक पूरा हो गया। दुधवा बफर जोन की उप निदेशक कीर्ति चौधरी ने बताया कि पकड़ा गया तेंदुआ करीब सात वर्ष का वयस्क नर है और यही वह तेंदुआ है जिसने मासूम शुभम पर हमला किया था। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण के लिए चिकित्सकीय टीम बुलाई गई है। परीक्षण के बाद सक्षम अनुमति मिलने पर तेंदुए को सुरक्षित स्थान पर भेजने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। हालांकि तेंदुए के पकड़े जाने के बाद भी ग्रामीण पूरी तरह निश्चिंत नहीं हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में अभी भी अन्य तेंदुओं की मौजूदगी की आशंका है। जब तक सभी तेंदुओं को पकड़ नहीं लिया जाता, तब तक गांव के लोगों में भय का माहौल बना रहेगा।

# प्रभावी पैरवी और सशक्त विवेचना से अपराधियों को जल्द सजा दिलाने पर जोर

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



जिले में विचाराधीन मुकदमों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तथा अपराधियों को समयबद्ध सजा दिलाने के उद्देश्य से रविवार को पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) सिद्धार्थ एवं ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी संजय शुक्ला की अध्यक्षता में कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें अभियोजन एवं विवेचना पक्ष के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर न्यायिक प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने की रणनीति तैयार की गई। कार्यशाला में लंबित मुकदमों की नियमित समीक्षा, प्रभावी पैरवी, समयबद्ध विवेचना, गवाहों की समय पर न्यायालय में उपस्थिति तथा आवश्यक अभिलेखों के समय से प्रेषण पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि मजबूत साक्ष्य और सशक्त पैरवी के माध्यम से अपराधियों को शीघ्र दंड दिलाना प्राथमिकता है। एएसपी सिद्धार्थ ने सभी क्षेत्राधिकारियों, प्रभारी निरीक्षकों एवं थानाध्यक्षों को निर्देश दिए कि प्रत्येक थाने पर विचाराधीन मुकदमों की नियमित समीक्षा की जाए तथा गंभीर एवं संवेदनशील मामलों में विशेष रुचि लेकर प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने प्रत्येक मुकदमे में आवश्यक साक्ष्य एवं अभिलेख समयबद्ध ढंग से प्रस्तुत करने तथा नियमित समीक्षा के माध्यम से कमियों को समय रहते दूर करने पर बल दिया। कार्यशाला में न्यायालयीन कार्यवाही के दौरान आने वाली व्यावहारिक समस्याओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई तथा उनके समाधान के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। अधिकारियों ने न्यायिक प्रक्रिया को अधिक प्रभावी एवं परिणाममुखी बनाने के लिए समन्वित प्रयासों पर जोर दिया। इस मौके पर पीओ प्रवेंद्र दिवाकर, एपीओ सौरभ सिंह, जनपद के सभी क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, थानों पर नामित पैरवी अधिकारी, न्यायालय पैरोकार एवं कोर्ट मुहर्रिर उपस्थित रहे।

## अभियान चलाकर विद्युत विच्छेदन व वकाया वसूली की गई

▸ **638 विद्युत बकायेदारों का विद्युत विच्छेदन, 20.5 लाख की राजस्व वसूली की गई**

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



आज रविवार को जनपद के 32 बिजली घर से आने वाले सभी हाईलास फीडर के क्षेत्रो में बिजली बकायेदारों से वसूली और विद्युत चोरी रोकने का अभियान चलाया गया। इस अभियान में लगभग 935 घरेलू परिसर और 1428 कमर्शियल और 25 औद्योगिक परिसर की जांच किया गया। जांच के दौरान 638 उपभोक्ताओं की बिजली बिल बकाया होने पर विद्युत विच्छेदन किया गया एवं 20.5 लाख की राजस्व वसूली की गई और बड़े बकायेदार शिव पार्वती राइस मिल पिपरा खाल बकाया (18लाख) और जांगीलाल राइस मिल पनियरा(14लाख) के विरुद्ध धारा 3 की नोटिस घर पर चस्पा कराया गया और कहा गया कि बिल अपना 30 जून तक नहीं जमा करते हैं तो उनके खिलाफ धारा -5 की कार्रवाई की जायेगी। आठ ऐसे उपभोक्ता हैं जो॰ष्ट बाईपास करते हुए पाए गए उनके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया जा रहा है। इस सम्बन्ध में वाई पी सिंह अधीक्षण अभियंता ने निर्देशित किया कि शाम 7 से से रात 10:00 बजे तक सभी कर्मचारी अधिकारी अपने फील्ड में दौड़ा करेंगे और जहां भी पानी का मोटर कटिया के माध्यम से प्रयोग किया जाएगा उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाय इस प्रकार यह अभियान अधीक्षण अभियंता वाई पी सिह के निर्देश के अनुसार दिनांक 30 जून 2026 तक लगातार चलेगा । उन्होंने कहा कि सभी उपभोक्ता अपने विद्युत बकाये को ऑनलाइन या नजदीकी बिजली घर /जन सेवा केन्द्र पर जाकर जमा करे जिससे प्रचंड गर्मी में विद्युत विच्छेदन कि कार्यवाही से बचा जा सके और उन्होंने बताया इस समय बेहतर विद्युत आपूर्ति और बेहतर राजस्व संग्रह ही विद्युत विभाग की प्रथमिकता है।

### सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत, चार घायल

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के वाराणसी रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 स्थित भैसौड़ वलाय पहाड़ गांव में शनिवार की देर रात्रि हुए एक भीषण सड़क हादसे में कटनी जिले के बरही थाना क्षेत्र निवासी दंपती की मौत हो गई, जबकि कार में सवार चार अन्य लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज चल रहा है, जिसमें एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतकों की पहचान 35 वर्षीय विकास और उनकी 31 वर्षीया पत्नी सोनम, निवासी बरही, जिला कटनी, मध्यप्रदेश के रूप में हुई है। घटना में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में कार चालक 23 वर्षीय हीरालाल निवासी छिबिया, कटनी, 27 वर्षीय हिमांशु निवासी उचेहरा, जिला सतना, 17 वर्षीय सक्षम निवासी नागौद और 40 वर्षीया राधा पत्नी प्रह्लाद निवासी नागौद घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## जनहित संकल्प पार्टी ने मड़िहान तहसील पर सौंपा ज्ञापन

**राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज़।**



जनहित संकल्प पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आर. एस. पटेल के नेतृत्व में सोमवार को राजगढ़ के पटेल नगर तिराहे पर स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके अलावा जय सरदार जय सरदार के नारे भी कार्यकर्ताओं ने लगाई। इस दौरान जिला अध्यक्ष विक्रम पटेल एवं घोरावल विधानसभा प्रभारी डॉ. अरविंद पटेल सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। माल्यार्पण कार्यक्रम के उपरांत हजारों कार्यकर्ताओं के साथ जनहित संकल्प पार्टी का काफिला मड़िहान तहसील के लिए रवाना हुआ। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की मौजूदगी और वाहनों के कारण क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन भी सक्रिय रहा। पार्टी का चुनाव चिन्ह टेंपो होने के कारण बड़ी संख्या में कार्यकर्ता टेंपो वाहनों के माध्यम से मड़िहान तहसील पहुंचे और पार्टी की नीतियों के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की। इस दौरान कुंवर विक्रम सिंह, संतोष सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, अजय कुमार सहित हजारों कार्यकर्ताओं ने तहसील पहुंचकर अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी (एसडीएम) को सौंपा। इसके साथ ही पार्टी नेताओं ने घोषणा की कि आगामी 1 जुलाई को जनहित संकल्प पार्टी एवं सरदार सेना का काफिला राजगढ़ स्थित पटेल नगर तिराहे से सोनभद्र के लिए रवाना होगा। इस अभियान के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ता ग्रामीणों, किसानों और युवाओं को जोड़ते हुए पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेंगे तथा हर वर्ग के हितों के लिए संघर्ष जारी रखेंगे।

## हलिया मंडल के 93 बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना 'मन की बात'



**हलिया (मिर्जापुर)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का प्रसारण रविवार को सुबह 11 बजे हुआ। भाजपा मंडल हलिया के कार्यकर्ताओं ने मंडल के 93 बूथों पर सामूहिक रूप से कार्यक्रम को सुना।मंडल अध्यक्ष दिनेश कुमार अग्रहरि के आह्वान पर सभी शक्ति केंद्र संयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी, मोर्चों के पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने बूथों पर टीवी, रेडियो और नमो ऐप के माध्यम से कार्यक्रम सुना।इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संबोधन को ध्यान से सुना और श्मन की बातश् में बताए गए प्रेरणादायक प्रसंगों व सामाजिक सरोकारों पर चर्चा की। कई बूथों पर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम के बाद मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी साझा की।मंडल अध्यक्ष ने बताया कि मन की बात के जरिए प्रधानमंत्री सीधे जनता से जुड़ते हैं और देश के कोने-कोने से सकारात्मक कार्यों को पहचान दिलाते हैं। सभी 93 बूथों पर कार्यक्रम सुनने की व्यवस्था की गई थी और कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया।